e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 08

बुधवार

08.01.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

हर समय अच्छा होता है बस प्रत्येक इंसान सोच का कच्चा होता है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### महाराष्ट्र में चार पहिया वाहनों के लिए फास्ट टैग अनिवार्य किया गया

**मुंबई :** महाराष्ट्र में सभी चार पहिया वाहनों के लिए फास्ट टैग अनिवार्य करने का निर्णय मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में लिया गया है। यह निर्णय 1 अप्रैल, 2025 से लागू किया जाएगा। इस निर्णय से ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात के साथ ईंधन और समय की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि यदि चार पहिया वाहन चालकों ने तय समय के अंदर फास्ट टैग नहीं करवाया तो उसे दोगुना शुल्क का भुगतान करना होगा। महाराष्ट्र में 22 राज्य संचालित राजमार्गों फास्ट टैग लागू किया जाएगा। फास्ट टैग नीति 2021 से ही भारत के राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राष्ट्रीय राजमार्गों के लिए लागू की गई है। इसे अब राज्य के राजमार्गों और टोल प्लाजा के लिए भी अनिवार्य किया गया है।

### सीआरपीएफ के महानिदेशक, डीजीपी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने आईईडी विस्फोट घटनास्थल का लिया जायजा

**बीजापुर :** जिले के ग्राम अम्बेली में आईईडी विस्फोट घटनास्थल का मंगलवार को सीआरपीएफ के महानिदेशक वितुल कुमार, छत्तीसगढ़ के डीजीपी अशोक जुनेजा, एडीजीपी विवेकानंद, आईजी सीआरपीएफ राकेश अग्रवाल, बस्तर आईजी सुंदरराज पी. सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने जायजा लिया। सीआरपीएफ के महानिदेशक वितुल कुमार बीजापुर में हुए नक्सली हमले की समीक्षा करेंगे। साथ ही सुरक्षा शिविरों का भी दौरा कर सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर यह आंकलन करते रहे कि कहां चूक हुई, कितने दूर तक वायर बिछाया गया था, सारी चीजों का जायजा लेते रहे। इस दौरान डीआईजी कमलोचन कश्यप, बीजापुर एसपी डॉ.जितेन्द्र यादव सहित जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।बता दें 6 जनवरी को आईईडी विस्फोट में आठ जवान सहित एक सिविलियन वाहन चालक बलिदान हो गए थे।विस्फोट इतना भयानक था, कि शहीद जवानों के शव कई टुकड़ों में विभक्त हो गए थे, जबकि जवानों से भरी स्कार्पियों के परखच्चे उड़ गए और वाहन के कलपुर्जे करीब 40 फीट ऊपर उछलकर पेड़ पर जा लटके मिले।

### एचएमपीवी वायरस को लेकर हिमाचल अलर्ट, स्वास्थ्य विभाग ने की तैयारियां

**शिमला :** देश में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के मामलों में बढ़ोतरी के चलते हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। अब तक राज्य में वायरस का कोई मामला सामने नहीं आया है। लेकिन स्वास्थ्य सचिव ने सभी अस्पतालों और जिला स्वास्थ्य अधिकारियों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह एक सामान्य वायरस है। लेकिन बच्चों, बुजुर्गों और कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है।देश के विभिन्न राज्यों में एचएमपीवी के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी राज्यों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव एम सुधा ने भी इस संबंध में एक बैठक आयोजित की।

### देश की अर्थव्यवस्था मौजूदा वित्त वर्ष में 6.4 फीसदी की दर से बढ़ेगी : एनएसओ

**नई दिल्ली :** चालू वित्त वर्ष 2024-25 में देश की सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की अर्थव्यवस्था 8.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी।सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अग्रिम अनुमान जारी किया। इसमें बताया गया है कि वास्तविक जीडीपी इस वित्त वर्ष में 6.4 फीसदी की दर से बढ़ने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए जीडीपी वृद्धि दर का अस्थायी अनुमान 8.2 फीसदी रहने की बात कही गई है। ऐसे में जीडीपी ग्रोथ बीते चार साल मे पहली बार 7 फीसदी से नीचे आ सकती है।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 24⁰ |
| न्युनतम | 13⁰ |

### चुनाव आयोग दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का किया एलान

# दिल्ली में 5 फरवरी को इलेक्शन, 8 को रिजल्ट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी 2025 को मतदान होगा। 8 फरवरी 2025 को मतगणना होगी।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि हम पर यह सवाल उठाए गए कि शाम पांच बजे के बाद कैसे मतदान का आंकड़ा बढ़ जाता है? करोड़ों वोट कैसे बढ़ जाते हैं? यह ध्यान रखना होगा कि सुबह 9:30 बजे, 11:30, दोपहर 1:30, 3:30 और शाम 5:30 बजे के बीच सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान का आंकड़ा इकट्ठा करते हैं। वोटिंग खत्म होने के समय फॉर्म 17-सी दिया जाता है। जब शाम 7:30 बजे तक अधिकारी तक सारी मशीनें इकट्ठा करता है, तब उसके मतदान केंद्र का अंतिम आंकड़ा पता चल पाता है, जबकि हमसे कहा जाता है कि छह बजे ही आंकड़ा बता दें। लोग ये भूल जाते हैं कि दुनिया के बड़े देशों में तो एक-एक महीना मतगणना चल रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले ईवीएम में नई बैटरी डाली जाती है। उसी दिन उसे सील किया जाता है। जिस दिन मतदान होता है, उस दिन सील पोलिंग एजेंट के सामने तोड़ी जाती है। मॉक पोल किया जाता है। पोलिंग एजेंट रिकॉर्ड रखते हैं कि कौन आया, कौन गया। किसमें कितने वोट पड़े, इसकी संख्या उनको दी जाती है। काउंटिंग के दिन भी पूरी प्रक्रिया दोहराई जाती है। फॉर्म 17 सी से मिलान होता है। उसके बाद किसी भी पांच वीवीपैट से भी मिलान किया जाता है। हमारी प्रक्रिया पर कई बार सवाल उठाए गए हैं।चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि भारतीय मतदाता बेहद जागरूक हैं। मतदाता सूचियों को लेकर अब भी कहानियां चल रही हैं। करीब 70 सीटें हैं। जिसमें राजनीतिक दल और उम्मीदवार हमारे साथ रहते हैं, जितने भी दावे और आपत्तियां आती हैं। उन्हें सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाता है। फॉर्म सात के बिना नाम नहीं हटाया जा सकता।

### अबकी बार दिल्ली में बनेगी डबल इंजन की सरकार : भाजपा

नई दिल्ली : दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने मंगलवार को कहा कि जिस दिन का हर दिल्लीवाले को इंतजार था, आखिरकार चुनाव आयोग ने वह तारीख घोषित कर दी। उन्होंने कहा कि 5 फरवरी को दिल्ली के 1,55,24,958 मतदाता एक नई बेहतर और खूबसूरत दिल्ली बनाने वाले विजन को वोट करेंगे और 8 फरवरी को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कमल का फूल खिलेगा और दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी।वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि जो लोग झूठ का गुब्बारा फूला रहे थे और चुनाव अधिकारियों को धमका कर राजनीतिक दवाब बना रहे थे, अब आचार संहिता लागू हो जाने के कारण आज उन सब के मुंह पर ताला लग गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जो तारीख बताई गई है उसका भाजपा स्वागत करती है और निःसंदेह दिल्ली की जनता भी ऐसी भ्रष्टाचारी और दिल्ली को लूटने वाली आप-दा सरकार को सत्ता से भगाने के लिए संकल्पित है।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इस पूरे चुनाव के लिए 13033 बूथों पर हमारे कार्यकर्ता हैं और डोर टू डोर लोगों से संपर्क करना, वोटर लिस्ट की जांच करना और दिल्ली की जनता से केजरीवाल सरकार की 10 सालों की नाकामी से अवगत कराने का काम कर रहे हैं। दिल्ली की जनता की जो आवाज आ रही है, वह परिवर्तन की बदलाव की आवाज है। वह भाजपा सरकार के पक्ष में आवाज है, इसलिए दिल्ली से अब आप-दा जा रही है और भाजपा आ रही है।



### जनता का विश्वास हमारे साथ, हम जरूर जीतेंगे: केजरीवाल

नई दिल्ली : चुनाव आयोग ने मंगलवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान का आम आदमी पार्टी ने स्वागत किया है। पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं ने अपने कार्यकर्ताओं को अब कमर कस कर चुनावी मैदान में पूरी ताकत के साथ उतरने का आह्वान किया है। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीख़ का ऐलान हो चुका है। सभी कार्यकर्ता पूरी ताक़त और जोश के साथ मैदान में उतरने के लिए तैयार हो जाएं। आपके जुनून के आगे इनके बड़े-बड़े तंत्र फ़ेल हो जाते हैं। आप ही हमारी सबसे बड़ी ताक़त हैं। उन्होंने कहा कि यह चुनाव काम की राजनीति और गाली-गलौज की राजनीति के बीच होगा। दिल्ली की जनता का विश्वास हमारी काम की राजनीति के साथ ही होगा। हम ज़रूर जीतेंगे। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोग एक बार फिर से अपने परिवार के लोगों को अच्छा स्वास्थ्य देने वाले मुख्यमंत्री को चुनेंगे। दिल्ली की जनता एक बार फिर से उन्हें 24 घंटे और जीरो बिजली बिल देने वाले नेता को चुनेंगे। सिसोदिया ने कहा कि दिल्ली के लोग एक बार फिर से 5 फरवरी को उनके परिवारों को मुफ्त तीर्थयात्रा कराने वाले, महिलाओं को बसों में मुफ्त यात्रा कराने वाले और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को ईमानदारी से लागू करने वाले केजरीवाल को ही चुनेंगे।

# 24 फरवरी से 27 मार्च तक चलेगा बजट सत्र

### हेमंत सोरेन कैबिनेट ने नौ प्रस्तावों पर लगायी मुहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई. इसमें नौ प्रस्तावों पर मुहर लगी. कैबिनेट ने 24 फरवरी से 27 मार्च के बीच बजट सत्र के प्रस्ताव को मंजूरी दी. प्रोजेक्ट भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मंत्री दीपक बिरूवा और दीपिका पांडेय समेत अन्य मंत्री मौजूद थे. झारखंड कैबिनेट ने नौ प्रस्तावों को हरी झंडी दी। बैठक में षष्ठम झारखंड विधानसभा का दूसरा बजट सत्र 24 फरवरी से 27 मार्च 2025 तक बुलाने,प्रीबजट कार्यशाला के आयोजन के लिए वित्त नियमावली के नियम-235 को शिथिल करते हुए नियम-245 के तहत रांची के संत जेवियर कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सीमा अखौरी एवं उनकी टीम को मनोनयन के आधार पर नॉलेज पार्टनर के रूप में चयनित करने,झारखंड में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देवघर जिले में नया एम्स स्थापित करने के लिए झारखंड सरकार एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के साथ किए जाने वाले एमओयू प्रारूप की स्वीकृति दी गयी. साथ ही झारखंड अवर शिक्षा सेवा के पूर्व में सृजित पदों के आलोक में वर्त्तमान आवश्यकतानुसार पदों के चिन्हितीकरण करने,झारखंड के महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के चयन एवं नियुक्ति नियमावली-2024 का गठन करने,झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन के आलोक में सदन प्रसाद (तत्कालीन प्रशाखा पदाधिकारी, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड) फिलहाल सेवानिवृत्त को आर्थिक लाभ सहित भूतलक्षी प्रभाव से अवर सचिव कोटि के पद पर प्रोन्नति देने,अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989 की संशोधित धारा-14 के प्रावधानों के तहत अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-1, नगर उंटारी (गढ़वा) के न्यायालय को विशेष न्यायालय पदभिहित करने,झारखंड परिचारिका गैर-शैक्षणिक संवर्ग (नियुक्ति, प्रोन्नति एवं अन्य सेवाशर्त्त) नियमावली-2025 के गठन, झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों में प्रबंध निदेशक एवं निदेशक के पदों पर नियुक्ति के लिए किए गए प्रावधानों में आंशिक संशोधन करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी.

# तिब्बत में भूकंप ने मचाई तबाही, 100 की मौत

### भारत, नेपाल, बांग्लादेश और चीन मैं भी महसूस किया गया भूकंप के झटके



**एजेंसी**

**नयी दिल्ली :** तिब्बत के एक क्षेत्र में मंगलवार सुबह आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की तादाद बढ़कर 100 हो गई है.

इस भूकंप के झटके हिमालय के पार नेपाल, भूटान और उत्तरी भारत के कुछ हिस्सों में भी महसूस किए गए. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, 7.1 तीव्रता का यह भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 9ः05 बजे 10 किलोमीटर (6.2 मील) की गहराई पर आया और इसके बाद 40 से ज्यादा आफ्टरशॉक्स भी आए. इस भूकंप की शक्ति ने हिमालयी गांवों में घरों को गिरा दिया, पास के तिब्बती पवित्र शहर को हिला दिया और माउंट एवरेस्ट बेस कैंप में आए पर्यटकों को भी झकझोर दिया. इस घटना में 200 से अधिक लोग घायल हैं, जिनका इलाज नजदीकी अस्पताल में चल रहा है. ड्रोन की मदद लेकर घर के अंदर मलबे में फंसे लोगों को बचाने का काम किया जा रहा है. वहां इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई है. चीन की सेना रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है. पूरे उत्तर भारत में मंगलवार सुबह 6:35 मिनट पर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. 7.1 की तीव्रता से आए इस भूकंप से पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य के लोग तो सुबह-सुबह दहशत में आ ही गए. असम से लेकर बिहार, मध्य प्रदेश और झारखंड में भी महसूस किए गए. केवल भारत ही नहीं नेपाल, बांग्लादेश, चीन भी इस भूकंप की चपेट में आ गए.भूकंप की तीव्रता इतनी तेज थी कि सर्द रातों के बीच घर पर सो रहे लोग की नींद टूट गई. कुछ इलाकों में लोग डर से कांपते हुए नजर आए.

# इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य को प्राथमिकता दें सभी उपायुक्तः मुख्य सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने राज्य के सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्यों को प्राथमिकता देकर उनमें आ रही रुकावटों को जिला स्तर पर ही दूर करें। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कारणों से प्रोजेक्ट रुक जाते हैं। उसकी लागत भी अनावश्यक रूप से बढ़ती है। इससे रिसोर्स का और राज्य का नुकसान होता है। अगर, थोड़ा सा अतिरिक्त ध्यान दिया जाये, तो जिला स्तर पर ही समस्या का समाधान हो जायेगा। वह मंगलवार को राज्य में नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, रेलवे ओवरब्रिज और राज्य सड़क निर्माण विभाग की उन योजनाओं की समीक्षा कर रहीं थीं, जो मुआवजा, भूमि अधिग्रहण, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विधि व्यवस्था जैसे कारणों से बाधित हैं।बताते चलें कि राज्य में एनएचएआइ की 38 हजार 483 करोड़ की योजनाएं चल रही हैं।





वहीं अनेक रेलवे ओवरब्रिज का काम भी जारी है। राज्य सरकार की सड़कों का विस्तार और चौड़ीकरण की भी हजारों किलोमीटर का काम चल रहा है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि प्रोजेक्ट पूरा होने में देरी से राज्य को केंद्र से सड़क निर्माण की नई योजनाएं मिलने में दिक्कत हो रही है। राज्य में सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, फॉरेस्ट क्लियरेंस और विवाद है। मुख्य सचिव ने समीक्षा के दौरान जब इस बाबत संबंधित उपायुक्तों का पक्ष जाना, तो लगभग सभी ने कुछ दिन और महीने के भीतर निर्माण में आ रही रुकावटों को दूर करने की बात कही। मुख्य सचिव ने स्पष्ट किया कि जो समयसीमा उपायुक्तों ने समस्या समाधान के लिए तय किया है, वे उसका पूरी क्षमता से पालन करें। ससमय रुकावट दूर करें। समस्या समाधान के लिए तय समय में बढ़ोत्तरी नहीं की जाएगी।

#### सभी विभागों से समन्वय बना कर निकालें समाधान

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी उपायुक्त जिला स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों को प्राथमिकता देते हुए उसकी सतत निगरानी करें। अनावश्यक बाधा पहुंचाने वालों पर कार्रवाई करें। लगातार सभी विभागों से समन्वय बनाते हुए तय समय पर योजना पूरी कराएं। इंफ्रास्ट्रक्चर के कामों की बाधा को तत्काल दूर करें। विधि व्यवस्था, फॉरेस्ट क्लियरेंस और मुआवजा भुगतान के कारण कोई काम नहीं रुकना चाहिए।

#### बैठक में इनकी रही उपस्थिति

समीक्षा के दौरान पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर समेत एनएचएआइ, वन विभाग आदि के अधिकारी भी मौजूद थे। वहीं सभी संबंधित उपायुक्त वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

# झारखंड में ठंड से राहत नहीं, छाया रहेगा कोहरा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची** : झारखंड में इन दिनों ठंड का कहर जारी है। रुक-रुक कर चल रही हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। गुमला, खूंटी और हजारीबाग सहित कई जिलों का तापमान 10 डिग्री से नीचे चल रहा है। शाम में चल रही शीतलहर ने लोगों को घरों में कैद रहने को मजबूर कर दिया है।मौसम विभाग के मुताबिक, अभी ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। रांची का तापमान एक बार फिर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे जा सकता है। बुधवार को उत्तर पश्चिमी और दक्षिणी पूर्वी भागों में घना



कोहरा छाया रह सकता है। राज्य में अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इसके बाद अगले तीन दिन 2-3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इस दौरान कई इलाकों में सुबह घना कोहरा देखने को मिलेगा। इनमें गुमला, सिमडेगा, खूंटी, रांची लोहरदगा, रामगढ़, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह कोडरमा, हजारीबाग, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़ साहिबगंज और गोड्डा शामिल है। आसमान में बादल साफ रहेगा। आठ और 11 जनवरी को सुबह कोहरा छाया रहेगा। धीरे-धीरे मौसम साफ होगा।पिछले 24 घंटे में रांची का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस रहा। इसी तरह जमशेदपुर का अधिकतम तापमान 27.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 13.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। डाल्टेनगंज का अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बोकारो का अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 12.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### प्रधानमंत्री 8-9 जनवरी को आंध्रप्रदेश और ओडिशा का करेंगे दौरा



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह 8-9 जनवरी को आंध्र प्रदेश और ओडिशा का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री 8 जनवरी को विशाखापत्तनम में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। वे 9 जनवरी को भुवनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट कर कहा कि कल और परसों वह आंध्र प्रदेश और ओडिशा में प्रमुख कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इनमें विशाखापत्तनम में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन और शिलान्यास तथा भुवनेश्वर में प्रवासी भारतीय दिवस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि वह विशाखापत्तनम के लोगों के बीच हरित ऊर्जा, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और अन्य से जुड़े प्रमुख कार्यों का उद्घाटन करने के लिए उत्सुक हैं।



# पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एसबीआई से दो लाख का चेक मिला




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हैदरनगर (पलामू) :** पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत साल में महज 436 रुपए जमा करने वाली जरीना खातून की मृत्यु हो जाने के बाद उनके पुत्र इरफान खान को भारतीय स्टेट बैंक की हैदरनगर शाखा से दो लाख रुपए का चेक हैदरनगर शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने एक सादे समारोह में दिया। शाखा प्रबंधक ओमप्रकाश ने बताया कि हैदरनगर के चौकड़ी निवासी महिला जरीना खातून ने भारतीय स्टेट बैंक के जनधन खाता के माध्यम से पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना से जुड़ी थी। उनका प्रत्येक वर्ष सिर्फ 436 रुपया उनके खाते से कटता था। प्रथम वर्ष की राशि का भुगतान उन्होंने किया था। उनकी मृत्यु होने के बाद उनके द्वारा नामित उनके पुत्र इरफान खान ने अपनी माता का मृत्यु प्रमाण पत्र ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से एसबीआई की हैदरनगर शाखा में जमा किया था। बिना भाग दौड़ के उन्हें शाखा कार्यालय में बुला कर बीमा राशि का चेक प्रदान किया गया। नामित इरफान खान ने बताया कि पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना कम आमदनी वाले सभी लोगों को इस तरह की योजनाओ से जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस राशि से वह बहुत जरूरी कार्य कर पाएंगे। मौके पर फील्ड ऑफिसर प्रशांत कुमार ने कहा कि भारतीय स्टेट बैंक के सभी खाता धारकों के लिए बीमा योजना से जुड़ने के अवसर है। उन्होंने सभी खाता धारकों को बीमा से जुड़ने की सलाह दी। मौके पर अभिषेक कुमार, सुमिर कुमार, राकिब हुसैन, गीता देवी के अलावा कई लोग मौजूद थे।


# साइकिल का हुआ वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार :** राजकीय मध्य महुअरी में छात्र -छात्राओं के बीच साईकिल वितरण। नौड़ीहा बाजार (पलामू) नौड़ीहा बाजार प्रखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर के उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुअरी मे कल्याण विभाग द्वारा प्रदत्त साईकल को कुल 22 छात्र-छात्राओं के बीच पंचायत समिति सदस्य श्रीमती सुनीता देवी के द्वारा वितरित किया गया। साइकिल पाकर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। पंचायत समिति सदस्य ने बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से साइकल से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किये। मौके पर महुअरी विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार एवं ने कहा कि साइकिल मिलने से दूरदराज के बच्चों को विद्यालय आने में सहूलियत होगी साथ ही विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बढ़ेगी। मौके पर समाजसेवी सुरेंद्र प्रसाद सिंह, शिक्षक मुकेश कुमार सिंह, सत्येंद्र सिंह, अजित कुमार सिंह, मंटू सिंह, विजय यादव, चन्द्रहास सिंह सहित विधालय के प्रबंधन समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अंचल कार्यालय में लगाया गया शिविर



**मेदनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्रामपुर अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को शिविर लगाया गया. शिविर का आयोजन जिला अपर समाहर्ता के निर्देशानुसार जमीन संबंधित समस्याओं का निपटारा करने के लिए किया गया था.राजस्व उप निरीक्षक अरविंद मिश्रा ने बताया कि कैम्प में किसी कारण से जमीन का रसीद नही कट पा रहा हो या ऑनलाइन रसीद कटवाने में अड़चन आ रही हो तो आवेदन दें, उसका तत्काल निदान किया जायेगा. इसमें अलावा जमीन से संबंधित सभी समस्याओं का निराकरण भी किया जायेगा. आज के शिविर में जमीन संबधित कई आवेदन प्राप्त हुआ है. उन्होंने बताया कि आगामी दस जनवरी को भी शिविर लगाया जायेगा.जो लोग आज नहीं पहुंच पाये वे दस जनवरी के शिविर में अपना आवेदन जमा करा सकते हैं।

## गणतंत्रा दिवस को लेकर बैठक 9 जनवरी को

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर आगामी 9 जनवरी को दोपहर 12 बजे से अनुमंडल कार्यालय के सभागार में बैठक आयोजित किया गया है। बैठक में सभी कार्यालय प्रधान, जिला परिषद सदस्य, प्रमुख, उप प्रमुख, सभी गण्यमान्य व्यक्ति, चेम्बर ऑफ कॉमर्स, पेंशनर समाज व ताईद संघ के अध्यक्ष, सचिव, नगर पंचायत क्षेत्र के सभी सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, प्राचार्य को आमंत्रित किया गया है।

## सत्संग सह भंडारा 9 को

**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा वन भोज दिवस के अवसर पर आगामी 9 जनवरी को प्रातः 11 बजे से जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केन्द्र उर्जितपा में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया है।उक्त आशय की जानकारी देते हुये सत्संगी शक्तिदास सिन्हा ने सभी सत्संगियों से उक्त कार्यक्रम में शामिल होकर सफल बनाने का अनुरोध किया है।

# स्वास्थ्य उप केन्द्र का हुआ उद्घाटन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुडंड पंचायत सचिवालय के ऊपरी तले पर स्वास्थ्य उप केंद्र का उद्घाटन हुसैनाबाद एसडीओ कृष्ण कांत कनवड़िया, चिकित्सा प्रभारी विनेश राम व पंचायत की मुखिया मिना देवी ने संयुक्त रूप फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि महूदण्ड पंचायत हुसैनाबाद का सुदूरवर्ती इलाका है। इस स्वास्थ्य सुविधा का बहाल होने से पंचायत वासियों को सहूलियत होगी। मरीजो को ससमय इलाज की जाएगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही स्वास्थ्य उप केंद्र का भवन उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि शीघ्र ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पहल की जाएगी। स्वास्थ्य प्रभारी ने कहा कि सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को नियमित रूप से चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे। पंचायत की मुखिया मीना देवी ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उक्त दोनों समस्याओं को लेकर एसडीओ से मिला था। एसडीओ सर ने पंचायत वासियों की सुविधा के लिए जो पहल की है पंचायत वासी हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं का विस्तार हमारी प्राथमिकता है। मौके पर बीपीएम विभूति गुप्ता, पंचायत समिति रमेश पासवान, उप मुखिया रामबली यादव, दिनेश्वर ठाकुर, सुरेंद्र शाहनी, रामस्वरूप यादव, ओमप्रकाश रवि, नगीना यादव, हरी यादव, उदय प्रकाश यादव, कृष्णा पासवान, विनोद यादव, उपेन्द्र यादव, मो.इरफान कादरी, अनवर कादरी, मो.शाबरी कादरी, स्वयं सेवक उपेन्द्र यादव, सुरेन्द्र यादव सनोज पासवान समेत काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# शीघ्र ई-केवाईसी कराएं, नहीं तो राशन से होंगे वंचित : एमओ अभिषेक


### एमओ ने की डीलरों के साथ बैठक, ससमय राशन वितरण का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** चैनपुर प्रखंड के सभागार में प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने प्रखंड के सभी पीडीएस डीलरों के साथ मासिक समीक्षा बैठक किया। मौके पर उन्होंने कहा कि मौजूद सभी जनवितरण दुकानदारों को छूटे हुए राशन कार्डधारी का ई-केवाईसी 2025 फरवरी तक जरूर कर लेने का निर्देश दिया गया। एनएफएसए अंतर्गत पीएच और अन्त्योदय कार्डधारियों को माह दिसंबर 2024 का खाद्यान्न वितरण 25 जनवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। चना दाल नवंबर 2024 का वितरण ससमय वितरण करने का निर्देश दिया। वहीं डीलरों को कहा कि राशन का ससमय वितरण को प्राथमिकता देते हुए ई-केवाईसी के कार्यों का निष्पादन करना सुनिश्चित करें सभी कार्डधारियों को धोती, साड़ी साथ ही अंत्योदय कार्डधारियों को अप्रैल 2024 का चीनी व नमक का वितरण ससमय करने का निर्देश दिया गया।जो भी डीलर 20 प्रतिशत से कम राशन वितरण करेंगे वैसे डीलर पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथ ही सभी को दुकान ससमय खोलने और निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न वितरण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही सभी डीलर को झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का राशन उठाव कर वितरण करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड के सभी जन वितरण दुकानदार उपस्थित थें।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गुरु गोविंद सिंह की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में सिक्ख धर्म के 10 वें एवं अंतिम गुरु, गुरु गोविंद सिंह की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया।इसके बाद आचार्य कमलेश्वर सिंह ने गुरु गोविंद सिंह के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनसे सीख लेने की बात कही। साथ ही खालसा पंथ की स्थापना मुगल कालीन इतिहास और धर्म की रक्षा में गुरु गोविंद सिंह और उनके बच्चों के बलिदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने समाज को एकजुट करने के लिए उन्होंने जो योगदान दिया उससे सबक लेते हुए हर समाज के लोगों को एकजुटता के लिए ऐसे कार्य करने चाहिए और सभी को इसका संदेश देना चाहिए। विद्यालय के भैया-बहनों ने भी गुरु गोविंद सिंह के जीवन आदर्शों पर वृहद रूप से प्रकाश डाला।इस जयंती समारोह में हर तरफ उल्लास का माहौल दिखाई दिया। वहीं प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का जन्म पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को बिहार के पटना में हुआ था। गुरु गोविंद सिंह एक महान योद्धा, महान सेनानायक, वीर क्रांतिकारी, देशभक्त, समाज सुधारक व आध्यात्मिक व्यक्तित्व के एक महान व्यक्ति थे। उन्होंने खालसा पथ की स्थापना की जो सिखों के इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण घटना मानी जाती है। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्मेन्द्र मेहता, संजय सिन्हा, छाया कुमारी, अनुराधा मेहता, अभिषेक पाठक, रणजीत मिश्रा, मृत्युंजय प्रसाद, राजेश्वर सिंह यादव, राजकुमार सिंह, मनोज सिंह, शशि कुमार, चंदन कांस्यकार, नीतीश मिश्रा सहित सभी आचार्य-दीदी जी का सराहनीय योगदान रहा।

# पाटन में बीजेपी का सदस्यता अभियान की शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्यालय कुड़वा मोड पर सदस्यता अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने किया बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य उदय कुमार शुक्ला भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अविनाश कुमार वर्मा उपस्थित रहे। सदस्यता प्रभारी वर्मा द्वारा कहा गया कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान अंतिम चरण पर है। जिला के द्वारा जो मंडलों को लक्ष्य दिया गया है उसे 14 जनवरी तक हर हाल में पूर्ण कर लेना है वही उदय कुमार शुक्ला ने कहा कि पाटन मंडल हमेशा बढ़चढ़ कर पार्टी की कार्य में अग्रणी भूमिका निभाती है सदस्यता अभियान में भी बढ़ चढ़कर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने सभी शक्ति केन्द्र के प्रभारी नियुक्त कर सभी को बुथ स्तर तक सदस्य बनाने के लिए कहा मौके पर भाजपा पाटन मंडल उपाध्यक्ष योगेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनी मंडल के मंत्री पशुपति शर्मा धिरज सिंह, विकास कुमार मुन्ना कुमार, अवधेश कुमार वीरेंद्र कुमार सिंह, राजदीप सिंह काफी भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हुसैनाबाद के लोहबंधा में ख्वाजा गरीब नवाज की 813 वें उर्स पर मिलादुन्नबी का हुआ आयोजन

### ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती खुद भुखे रह कर दुसरे को खाना खिलाते थे : मौलवी युसूफ कादरी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती महुडंड पंचायत अंतर्गत लोहबंधा गांव में हर्षोल्लास के साथ ख्वाजा गरीब नवाज के 813 वें उर्स मुबारक के मौके पर मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया। मंगलवार को छठी शरीफ़ के मौके पर लोहबंधा गांव के मदीना मस्जिद में मिलादुन्नबी की महफ़िल सजाई गई, जिसमें गांव व आस पास के लोग शामिल हुए। मिलादुन्नबी का आगाज़ मौलवी युसूफ अंसारी कादरी ने कुरान ए पाक की तिलावत व नात शरीफ से किया। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स के मौके पर मदरसा के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। मदरसा के छात्र समशाद आलम ने एक से बढ़कर एक नात मनकबत पेश किया। मिलादुन्नबी के दौरान मौलवी युसूफ अंसारी कादरी ने अपने बयान में कहा कि हज़रत ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह अलैह इस्लाम के ऐसे महान सूफ़ी रहे हैं, जिन्होंने इस्लाम के सुखते दरख़्त को फिर से हरा भरा करने का काम हिंदुस्तान में किया। वह गरीबों के मसीहा थे। ख्वाजा गरीब नवाज खुद भुखे रह कर भूखों को खाना खिलाने का काम करते थे। ख्वाजा गरीब नवाज अल्लाह के नेक वली हैं। मौलवी युसूफ अंसारी कादरी ने आगे कहा कि ख्वाजा गरीब नवाज को अल्लाह ने रूहानी व गैबी ताकतें बख्शी है। मिलादुन्नबी के अंत में सलाम पढ़ने के पश्चात फातेहा पढ़ी गई। फातेहा के बाद शिरनी के रूप में लोगों के बीच लंगर चलाया गया। इस मौके पर मौलवी युसूफ अंसारी कादरी, मौलवी इसहाक अनवर कादरी,मो. समीम, तौकीर अंसारी, हदीस अंसारी, अकबर अंसारी सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## स्टोन डस्ट लदा ओवरलोड तीन हाइवा जब्त



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जपला छतरपुर मुख्य पथ के कुर्मी पुर गांव के समीप से हुसैनाबाद के अनुमंडल केके कांवड़िया ने ओवरलोड वाहनों की जांच की। सोहिया पहाड़ से स्टोन डस्ट लेकर जा रहे हाइवा की जांच की। जांच के दौरान तीन हाइवा को ओवरलोड पाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने तत्काल अंचल पदाधिकारी पंकज कुमार को सभी तीन ओवरलोडेड हाइवा को हवाले कर अग्रेत्तर कार्रवाई का निर्देश दिया। अंचल पदाधिकारी ने तीनों हाइवा को हुसैनाबाद के सुपुर्द कर जिला परिवहन कार्यालय को अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए सूचना दे दिया है।

# राष्ट्र के धरोहर हैं युवा : डॉ. कौशल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** जिले के छतरपुर अनुमंडल के चिरु स्थित फ़र्म मैदान पर रविवार को आयोजित चिरु प्रीमियर लीग के 18 वें संस्करण के फाइनल मैच में पठखाही को नौ रनों से पराजित कर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना व राष्ट्रीय गान के उद्घोष के बीच छतरपुर पूर्वी के जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल के साथ औपचारिक शुभारंभ किया। टॉस जीतने के बाद चिरु की टीम ने 16 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 123 रनों के स्कोर खड़ा किया। जबकि जबाबी पारी खेलने उतरी पठखाही की टीम 114 रनों पर ही सिमट कर रह गयी। इसतरह 9 रनों के रोमांचक अंतर से चिरु की टीम ने मैच को अपने नाम कर लिया। मैदान के चारो तरफ हजारों दर्शकों ने मैच का भरपूर लुफ्त उठाया। मुख्य अतिथि डॉ कौशल और उनके पुत्र सह जिला पार्षद अमित कुमार जायसवाल ने विजेता टीम को पन्द्रह हज़ार रुपये नकद और उपविजेता टीम को कमेटी के ओर से 7,500 सौ नकद के साथ ट्राफी देकर उन्हें सम्मानित किया। साथ ही कैच लेने वाले खिलाड़ियों को भी प्रति कैच 600 का इनाम देकर प्रोत्साहित किया गया।पर्यावरणविद डॉ कौशल ने दोनों टीमों के कप्तानों को थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधा देकर पर्यावरण की रक्षा करने की जिमेवारी सौंपी। अपने सम्बोधन में पर्यावरण धर्मगुरु डॉ कौशल ने कहा कि टूर्नामेंट के बहाने हम सभी पर्यावरण रक्षा का संकल्प लें और खेल से समाज को बदलने की दिशा में आगे बढ़ें। वहीं ज़िला परिषद सदस्य अमित कुमार जायसवाल ने कहा कि खेल दिलों को जोड़ता है युवाओं की शक्ति को जगाता है, इसलिए आज की दौर में इस तरह के आयोजन की प्रासंगिकता और बढ़ गयी है। विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द गुप्ता उर्फ चुनमून, मुखिया प्रतिनिधि- प्रमोद यादव, डा0 बिके यादव ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों और पर्यावरणविद डॉ कौशल व पार्षद अमित के कार्यों की सराहना की। मैच के समापन पर मनोज शाह और नारायण सिंह ने जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरित कर कार्यक्रम को और मजबूती प्रदान किया। मौके पर प्रमुख लोगों में निरंजन सिंह, नरेश सिंह, राजीव रंजन कुमार, डा0 दिलीच प्रसाद, डॉ0 मैमुदीन अंसारी, डॉ0 मनिष कुमार बिरेन्द्र यादव, बिनोद यादव, श्रवण यादव, सहदेव यादव, सुर्यदेव यादव, मुखनरायन सिंह, मदन लाल उपस्थित थे। वहीं चिरू कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र कुमार, सचिव राहुल कुमार, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार पासवान, अंपायर राहुल कुमार व राजेंद्र सिंह, कॉमेंट्री रामजीत सिंह ने की, महेन्द्र कुमार, आशीष कुमार, जय प्रकाश, विकास कुमार, अनिल रजक, चन्दन सिंह, चन्दन वर्मा, बिटु कुमार, हरीनन्दन कुमार, विक्की, सचिन, विशाल, रमन सिंह, मंजित कुमार, उतम कुमार, पवन कुमार, ने भी मैच के सफल संचालन में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# वार्ड नंबर 15 में नाली और पीसीसी पथ निर्माण अनियमितता पर ग्रामीणो ने किया विरोध



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** नगर पंचायत छतरपुर के क्षेत्र में विकास के नाम पर हो रहे कार्यो में अनियमितता का खेल जारी है ऐसे ही एक मामला प्रकाश में आया है छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 15 मे पीसीसी सड़क एवं नाली का निर्माण किया जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस नाली का निर्माण किया जा रहा है वह सही तरीके से नहीं किया जा रहा है साथ ही नाली निर्माण पानी का निकास स्थल तक कार्य नहीं किया गया जिससे नाली का पानी निकास ही नहीं सकेगा और नालियां टूट जाएगी साथ ही नालिया के ऊपर बने पीसीसी पथ के टूटने से आने जाने के लिए रास्ता भी नहीं रहेगा लोगों ने कहा कि निर्माण कार्य मे बालू एवं रिबीस मिलकर 2 ईच मात्र ढलाई किया गया है जो बनते ही कहीं दरकने लगा है वही ग्रामीणों ने बताया ठेकेदारों द्वारा यह बताया गया था कि यह नाली का निर्माण अर्जुन साव के घर से बालगोविंद साव के घर होते हुए भोला यादव के खेत तक नाली का निर्माण कराया जाएगा लेकिन नाली निर्माण बीच में ही छोड दिया गया और जमीन तल से 4 फीट नीचे है नाली, जिससे पानी का निकासी नहीं हो सकेगा बरसात आते ही नाली के पानी से पूरा निर्माण पीसीसी पथ डूब जाएगा ऐसे में यह यह पीसीसी पथ एवं नाली निर्माण करने से ग्रामीणों का कोई फायदा नहीं हो रहा है। इस संबंध में छतरपुर नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी मुर्तजा रहमान से दूरभाष से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि योजना कि पूरी जानकारी नहीं है कार्य स्थल पर जाकर खुद जांच करेंगे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## संक्षिप्त खबरें

### ख्वाजा ग़रीब नवाज़ की छटी शरीफ के मौके पर नमाजे फज्र कुरानखानी का किया गया एहतेमान

**रांची :** खानकाह मजहरिया मुनअमिया फिरदौस नगर डोरंडा मे ख्वाजा मोईन उद्दीन अजमेरी(ख्वाजा ग़रीब नवाज़) की छटी शरीफ के मौके पर मंगलवार को बाद नमाजे फज्र कुरानखानी का एहतेमान किया गया। साथ ही मौके पर महफ़िल ए ग़रीब नवाज़ की तकरीब भी की गई।जिसमें काफी तादाद में लोगों कि हाजिरी हुई। मौके पर खानकाह मजहरिया मुनअमिया फिरदौस नगर के सज्जादा नशी अल्हाज सैय्यद शाह मौलाना अलकमा शिबली कादरी मुनअमी अबुलओलाई के बड़े साहब जादे सैय्यद शाह अबू सहमा राज़ी ने नज़र और नियाज़ किया व मुल्क की तरक्की व अमन और शांति के लिए दुआ किया। इस मौके पर बिहार शरीफ से आए मेहमान ए खुसुशी जनाब सैय्यद शाह आफताब आलम चिश्ती कि़ब्लि खानकाह चिश्तिया फरीदिया मौजूद रहे। वही मौके पर सैय्यद अबू केहाफा हेज़ाजी,सैय्यद जैन कादरी,सैय्यदा राईका कादरी,सैय्यदा राकिया कादरी,सैय्यदा माशीया निजामी वा दीगर लोग मौजूद रहे।

### पूर्व सांसद कडिया मुंडा की बिगड़ी तबियत

**रांची :** लोकसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर और खूंटी से पूर्व सांसद रहे कड़िया मुंडा की तबीयत बिगड़ गई है। उन्हे रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कड़िया मुंडा झारखंड बीजेपी के सबसे वरिष्ठ नेता है। उन्हे झारखंड बीजेपी का पितामह भी कहा जाता है। मंगलवार को स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उन्हे रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना की है।

# राज्यपाल ने खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने पर दिया बल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह महोत्सव न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए एक सशक्त मंच भी है। उन्होंने खादी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों का प्रतीक बताते हुए कहा कि खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रही है और आज भी हमारे कारीगरों को रोजगार देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता को सशक्त बना रही है। राज्यपाल महोदय ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान ÷खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन÷ का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खादी को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से खादी को जन आंदोलन बनाने की उनकी पहल से ग्रामीण कारीगरों और श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। राज्यपाल ने कहा कि प्रसन्नता है कि इस महोत्सव के माध्यम से महिला उद्यमियों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों से महिलाएँ न केवल आत्मनिर्भर हो सकती हैं, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं। उन्होंने इस महोत्सव में भाग लेने वाले बुनकरों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन कारीगरों के श्रम और कौशल ने झारखंड के ग्रामीण उद्यमों की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया है। इस मौके पर राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, श्रम मंत्री संजय यादव, खादी ग्रामोद्योग बोर्ड सीईओ सुमन पाठक सहित कई लोग शामिल थे।

# झारखंड किसी भी स्वास्थ्य आपात से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है : डॉ इरफान अंसारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। वर्तमान में, एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस) वायरस के संबंध में कोई तत्काल चिंता नहीं है, क्योंकि यह आबादी के लिए तत्काल खतरा पैदा नहीं करता है। राज्य सरकार ने किसी भी संभावित स्वास्थ्य चुनौती से निपटने के लिए पर्याप्त तैयारी और व्यवस्था की है।

एक डॉक्टर होने के नाते, मैं सभी उपलब्ध चैनलों के माध्यम से स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा हूं और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ नियमित संचार बनाए रख रहा हूं। वर्तमान में, हमें किसी भी अलार्म के संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य अधिकारियों से कोई औपचारिक संचार नहीं मिला है। मैंने विभाग के सचिव को राज्य भर में तैयारियों के मौजूदा स्तर का आकलन करने के लिए सिविल सर्जनों के साथ एक बैठक बुलाने का निर्देश दिया है। मैं जनता को आश्वस्त करता हूं कि हमारे पास सभी आवश्यक व्यवस्थाएं हैं और तत्काल चिंता का कोई कारण नहीं है। हालाँकि, चल रहे सर्दी के मौसम को देखते हुए, अतिरिक्त सावधानी बरतना विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। यह विशेष रूप से 5 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों और 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इस दौरान वे स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। हम सभी को सूचित रहने, स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करने और अपनी और अपने प्रियजनों की सुरक्षा के लिए निवारक उपाय करने की दृढ़ता से सलाह देते हैं। राज्य सरकार सभी नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और किसी भी उभरती स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाती रहेगी।

# पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड ने बैच लगाकर किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखण्ड, राँची की अधिसूचना सं0-7270/सी0-31.12.2024 द्वारा सुनिल भास्कर भा0पु0से0 वर्तमान क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक, हजारीबाग को पुलिस महानिरीक्षक कोटि में प्रोन्नति प्रदान करते हुए प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, पलामू के पद पर पदस्थापित किया गया है।इस अवसर पर अनुराग गुप्ता, महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड, प्रियदर्शी आलोक पुलिस उप महानिरीक्षक रेल, राँची तथा अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधवा व वृद्धा पेंशन के लिये भी हेमंत सरकार गंभीर : हाफिजुल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंईयां सम्मान योजना के तहत 2500 18 साल से 50 साल तक की उम्र की महिलाओं को मिलना शुरू हो गया है, लेकिन इस दौरान करीब तीन-चार महीने से वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन के लाभुकों को पैसे नहीं मिलने से बुजुर्ग महिलाओं में नाराजगी है और उनकी समस्याएं भी बढ़ रही है । इन सबको देखते हुए अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हाफिजुल हसन ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत जब राशि सरकार दे सकती है, तो विधवा और वृद्धा पेंशन कि हमारे बुजुर्ग महिलाओं को सरकार पेंशन कैसे नहीं देगी? जबकि सच यह है कि इस योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार को आधा राशि वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन के लाभूकों को दिया जाता है और आधा राशि राज्य सरकार को वहन करनी पड़ती है, लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद से ही केंद्र सरकार पेंशन की राशि देना बंद कर दी। मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत जब हुई है तो केंद्र सरकार और भी बुरी तरह से पेश आने लगी है, हालांकि झारखंड में बहुमत की सरकार है उनके यहां कोई रणनीति नहीं चलेगी। जहां तक वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन को लेकर बुजुर्ग महिलाएं परेशान हो रही है तो उनको परेशान होने की जरूरत नहीं है बहुत जल्द मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस पर रणनीति बनाकर सभी बुजुर्ग महिलाओं के खाते में पैसे भेजने का काम करेगी।

# पूर्व डीजीपी ने मुख्यमंत्री से किया मुलाकात



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से झारखंड मंत्रालय में पूर्व डीजीपी व पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक अजय कुमार सिंह एवं आईजी पलामू सुनील भास्कर ने मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी अपनी ओर से उन्हें नूतन वर्ष की मंगलकामनाएं दी।

# श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में वैकुंठ महोत्सव की तैयारी जोड़ों पर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पहाड़ी मंदिर की निकटवर्ती दिव्यदेशम् श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर (तिरुपति बालाजी) मंदिर में 09 जनवरी गुरूवार से ही वैकुण्ठ द्वार का दर्शन सुलभ हो जायेगा। मुख्यरूप से 10 जनवरी शुक्रवार को वैकुण्ठ एकादशी व्रत का मान है। इसी वैकुंठ एकादशी के अवसर पर चार दिनी श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना अनुष्ठान का आयोजन किया गया है। श्रीविष्णु सहस्त्रनाम अर्चना 09 जनवरी से 12 जनवरी तक होगा। यह सहस्त्रनाम सब अपराधों का शमन करनेवाला और परमभक्ति की वृद्धि करनेवाला है। यह अक्षय ब्रह्मलोक तथा समस्त इच्छाओं की प्राप्ति का एकमात्र साधन है ।यह सर्वदुःखों का विनाश करने वाला तथा विष्णु लोक का एक सोपान है । यह समस्त सुखों को प्रदान करने वाला, सत्य और परम निर्वाणदायक है। काम, क्रोध तथा सभी मन की वासनाओं को शुद्ध करने वाला है। यह मनुष्यों को शांति प्रदान करता है, महापातकियों को भी पवित्र करता है और प्राणियों की सभी अभीष्ट इच्छाओं को पूर्ण करने वाला है । यह समस्त विघ्नों और घोर दुःखों का शमन करने वाला तथा सभी अरिष्टों और तीव्र दरिद्रता का नाश करने वाला है। अतः श्रीवैकुंठ एकादशी के अवसर पर वर्ष में एक बार सामूहिक रूप से यह विष्णु सहस्त्रनाम का आयोजन किया जाता है। इसमें अवश्य रूप से भाग लेना चाहिए। इस अनुष्ठान में यजमान स्वरूप शामिल होने के लिए मंदिर कार्यालय से कूपन अवश्य प्राप्त कर ले।

# समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों के जिला समाज कल्याण पदाधिकारीयों के साथ संबंधित विभाग द्वारा संचालित सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, आंगनबाड़ी केंद्रों का आधारभूत संरचना, पूरक पोषाहार,पोषण ट्रैकर एप पर एंट्री, डायनप्रथा उन्मूलन एवं सामाजिक कुरीति निवारण, विभाग द्वारा संचालित वृद्धाश्रम एवं विद्यालय की अद्यतन स्थिति सहित अन्य क्रियान्वित योजनाओं के अद्यतन प्रगति की समीक्षा की गई। सावित्री बाई फूले किशोरी समृद्धि योजना की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने कहा कि यह राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। इसका लाभ सभी जिले के शत-प्रतिशत सुयोग्य लाभुकों को दिया जाना है। बैठक में संबंधित अधिकारियों द्वारा बताया गया कि अनुमोदित आवेदनों का शत प्रतिशत राशि का भुगतान कर दिया गया है। नए आवेदनों का जांचोपरांत ससमय भुगतान कर दिया जाएगा। आयुक्त द्वारा शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि एक भी सुयोग्य बालिका योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रह जाए, इसका विशेष ध्यान रखें। कन्यादान योजनाओं की समीक्षा करते हुए आयुक्त को अवगत करवाया गया कि गुमला जिला के किस्को पंचायत में विवाह निबंधन पोर्टल में दिक्कत हो रही जिसके वजह से कई आवेदन लंबित है। आयुक्त ने जल्द से जल्द पोर्टल को ठीक कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। आयुक्त ने कहा कि पोर्टल संबंधित किसी प्रकार की कोई भी दिक्कत हो तुरंत सूचित करें। किसी भी हाल में योजना संबंधित कोई भी कार्य रुकना नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री विधवा पुनर्विवाह योजना विधवा महिलाओं को दूसरी शादी के लिए आर्थिक मदद सरकार के द्वारा की जाती है, इसका अधिक से अधिक प्रचार- प्रसार कराने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि नवंबर माह तक का पोषाहार हेतु राशि दे दी गई है।

# पूर्व सांसद स्व. शिव प्रसाद साहू की कांग्रेस भवन में मनाई गई जयंती

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में पूर्व सांसद स्व. शिव प्रसाद साहू की जयंती कांग्रेस भवन रांची मनाई गई।इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी सहित कांग्रेसजनो ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू एक प्रतिभावान एवं परिश्रमी व्यक्ति थे। कार्यकर्ताओं का सम्मान करने एवं जनहित के मुद्दे पर सतत मुखर रहते थे। उनके व्यक्तित्व और उनके कार्य क्षमता का ही परिणाम रहा कि वह रांची लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद निर्वाचित हुये। उन्होंने झारखंड अलग राज्य संघर्ष में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मृदु भाषी व्यक्तित्व के धनी थे अपने इसी स्वभाव के कारण में झारखंड के गरीब जनता एवं कांग्रेस जनों को अपनी ओर आकर्षित करने में सक्षम रहे। आज स्वर्गीय साहू हमारे बीच नहीं है परंतु उनकी यादें हमारे दिल में मौजूद है। श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक नमन विक्सल कौनगारी पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिंन्हा, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुजनी,सोनाल शांति,आभा सिन्हा,निरंजन पासवान,जगदीश साहू,अभिलाष साहू,राजन वर्मा, कुमार राजा,राजेश सिन्हा सन्नी, नेलीनाथन,सुरेन राम, शशि भूषण राय,नरेंद्र लाल गोपी के के गिरी,फिरोज रिजवी मुन्ना, जगन्नाथ साहू, प्रभात कुमार, अजय सिंह,नीतू देवी,मोहम्मद सत्तार,अजय कुमार मंडल, आकाश टोप्पो,राजीव प्रकाश चौधरी थे।

### बड़गाईं सीओ को रांची अंचल का दिया गया अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** बड़गाईं अंचल अधिकारी श्री शिवशंकर पांडेय को अंचल अधिकारी शहर, रांची का प्रभार दिया गया है। शहर अंचल में होने वाले कार्य सुचारू रूप से हो इस आलोक में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बड़गाईं अंचल अधिकारी शिवशंकर पांडेय को अंचल अधिकारी शहर का प्रभार दिया गया। उपायुक्त द्वारा दाखिल-खारिज, सर्टिफिकेट एवं अन्य ऑनलाइन कार्य को कार्य को लेकर ऑफिस आने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

# रातू लूटकांड के दो आरोपितों के पोस्टर जारी, 20 हजार इनाम घोषित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहर के रातू थाना क्षेत्र में एक पेट्रोल पंप के कर्मचारियों से दिनदहाड़े 14 लाख रुपये लूट के मामले में पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपितों के पोस्टर जारी किए हैं। सूचना देने वाले को 20 हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। पोस्टर में बताया गया है कि रांची के रातू थाना क्षेत्र में 26 दिसंबर, 2024 को स्टेट बैंक काठीटांड पास एक व्यवसायी से पैसे की छिनैती की गई थी, जिसमें सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दो संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान हुई है। इन दोनों अपराधियों के बारे में कोई भी जानकारी यदि किसी के पास हो तो वह निस्संकोच पुलिस को इसकी सूचना जरूर दे। सूचना देने वाले का नाम एवं पहचान पूरी तरह से गुप्त रखा जाएगा। पुलिस ने सूचना देने के लिए मोबाइल नंबर 9431706136, 9431706138, 9431706142 और 9431706175 जारी किया है। उल्लेखनीय है कि 26 दिसंबर की दोपहर रातू स्थित पेट्रोल पंप के एक कर्मचारी 14 लाख रुपये लेकर बैंक में जमा करवाने के लिए निकले थे। बैंक से कुछ दूर पहले ही बाइक सवार दो अपराधियों ने कर्मचारी को रोका और पैसे भरा बैग छीनकर फरार हो गए। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद भी हो गई थी।

अपराधियों की तस्वीर भी स्पष्ट रूप से पहचान की जा रही थी लेकिन इसके बावजूद रातू पुलिस कांड का खुलासा नहीं कर पाई है। इसके बाद वरीय अधिकारियों ने घटना में शामिल अपराधियो के पोस्टर जारी किए हैं।

# सम्मान के नाम पर सुरक्षा के साथ बड़ा खिलवाड़ कर रही हेमंत सरकार : मरांडी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। मरांडी ने राज्य के अर्थव्यवथा पर सवाल खड़ा किए।सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सूचना आ रही है कि झारखंड मुख्यालय रांची में थानों के पुलिस वाहनों में बकाया भुगतान नहीं होने के कारण पेट्रोल पंप वाले पेट्रोल डीजल की आपूर्ति नहीं कर रहे हैं। कहा कि झारखंड के 25 वर्षों के इतिहास में ऐसी बदतर आर्थिक स्थिति कभी देखने को नहीं मिली राज्य में जिस प्रकार से हत्या ,लूट,बलात्कार ,चोरी ,डकैती की घटनाएं हो रही हैं ऐसे में पुलिस की पेट्रोलिंग को बाधित करना राज्य को अपराध के मुंह में धकेलने जैसा है। कहा कि ऐसा लगता है कि एक मईयां सम्मान योजना में पीठ थपथपाने के लिए हेमंत सरकार ने सारे विभागों के बजट को डायवर्ट कर दिया है।

कहा कि मईयां सम्मान के नाम पर बहन बेटियों की सुरक्षा जो पहले से ही कमजोर है और कमजोर करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है। कहा कि जिस प्रकार से रोज नए कारनामे उजागर हो रहे और इंडी गठबंधन के नेता वादे से मुकरने लगे हैं,यह पूरी तरह राज्य की ध्वस्त अर्थव्यवस्था को उजागर कर रहा है।उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इसकी आशंका भी प्रबल हो रही है कि हिमाचल जैसे राज्यों की तरह झारखंड राज्य के सरकारी कर्मचारियों के वेतन के भी लाले न पड़ जाए।

**मरांडी ने कहा कि मईयां सम्मान के नाम पर बहन बेटियों की सुरक्षा जो पहले से ही कमजोर है और कमजोर करने की दिशा में सरकार आगे बढ़ रही है।**

# उपायुक्त ने जारी किया व्हाट्सएप नंबर, अबुआ साथी के जरिये जन शिकायत की होगी सुनवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** डीसी रांची ने सोशल मिडिया पर पोस्ट जारी कर आम जनों की समस्या की समाधान के लिए नई पहल शुरू की है। अब जिले के निवासी अपनी शिकायतें और समस्याएं सीधे व्हाट्सएप के माध्यम से दर्ज करवा सकते हैं। जिला प्रशासन ने जन शिकायत के लिए व्हाट्सएप नंबर 9430328080 जारी किया है। इस नंबर पर लोग अपनी समस्याओं को ÷अबुआ साथी÷ के तहत भेज सकते हैं। इस नई व्यवस्था से प्रशासन को शिकायतों के समाधान में तेजी लाने में मदद मिलेगी और नागरिकों को भी अपनी समस्याओं का शीघ्र समाधान मिलेगा।

यह पहल प्रशासन की जनता से जुड़ाव बढ़ाने और उनकी समस्याओं को सुलझाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिला प्रशासन ने बताया कि व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायतें भेजने वाले नागरिकों अपनी समस्याओं का पूरा विवरण भेज सकते हैं।

इसके साथ ही नाम और संपर्क जानकारी भी भेजें ताकि उचित कार्रवाई की जा सके। प्रशासन का उद्देश्य शिकायतों के निवारण में पारदर्शिता लाना और नागरिकों को बेहतर सेवा प्रदान करना है। रांची जिला प्रशासन की इस पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान जल्द और प्रभावी तरीके से मिल सकेगा।

## पुनगी बरटोली नदी पर बनने वाले पुल निर्माण कार्य का पूर्व मंत्री ने किया शीलान्यास

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार दोपहर 3 बजे मांडर प्रखंड के पुनगी बरटोली नदी पर मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत लगभग पांच करोड़ रूपए से बनने वाले पुल का शिलान्यास पूर्व मंत्री सह झारखंड सरकार सम्मनवयक समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने किया इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यहां के लोग के लिए पुल बन जाने से काफी सहूलियत मिलेगी यहां के लोग पुल नहीं रहने के कारण कई किलोमीटर घूम करके प्रखंड मुख्यालय या अस्पताल पहुंचते थे यहां पुल के लिए वर्षों से यहां के जानता का मांग था जिसे आज पूरा कर दिया गया है अंत में कहा कि आपका चुना हुआ विधायक मंत्री हैं तो इसका लाभ आप भरपूर ले इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि जमील मलिक प्रखंड अध्यक्ष मांगा उरांव तबारक खान होसे उरांव समसुल सेख मो खालीद रसीद अंसारी रसीद खान मेरी उरांव हातीम अंसारी अर्जुन महतो के अलावा भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।



## चान्हो प्रखंड मुख्यालय में सभी विभागों के साथ मंत्री ने समीक्षा बैठक की

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मंगलवार 11 बजे से चान्हो प्रखंड मुख्यालय में झारखंड के कृषि एवं पशुपालन मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने सभी विभागों के साथ समीक्षा बैठक की इस दौरान उन्होंने हर विभाग की स्थिति का जायजा लिया और सभी विभागों से जमीनी स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि तालाब में मछली पालन के लिए स्थानीय लोगों को जोड़ना है साथ ही भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा जहां-जहां संभव हो वहां के तालाबों का कायाकल्प करना है। वहीं बैठक के बाद महिलाओं ने मंत्री से मिलकर मईया सम्मान योजना का पैसा खाते में नहीं आने के मामले से अवगत कराया। जिस पर मंत्री ने संबंधित अधिकारी को तत्काल सभी महिलाओं की ऑनलाइन भरे हुए फॉर्म की जांच कर आगे रिपोर्ट देने को कहा और महिलाओं को आस्वस्त किया कि पात्रता रखने वाली सभी महिलाओं को जरूर इस योजना का लाभ मिलेगा।



## किता गांव में विमला देवी के पुन्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के किता गांव में लोटा पंचायत पुर्व उप मुखिया जगदीश चन्द्र महतो के आवास परिसर में विमला केशव स्मृति मंच के तत्वावधान में स्वर्गीय विमला देवी के पुन्य तिथि पर रविवार शाम को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर विमला देवी के पुत्र जगदीश चन्द्र महतो, दामाद अजय महतो, बेटी बीणा देवी ,अन्य परिजन, मंच के सुभाष पांडे, रामकुमार मोदक, रमेश हजाम, लखीराम नायक आदि ने स्व विमला देवी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया। ज्ञात हो कि विमला केशव स्मृति मंच के सचिव सह लोटा पंचायत पुर्व उप मुखिया जगदीश चन्द्र महतो के माता स्वर्गीय विमला देवी के पुण्यतिथि पर 5 जनवरी को प्रत्येक वर्ष विमला केशव स्मृति मंच के द्वारा लोटा किता के चांपा टांड़ में मेला, खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाता है। परंतु अपरिहार्य कारण से इस वर्ष मेला को स्थगित किया गया। श्रद्धांजलि सभा में प्रेमचंद करमाली, संतोष साहू, बरुण महतो, सभी राम महतो, सुखदेव मुंडा, पूरन चंद्र महतो, धनेश्वर मुंडा, दीनूराम महतो, परशुराम महतो, समेत मंच के सदस्य एवं ग्रामीण शामिल हुए।



## तीन दिवसीय कार्यशाला का किया गया शुभारंभ

**इटकी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड कार्यालय सभागार में झारखंड सरकार पंचायती राज विभाग के द्वारा सबकी योजना सबका विकास अभियान के तहत तीन दिवसीय कार्यशाला का किया गया शुभारंभ । उक्त अभियान के तहत वर्ष 25 टु 26 के लिए पंचायत डेवलपमेंट प्लान पंचायत का विकास कार्यों का खाका एवं जीपीडीपी द्वारा दिए गए सम्मिलित प्लान तैयार करने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा तैयार कार्य योजना को पंचायत के विकास कार्यों में शामिल किया जाना है ।कार्यशाला में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए बताया की अपने क्षेत्र में आप ऐसी योजनाओं का चयन कर प्लान तैयार करें जिससे आपके पंचायत क्षेत्र के लोगों को लाभ पहुंच पाए। मौके पर पंचायती राज समन्वयक सनी बाखला , बीपीआरओ रईस मलिक,मुखिया रीता देवी, फ्रांसिसका केरकेट्टा, पंचायत सचिव सुधीर राम तिवारी, वाहिद अंसारी, सभी पंचायत सहायक , सहित अन्य लोग उपस्थित थे



## अम्बा झरिया पंचायत भवन के सामने 22 वर्षीय युवक की हत्या कर झाड़ी में फेंका शव

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र में एक युवक का हत्या कर शव को झाड़ी में फेंक दिया गया । झाड़ी में शव मिलने की सुचना ग्रामीण ने पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया । पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. घटना अनगाड़ा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है मृतक कि पहचान थाना क्षेत्र के बेलजारा गांव निवासी मुलायम अहीर के रूप में हुई है सुबह गांव से कुछ दूरी पर खून से लथपथ उसका शव बरामद हुआ. शव बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. मृतक मुलायम अहीर के परिजनों ने बताया कि वो कलकत्ता में रहकर काम करता था दो माह पहले घर आया था मुलायम यादव की मौत के बाद परिजनों ने पुलिस से जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की है. फिलहाल अनगड़ा थाना प्रभारी हीरालाल साह मामले की जांच कर रही है.



## सरस्वती पूजा को लेकर बैठक सम्पन्न

**ठाकूरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):**मंगलवार को ठाकूरगांव सारदा संघ निराला चौक की एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें सरस्वती पूजा को लेकर मुदद‌े की बात हुई।सर्वसहमति से अभिषेक तिवारी को अध्यक्ष,मनोज गुप्ता को उपाध्यक्ष, प्रशांत गुप्ता को सचिव चुना गया,बैठक में अंजू साहू,गोविंद साहू,पंचम सिंह,जुगनू साहू सहित संस्था के सभी सदस्य मौजूद थे। आपको बता दे कि ठाकूरगांव में रांची के दुर्गा पूजा के तर्ज पर मा सरस्वती की पूजा की जाती है,पूरे छेत्र में दस से पंद्रह बड़े बड़े पंडाल बनाये जाते है तथा अत्याधुनिक लाइट से पूरे गांव सजाये जाते है।लोगो के दर्सन के लिए 2 दिन तक पंडाल का पट्ट खुला रहता है और तीसरे दिन विसर्जन बाजा गाजा के साथ पूरे धूमधाम से किया जाता है ।

# बचरा साइडिंग में असंगठित मजदूरों का अनिश्चितकालीन हड़ताल हुआ प्रारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा रेलवे साइडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों ने पांच सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार से बचरा साईडिंग में अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत कर दी है। साइडिंग में कार्यरत सभी असंगठित मजदूर अपने-अपने कार्यों को छोड़कर साइडिंग परिसर में धरना प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं।असंगठित मजदूर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में बचरा साइडिंग मे हड़ताल पर है।धरना प्रदर्शन में शामिल असंगठित मजदूरों ने प्रबंधन एवं कंपनी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।इस संबंध मे मजदूरों ने कहा कि बचरा साईडिंग में कार्यरत असंगठित मजदूरों का शोषण किया जा रहा है। मजदूरों को उनके अधिकारों से वंचित रखा जा रहा है।हाई पावर कमेटी की अनुशंसा को अभी तक लागू नहीं किया गया है,जिससे मजदूरों को उनका अधिकार नहीं मिल रहा है।मजदूरों की समस्या को लेकर यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में स्थानीय सीसीएल प्रबंधन को पूर्व में हड़ताल का नोटिस सौंपा जा चुका है।वहीं प्रबंधन के साथ वार्ता भी हुई है,लेकिन सहमति नहीं बनने के कारण हड़ताल प्रारंभ किया गया है।मजदूरों ने अपना आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा तब तक साइडिंग में हड़ताल जारी रहेगा।मजदुरो की प्रमुख मागों मे ठेकेदारी मजदूरों को एचपीसी के दर से मजदूरी का भुगतान करने,ठेकेदारी मजदूरों का सीएमपीएफ कटौती करने,ठेकेदारी मजदूरों को पेमेंट स्लिप देने, ठेकेदारी मजदूरों का हाजिरी फार्म डी में बनाने की मांग शामिल है।मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन को ज्ञापन सौंपने के बावजूद अभी तक कोई पहल नहीं की गई है,जिसके कारण मजदूरों में आक्रोश व्याप्त है।इधर मजदूरों की हड़ताल को लेकर साइडिंग परिसर में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है।सीसीएल सिक्योरिटी गार्ड एवं सीआईएसएफ के जवानों को यहां सुरक्षा में तैनात किया गया है।वही सीआईएसएफ के डिप्टी कमांडेंट दिनेश कुमार साइडिंग परिसर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली और मजदूरों से भी बात की।मजदूरों ने भी सुरक्षा अधिकारियों को भरोसा दिलाया कि उनके हड़ताल शांतिपूर्ण ढंग से चलेगा।इस मौके पर मुंशी महतो,भोला महतो टिंकू महतो,शंकर महतो,चिंतामन महतो,धनेश्वर महतो, चंद्रदेव ठाकुर,जितेंद्र महतो, करण महतो,निर्मल महतो, लटन महतो,जलेश्वर महतो, चमन महतो,दिलीप चौधरी, बिजली महतो,जयशंकर चौधरी, सुरेश गोप सहित काफी संख्या में मजदूर मौजूद थे।



# उपकारा खूंटी में औचक निरीक्षण किया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** झालसा के निर्देशन में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रसीकेस कुमार , जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा, जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर, प्रभारी कारा अधीक्षक अनुराधा कुमारी एवं जिले के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 नागेश्वर मांझी के द्वारा सुकन्या शांता बनाम भारत संघ एवं अन्य के आधार पर उपकारा खूंटी में औचक निरीक्षण किया गया। जेलों में जातिगत भेदभाव के तीन मुख्य पहलुओं की पहचान की गई हैः जाति के आधार पर शारीरिक श्रम का विभाजन। जाति के आधार पर जेल बैरकों का पृथक्करण। अधिसूचित जनजातियों के कैदियों एवं आदतन अपराधी के रूप में चिह्नित लोगों के विरुद्ध भेदभावपूर्ण प्रावधान। सरकार ने पहले भी सामुदायिक झड़पों को रोकने के उपाय के रूप में इस तरह के भेदभाव को उचित माना था। उपकारा खूंटी में औचक निरीक्षण से पता चला है की यहां किसी से किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जाता है ऐसा कोई तथ्य नहीं है। साथ ही नालसा द्वारा संचालित 90 दिवसीय आउटरीच अभियान पर आज खूंटी जिले के अलग-अलग जगहों पर जैसे- बिरहु पंचायत, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मुरहू, खूंटी थाना, लक्ष्मी नारायण प्लस टू हाई स्कूल मुरहू, डूमंगदीरी तपकरा, बारकुली पंचायत में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम अभी लगातार 90 दिनों तक चलता रहेगा। यह अभियान में आज का मुख्य विषय इस प्रकार है- निःशुल्क विधिक सहायता, बाल विवाह, मानव तस्करी, पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, चिकित्सा सहायता योजना एवं बच्चों से जुड़े अधिकार के बारे में जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया। उपयुक्त जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर के द्वारा दिया गया।




# चलो आज ख्वाजा का संदल उठेगा.....

## ख्वाजा गरीब नवाज के सलाना उर्स पर पिपरवार क्षेत्र मे डैग फातेहा का हुआ आयोजन

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाको मे मंगलवार को हिन्दवली हजरत ख्वाजा गरीब नवाज मोईनउद्दीन चिस्ती के सलाना उर्स मुबारक के मौके पर डेग फातेहा का आयोजन किया गया।इस मौके पर बचरा, राय,कल्याणपूर और न्यूमंगरदाहा मे कुरानखानी एंव मिलाद उन नबी का आयोजन किया गया,जिसमे हजरत ख्वाजा गरीब नवाज मोईनउद्दीन चिस्ती के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।राय मदरसा मे दोपहर दो बजे डैग फातेहा का आयोजन किया गया।फातेहा के बाद क्षेत्र एंव राज्य की अमन चेन और खुशहाली की दुआ मांगी गई।जिसके बाद उपस्थित सभी लोगों के बीच लंगर का वितरण किया गया।वही बचरा जामा मस्जिद में सुबह में कुरानखानी और मिलाद शरीफ एवं शाम को डैग फातिहा का आयोजन किया गया,जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।डैग फातिहा के बाद क्षेत्र और राज्य की खुशहाली के लिए दुआ मांगी गई,जिसके बाद सभी लोगों के बीच लंगर का वितरण किया गया।इस संबंध में बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज ने बताया कि देश में प्रत्येक वर्ष ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती का सालाना उर्फ बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाता है। ख्वाजा गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती ने देश में अमन चैन और आपसी भाईचारगी का संदेश देने का काम किया है।पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में भी सालाना उर्स के मौके पर जगह-जगह डेग फातिहा का आयोजन किया जा रहा है।डेग फातिहा के बाद क्षेत्र एवं राज्य की सुख शांति के लिए दुआ मांगी गई।इस मौके पर हाफिज मुमताज आलम, मुआज्जीन वासिक रजा, सेक्रेटरी इरफान शेख,अयूब अंसारी,सैयद अरमान, अमजद अली,छोटु खान, कल्लन आजाद,फारूक मंसूरी,रिंकु खान,जसीक आलम,पिन्टु खान,जसमुद्दीन अंसारी,जैनुल आबेदीन, सरवर खान,दस्तगीर आलम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।





## कोयलांचल के राय पंचायत में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** कोयलांचल क्षेत्र के राय पंचायत में भाजपा खलारी मंडल के द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया।इस कार्यक्रम में राय पंचायत के कई महिला एवं पुरुषों ने भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया।इस कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि कांके विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक समरीलाल एवं विशिष्ट अतिथि में भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा के पूर्व महामंत्री ललित ओझा, खलारी मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू,महामंत्री कार्तिक पांडे,सदस्यता संयोजक भरत रजक,सह संयोजक रामसुरत यादव,राय सदस्यता प्रभारी विकास दुबे,श्याम सुंदर सिंह, अभिषेक कुमार चौहान, रितेश केसरी,राजू गुप्ता, रमाशंकर तिवारी,दिलीप कुमार,मनोज सिंह,दिलेश्वर सोनी एवं कई लोग उपस्थित थे।सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों को पूर्व विधायक समरीलाल के द्वारा भारतीय जनता पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने पार्टी के उद्देश्य एवं सिद्धांत के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं सभी कार्यकर्ताओं को केंद्र की भाजपा सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं विकास कार्यो की जानकारी आम जनता तक पहुंचने का निर्देश दिया गया।कार्यक्रम का संचालन गणेश कुमार महतो ने किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे संतोष प्रजापति,नरेश महतो, राजेश कुमार,लालकृष्ण आडवानी,हबू महतो,गणेश महतो,तरूण कुमार,रवि सोनी,छोटेलाल महतो, अजय नायक, लालेश्वर महतो, मनोज करमाली, ओम कुमार,कृष्णा कुमार साहनी, रवि सोनी,जोगेश्वर महतो, कार्तिक प्रजापति, मोहन प्रजापति, दशरथ महतो,रवि मद्रासी, शंकर साव,कृष्णा साहनी,बिशुन कांदू, अर्जुन साहनी,विशनु साहु एवं अन्य लोगो का योगदान रहा।



## ठाकुर गांव के बगदा गांव में किसान मेला का किया गया आयोजन

**ठाकुरगांव (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामकृष्ण मिशन मोराबादी के तत्वाधान में मंगलवार को ठाकुर गांव थाना क्षेत्र के बगदा गांव में किसान मेला का आयोजन किया गया। मेला का उदघाटन अतिथि राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहु, विधायक सुरेश कुमार बैठा, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, आश्रम के सचिव स्वामी भवेशानंद जी महाराज,समेति के निदेशक विकास कुमार, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी, प्रमुख सत्यनारायण मुंडा,उपप्रमुख हरदेव साहु, पूर्व जिप उपाध्यक्ष पार्वती देवी,मुखिया पूजा किस्पोट्टा ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर राज्यसभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद ने कहा कि रसायनिक खादों व कीटनाशकों से उगाई गई सब्जियों के प्रयोग से कई जटिल बीमारियां हो रही है। साथ ही उन्होंने किसानों से जैविक विधि से खेती करने की भी बात कही। वहीं विधायक सुरेश बैठा ने विधानसभा क्षेत्र में किसानों के लिए जल्द ही कोल्ड स्टोर बनाने की बात कही। बाद में डुमरी विधायक जयराम महतो 5ः00 बजे शाम में पहुंचे लोगों ने ढोल नागड़ा और शहनाई के साथ स्वागत किया साथ ही जयराम महतो ने लोगों को संबोधित करते हुए लोगों को धन्यवाद कहा। इस किसान मेला में प्यारेलाल महतो चुने गये सर्वश्रेष्ठ किसान। किसान मेला में सर्वश्रेष्ठ किसान के रूप में बगदा गांव के प्यारेलाल महतो का चुनाव किया गया। मेला में किसानों द्वारा फसल के 678नमूने व पशु पक्षी के 120 नमूने लाये गये थे।



## कंबल व चादर का किया गया वितरण

**इटकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर पलमा स्थित भूमिजा फ्यूल्स के संचालक गौतम कुमार कुशवाहा ने ट्रक चालकों और खलासियों के बीच एक सौ कंबल और चादर का वितरण किया। गौतम ने बताया कि कड़ाके कि ठंड के कारण चालक और खलासियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसके मद्देनजर अपने दायित्व का निर्वाहन करते हुए गरीबों के बीच कंबल और चादर का वितरण करना नेक कार्य है। सभी लोगों को गरीबों व आसाहय लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

## राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वृद्ध जनों को निःशुल्क सहायक उपकरण का किया गया वितरण

**मांडर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर प्रखंड के नगड़ा पंचायत भवन में भारत सरकार के राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वृद्ध एवं जरूरतमंदों को सहायक उपकरण जैसे व्हील चेयर,वॉकिंग स्टीक,कमर बेल्ट,एवं घुटना बेल्ट उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुखिया बहादुर उरांव के द्वारा वितरण किया गया। इस मौके पर 40 वरिष्ठ नागरिकों के बीच सहायक उपकरण का निशुल्क वितरण किया गया। सभा का संचालन दिव्यांग समाज सेवी अफरोज अंसारी द्वारा किया गया। मुख्य वक्ताओं में समाज सेवी अनिल उरांव, झिरगा टाना भगत, अमानुल्ला अंसारी,अपनी बातों को रखा। आयोजन कर्ता नगड़ा पंचायत का मुखिया श्री बहादुर उरांव,दिव्यांग क्षेत्र में कार्य करने वाले अफरोज अंसारी ,जाहिद अंसारी ,संदीप तिर्की, नेसार अख्तर एवं दीप्ति आसरा समिति रांची के चंद्रमौली पांडे जी एवं एलिम्को के प्रतिनिधि अभिनाश कुमार और पी.ओ.ऐश्वर्या का मुख्य भूमिका रहा। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण लोग उपस्थित हुए।




## सिल्ली के बंता संच में आरोग्य फाउंडेशन की ओर से स्वस्थ शिविर का आयोजन

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता) :**एकल आरोग्य फाउंडेशन की ओर से रविवार को बंता संच के अडाल , कार्याडीह, और तुन्कु ग्राम में एकल आरोग्य प्रकल्प योजना के तहत स्वस्थ शिविर का आयोजन किया गया।शिविर में आस पास के कई गांवो के लोगों का स्वस्थ जांच कर दावा दिया गया।तीनों गांव में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब तीन सौ लोगों का स्वस्थ जांच किया गया, और इन्हें निशुल दावा भी दिया गया। तीनों जगह लगाए गई शिविर में रिम्स से आए सीनियर डॉक्टर की देख रख में जांच किया गया । रिम्स से आए डॉ मुकुल भाटिया, डॉ भूपेश,डॉ दिनेश आदि शामिल थे इनके सहयोग के लिए रिम्स से तीस अलग अलग विभाग के प्रशिक्षु चिकित्सक के टीम ने भी सहयोग किया।आरोग्य फाउंडेशन के स्वस्थ शिविर को सफल बनाने में सच के राजनाथ महतो , सुरेंद्र महतो, सावित्री देवी ,संतोषी देवी ओर बिलासो देवी ने तीन दिन पहले से ही गांव में जाकर लोगों को स्वस्त शिविर की जानकारी दी, और जागरूक किया गया ताकि लोग जाकर इसका लाभ ले सके।चिकित्सा शिविर का उद्घाटन सिल्ली आरोग्य संच के अध्यक्ष पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ओर संच के सावित्री देवी संतोषी देवी विलासों देवी राजनाथ महतो आदि लोगों ने ने दीप प्रज्वलित कर किया गया।



## ढोकरा शिल्पकारों का 50 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले के कर्रा प्रखंड स्थित जरियागढ़ गांव में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के तत्वावधान में आयोजित 50 दिवसीय ढोकरा शिल्पकार प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज हुआ। इस कार्यक्रम में कुल 20 शिल्पकारों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिल्पकारों को उनके कौशल में निखार लाना और उन्हें उन्नत तकनीकी उपकरणों का उपयोग सिखाना था। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को उन्नत टूल किट भी प्रदान किए गए, जिससे वे अपने शिल्प कार्य को अधिक कुशलता और उत्पादकता के साथ कर सकें। समापन समारोह में जिला उद्यमी समन्वयक आतेन विश्वासी टोपनो, प्रखंड उद्यमी समन्वयक संतोष कुमार सोनी, जगरनाथ साहू और प्रकाश महाराणा समेत सभी प्रशिक्षु उपस्थित थे।



## अवैध अफीम की खेती के खिलाफ जिला प्रशासन की कार्रवाई जारी



**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार, जिले में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आज कर्रा, खूँटी समेत अन्य प्रखंडों में अवैध अफीम की खेती को नष्ट करने की कार्रवाई की गई। जिला प्रशासन ने ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों का उपयोग कर इन फसलों को पूरी तरह से नष्ट किया। इस कार्रवाई में अंचल अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत अन्य विभागीय अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। प्रशासन ने इस अभियान के माध्यम से अवैध खेती करने वालों को कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को जिले में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं अवैध अफीम की खेती मामले में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर एफआईआर समेत अन्य कार्रवाई का निर्देश दिया गया। साथ हीं उपायुक्त ने आम जनता से अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी तुरंत प्रशासन को दें ताकि जिले को अपराधमुक्त बनाया जा सके। साथ हीं उन्होंने अवैध अफीम की खेती छोड़ कर ऐसे लोगों को वैकल्पिक खेती करने की बात कही।

## आयोडीन की शक्ति से जीवन को बेहतर बनाने में टाटा साल्ट की अग्रणी भूमिका

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** भारत ने आयोडीन की कमी से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को दूर करने में महत्वपूर्ण प्रगति की है। आयोडीन, एक महत्वपूर्ण सूक्ष्म पोषक तत्व है, जो थायरॉयड फ़ंक्शन में एक आवश्यक भूमिका निभाता है, और इसकी कमी से आयोडीन की कमी से होने वाले विकार (ढ्ढष्ठष्ठ) हो सकते हैं। ये विकार सभी उम्र के लोगों को प्रभावित करते हैं और इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं, खासकर बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए। आयोडीन की कमी से जुड़ी सबसे चिंताजनक स्थितियों में से एक हाइपोथायरायडिज्म है, जिसमें थायरॉयड पर्याप्त हार्मोन का उत्पादन करने में विफल रहता है।यदि इसका इलाज न किया जाए, तो यह स्थिति जानलेवा हो सकती है, जिससे थकान, वजन बढ़ना, शुष्क त्वचा और ठंड के प्रति संवेदनशीलता जैसे लक्षण हो सकते हैं।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



## क्रिकेट टूर्नामेंट में घोड़ानेगी ने बंगाल के रसुलडीह को हराकर बनी चैंपियन



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के सोड़ो नव युवक समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतिम दिन आज फाइनल में घोड़ा नेगी क्रिकेट टीम ने बंगाल के रसुलडीह टीम को हराकर कर खिताब अपने नाम किया। विजेता घोड़ानेगी को 18 हजार एवं उपविजेता रसुलडीह को 12 हजार एवं तीसरे कांकीटांड को 6 हजार और चौथे नंबर पर रही सिंदरी को 6 हजार रूपए देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुख्य रूप में सोड़ो पंचायत के मुखिया नयन सिंह मुण्डा, आजसू के ईचागढ़ प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो, राधा गोविंद गुप्ता, शरवेश्वर गोप, परमेश्वर, राहुल, अशोक, शंकर, बलराम, कालीपद, ठाकुर सिंह, दुर्गा,भगत, ब्रजेश आदि उपस्थित थे।

## कुड़मी संस्कृति विकास समिति नेताजी जयंती पर करेगा रक्तदान शिविर का आयोजन




**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुड़ाबांदा प्रखंड के ज्वालकाटा में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को रक्तदान शिविर का आयोजन कुड़मी संस्कृति विकास समिति गुड़ाबांदा इकाई द्वारा किया जायेगा। रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए के मंगलवार को ज्वालकाटा चौक में समिति द्वारा एक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में रक्तदान शिविर के लिए व्यापक प्रचार प्रसार व जन जागरुकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता भूषण महतो ने की। मौके पर पूर्व मुखिया विनापाणी मांडी, कुड़मी विकास समिति अध्यक्ष सपन महतो, मदन महतो, दिनेश महतो, आदित्य महतो, संजय महतो, अर्जुन ठाकुर, रविंद्र नाथ महतो आदि उपस्थित थे।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे किसान : बीडीओ



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड मुख्यालय सभागार में कृषि पशुपालन सहकारिता विभाग के द्वारा मंगलवार को फसल सुरक्षा योजना 2024 -25 के तहत किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ साधुचरण देवगम ने की। इसका उद्घाटन बीडीओ, कृषि वैज्ञानिक पीयूष श्रीवास्तव, बीटीएम राजेश कुमार, अध्यक्ष कृष्ण सोय, मंगल सिंह मुंडा ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर बीडीओ ने किसानों को कीटनाशकों के सुरक्षित उपयोग मित्र कीटों की उपयोगिता और जैविक खेती के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं बीएओ लिबुनश हेंब्रम ने गोष्ठी में जैविक खेती और मोटे अनाज के महत्व पर जोर दिया। वहीं बीटीएम राजेश कुमार ने कहा, कृषि विभाग प्राकृतिक खेती तथा ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की योजनाओं का संचालन कर रही है। किसान गोष्ठी में किसान मित्र बुंदीराम सोय, अध्यक्ष कृष्ण सोय, कारू मुंडा, दांसार बांदिया, भोंज सिंह मुंडा, सचिन सुंडी, विमल प्रधान, सुखलाल मुंडा, अश्वनी सिंह देव आदि उपस्थित थे।

## मानगो राजस्थान भवन में श्याम बाबा का जागरण 10 जनवरी को




**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मानगो डिमना रोड़ स्थित श्री राजस्थान भवन में नव वर्ष के अवसर पर आगामी 10 जनवरी शुक्रवार की रात को श्याम बाबा का मासिक एकादशी जागरण (संकीर्त्तन) का आयोजन होने जा रहा हैं। भक्तों द्वारा बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जायेगा। इस कार्यक्रम के आयोजक करने वाले श्याम-कराने वाले श्याम (श्याम प्रेमी) हैं। इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। यह जानकारी धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल मानगो से जुड़े श्याम प्रेमी शंकर लाल अग्रवाल ने मंगलवार को प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर दी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की देर संध्या 08.30 बजे से बाबा श्याम की पूजा अर्चना, ज्योत प्रज्जवलित सहित श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ होगा, जो प्रभु इच्छा से देर रात तक चलेगा। इस अवसर पर स्थानीय आमंत्रित भजन गायक क्रमशः रोहित गुलाटी, पंकज अग्रवाल, नेहा कौर एवं लाला जोशी बाबा श्याम के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमायेंगें। आयोजकों ने सभी श्याम प्रेमियों से बाबा के दरबार में हाजरी लगाने का अनुरोध किया हैं।

## आदिवासी तिलका फुटबॉल एसोसिएशन सिंहभूम का दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट 1-2 फरवरी को



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) ।** आदिवासी तिलका फुटबॉल एसोसिएशन सिंहभूम के सदस्यों की बैठक कोलाबीरा फुटबॉल मैदान में शिवनंदन किस्कू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में आगामी एक व दो फरवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता को सफल बनाने की रूपरेखा पर चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष शिवनंदन किस्कू ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही है। इसमें विजेता टीम को 6 लाख रुपए नकद व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 4 लाख नकद व ट्रॉफी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा तृतीय व चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को दो-दो लाख रुपए नकद प्रदान किया जाएगा। साथ ही, व्यक्तिगत पुरस्कार के रूप में एक लाख रुपए की राशि का वितरण होगा। किस्कू ने बताया कि पूर्व में उक्त प्रतियोगिता का आयोजन आगामी आठ व नौ फरवरी को निर्धारित की गई थी। किन्तु, मैट्रिक परीक्षा को देखते हुए तिथि में परिवर्तन किया गया है। बैठक में मुख्य संरक्षक अख्तर हुसैन, करीम, रवींद्र मंडल, शिशिर महतो, सिकंदर सोरेन समेत समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## कुचाई के दामादिरी में दो दिवसीय फुटबॉल में मंगल एंड मंगल बनी विजेता



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कुचाई प्रखंड क्षेत्र के दामादिरी फुटबॉल मैदान में सारना शक्ति क्लब के तत्वाधान में दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 32 टीम हिस्सा लिया। समापन समारोह में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मुंडा, प्रखंड सचिव मुन्ना सोय, भवेश मिश्रा, कारू मुंडा, सुरेश सोय एवं कालीया जामुदा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल खेल का उद्घाटन किया। फाइनल में मंगल एंड मंगल एवं मिस छोटी के बीच खेला गया जिसमें टाई ब्रेकर के माध्यम से मंगल एवं मंगल टीम विजेता रही विजेता टीम को 12 हजार द्वितीय स्थान मिस छोटी के टीम को 9 हजार तृतीय स्थान आजाद क्लब के टीम को 7 हजार एवं चतुर्थ स्थान पर रहे। बिद्री एचसी के टीम को 5 हजार नगद राशि अतिथियों के हाथों पुरस्कृत किया गया।

### डीसी व एसपी ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, लोगों से अपील

# खुद व परिवार के लिए करें सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**सरायकेला :** परिवहन विभाग द्वारा 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। इसी के तहत आज समाहरणालय परिसर से उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लूणायत एवं जिला परिवहन पदाधिकारी गिरजा शंकर महतो ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण कर सड़क सुरक्षा के आयामों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा तथा इसमें लोगों को यातायात नियमों और सड़क सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की जाएगी। उन्होंने आमजनों से अपील किया कि वह मोटर साइकिल का परिचालन हेलमेट पहनकर निर्धारित गतिसीमा में करें तथा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चालक अपने और अपने परिवार के लिए सड़क सुरक्षा नियमों का अनुपालन करें तथा अपने आस-पास के लोगो को भी प्रेरित करें। पुलिस अधीक्षक ने कहाँ की परिवहन विभाग एवं ट्रेफिक पुलिस संयुक्त रुप से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर अभियान को सफल बनाने तथा लोगो को यातायात नियमों के पालन करने हेतु प्रेरित कर रही है। उन्होंने कहाँ की जागरूकता उद्देश्य से विभिन्न थाना क्षेत्रों मे सड़क स्थित विभिन्न रेस्टोरेंट/ढाबा मे अभियान के तहत वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन तथा वाहन चलाते समय शराब आदि नशा का उपयोग ना करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मौके पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेन्द्र उरांव, कार्यपालक दंडाधिकारी कमलेश दास एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## मनुष्य को तीन बातें जीवन में अपनानी चाहिए, पराजय का सामना नहीं होगा : महाराज जी



**- पूर्व राज्यपाल रघुवर दास हुए शामिल**

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विजया गार्डन बारीडीह में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन मुख्य अतिथि के रूप में उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास उपस्थित हुए एवं विश्राम की आरती कर उन्होंने महाराज श्री से आशीर्वाद प्राप्त किया। वही आज सैकड़ो लोगों ने महाराज जी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया। महाराज जी ने प्रभु के वामन अवतार के वृतांत का का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। वृंदावन से पधारे महाराज के द्वारा बताया गया कि मनुष्य को तीन बातें जीवन में अपनानी चाहिए, एक माता-पिता और गुरुजनों की सेवा, अतिथि सत्कार और गौ सेवा। यह तीन चीज जिस मनुष्य ने अपने जीवन में अपनाई उसे कभी भी जीवन में पराजय का सामना नहीं करना पड़ता है। भागवत कथा में कंस का उद्धार करने के लिए श्री कृष्ण भगवान ने देवकी के आठवें गर्भ के रूप में अवतार लिया का वर्णन हुआ और श्रीमद् भागवत कथा में श्री कृष्ण भगवान का जन्म उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया।

## जुस्को स्कूल साउथ पार्क में नर्सरी प्रवेश के लिए रैंडम ड्रॉ संपन्न, 18 को जारी होगा लिस्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** जुस्को स्कूल साउथ पार्क ने डीएसई कार्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार 7 जनवरी, 2025 को सत्र 2025-26 के लिए नर्सरी में प्रवेश के लिए रैंडम ड्रा आयोजित किया। रैंडम ड्रा सत्र में स्कूल प्रबंध समिति के सदस्य रुचि नरेंद्रन, प्रबंध ट्रस्टी, जेईएम फाउंडेशन, ए.एफ. मदन, प्रशासक, जेईएम फाउंडेशन जीजू थॉमस, वरिष्ठ प्रबंधक जेईएम फाउंडेशन, संजीव कुमार चौधरी, अध्यक्ष टीडब्ल्यूयू, झुमझुमी नंदी, प्रिंसिपल, जेएसके, नवीन कुमार सिंह, प्रबंधक जेईएम फाउंडेशन, डॉ. विवेक शर्मा, अभिभावक प्रतिनिधि, गुरमीत कौर, उप प्रिंसिपल और स्टाफ प्रतिनिधि, जेएसएसपी, और स्कूल प्रिंसिपल मिली सिन्हा की उपस्थिति में आयोजित किया गया। डीएसई कार्यालय से पर्यवेक्षक के रूप में प्रतिनियुक्त स्वेता कुमारी, सीआरपी, करीमिया एन 1 टाइप रैंडम ड्रा प्रक्रिया को देखने के लिए मौजूद थीं। इस प्रक्रिया के लिए, प्रवेश फॉर्म की जांच की गई और उसके बाद उसका वर्गीकरण किया गया। स्कूल चयनित उम्मीदवारों के नाम 18 जनवरी, 2025 को जारी करेगा।

## जमशेदपुर एफसी ने मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ मुकाबले के लिए बहाया खूब पसीने

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** आगामी 12 जनवरी को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मुंबई सिटी एफसी से भिड़ने के लिए जमशेदपुर एफसी तैयार है। इसको लेकर आज जमशेदपुर एफसी ने फ्लैटलेट ग्राउंड में ट्रैनिंग शुरू कर दी है। वर्तमान में तालिका में चौथे स्थान पर काबिज यह टीम अपनी हालिया सफलता को आगे बढ़ाना चाहती है, जिसमें स्टील डर्बी में बेंगलुरु एफसी के खिलाफ शानदार वापसी की जीत भी शामिल है। मुंबई सिटी एफसी के पांचवें स्थान पर होने के कारण, एक कड़े मुकाबले के लिए मंच तैयार है। कोच खालिद जमील खिलाड़ियों को प्रेरित करते और आगामी मैच के महत्व पर जोर देते हुए देखे गए। टीम का मनोबल ऊंचा है और उन्हें मुंबई सिटी एफसी के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करने का भरोसा है। 12 जनवरी को शाम 7-30 बजे शुरू होने वाले इस मैच के साथ, प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## महिला पॉलीटेक्निक गम्हरिया में महिला सशक्तीकरण एवं उत्पीड़न पर कार्यशाला आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**गम्हरिया :** राजकीय महिला पॉलीटेक्निक गम्हरिया के सेमिनार हॉल में महिला सशक्तीकरण एवं महिला उत्पीड़न के खिलाफ एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि डीएसपी (परिक्ष्यमान) पूजा कुमारी के द्वारा किया गया। इससे पूर्व संस्थान की ओर से अतिथियों का सत्कार पुष्प गुच्छ प्रदान कर किया गया। मुख्य अतिथि ने संस्थान के छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए महिला उत्पीड़न के संबंध में कानूनी जानकारी दी। इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार ने कहा कि संस्थान में अध्ययनरत छात्राएँ सभी किशोरावस्था में है जो महिला उत्पीड़न से संबंधित कानूनी जानकारी पाने से खुद को सुरक्षित महसूस करेंगी। कार्यशाला को अन्य अतिथियों में उपस्थित सब इस्पेक्टर कुमारी तिलोत्मा, महिला थाना प्रभारी, एसएचओ महिला पीएस, एएसआई नन्दिता बिरुआ, गम्हरिया थाना के सब इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह तथा डायल-112 की डीसीसी प्रियंका भारती आदि ने भी संबोधित किया। इस मौके पर संस्थान के फैकल्टी मेम्बर प्रो राजेश प्रसाद, ब्रजेन्द्र कुमार, संजय कुमार भगत, सुबोध कुमार, बिहारी गोंड, विष्णु शंकर सिंह, शिव सागर प्रसाद समेत काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित थी।

## मामूली बात को लेकर मारपीट, एक गंभीर, आरोपी गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** पटमदा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोड़सा गांव में मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 6 बजे हुई मारपीट की घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते हैं कि जोड़सा गांव निवासी पेशे से मजदूर देबू दास (36 वर्ष) अन्य दिनों की भांति सुबह में अपने घर से पैदल ही बस पकड़ने के लिए जा रहा था। पीछे से आ रहा गांव के ही अन्य युवक अभिनाथ सिंह के साथ मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद दोनों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान अभिनाथ ने देबू की लात- घूंसे से जमीन पर गिराकर बुरी तरह से पिटाई कर दी जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। कुछ देर बाद वह अपने घर में खून की उल्टी करने लगा तो इससे भयभीत हो कर परिजनों ने इसकी सूचना पटमदा थाने को दी। फिर पुलिस ने एम्बुलेंस भेजकर उसे पहले माचा स्थित सीएचसी अस्पताल में इलाज कराया। इसके बाद गंभीर हालत को देखते हुए उसे एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। जबकि पुलिस द्वारा आरोपी युवक अभिनाथ सिंह को हिरासत में लिए जाने की सूचना है। बताते हैं कि दोनों ही युवक जमशेदपुर में मजदूरी करते हैं और नशे का आदी हैं।

## एफसीआई डॉग शो जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 9-12 जनवरी तक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**जमशेदपुर :** 34वां और 35वां एफसीआई डॉग शो, फेडरेशन साइनोलॉजिक इंटरनेशनल (एफसीआई) और द केनल क्लब ऑफ इंडिया के संरक्षण में, तथा 77वां और 78वां चैम्पियनशिप डॉग शो, जमशेदपुर केनेल क्लब द्वारा आयोजित, 9 से 12 जनवरी 2025 तक जे.आर.डी. टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के आर्चरी ग्राउंड, जमशेदपुर में आयोजित होगा।

जेकेसी शो हर साल आयोजित किया जाता है, लेकिन एफसीआई शो की मेजबानी का गौरव जमशेदपुर केनेल क्लब को इसकी स्थापना (1977) के बाद केवल दूसरी बार प्राप्त हुआ है। इस आयोजन में निम्नलिखित कार्यक्रम भी शामिल होंगे- ओबीडियंस टेस्ट; लैब्राडोर स्पेशल्टी शो; बीगल स्पेशल्टी शो; डोबर्मन स्पेशल्टी शो; साईबेरियन हस्की स्पेशल्टी शो। जमशेदपुर केनेल क्लब का ओबीडियंस प्रतियोगिता भारत में सबसे सम्मानित ओबीडियंस प्रतियोगिता है। इस ओबीडियंस टेस्ट में 49 श्वान भाग ले रहे हैं। इनमें से 27 श्वान पोस्ट ग्रेजुएट क्वालिफिकेशन के लिए और 18 श्वान कम्पैनियन डॉग असेसमेंट (चिकित्सा उद्देश्यों के लिए उपयोग किए जाने वाले कुत्ते) के लिए भाग ले रहे हैं। एफसीआई शो और जेकेसी शो में 421 श्वान प्रतियोगिता के बेस्ट इन शो के लिए मुकाबला करेंगे। विभिन्न नस्लों की संख्या अब तक की सर्वश्रेष्ठ 49 नस्लों तक पहुँच गई है। जहाँ कई विदेशी नस्लों का प्रदर्शन होगा। शो में कई विदेशी नस्लें भाग ले रही हैं। कीशॉन्ड और टॉय स्पैनियल पापिलॉन नस्लें पहली बार जमशेदपुर के ग्राउंड पर भाग ले रही हैं। कई ऐसी नस्लें भी हैं जिन्हें कई वर्षों बाद इस ग्राउंड पर देखा जाएगा, जैसे- समॉयड, मिनिएचर श्नौज़र, इंग्लिश सेट्टर, मिनिएचर पिंचर (जिसे मिनपिन भी कहा जाता है), डॉग डि बॉरडॉक्स, डोगो अर्जेंटिनो,।अमेरिकन स्टैफोर्डशायर और कुछ अन्य। कुछ विदेशी नस्लें जिसने पिछले साल भाग लिया था, इस साल भी दिखाई देंगी, जैसे- शिपरके, फॉक्स टेरियर, जैक रसल टेरियर, इंग्लिश पॉइंटर, केन कोर्सो आदि। इस साल के शो में जमशेदपुर के पालतू कुत्तों के मालिकों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जमशेदपुर के शीर्ष 8 श्वानों को बेस्ट इन शो से लेकर 8वें बेस्ट इन शो तक रैंक किया जाएगा।

## यूसिल के ईडी बने सिंघई, सुमन को तुम्मलापल्ली प्रोजेक्ट यूनिट हेड की जिम्मेदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जादूगोड़ा :** यूसिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निर्देशक डॉक्टर संतोष कुमार सत्पति की मंजूरी के बाद कंपनी के पांच वरीय अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है। इधर यूसिल में सीएसआर के नोडल अधिकारी सह महाप्रबंधक एम के सिंघई को कंपनी का कार्यकारी निर्देशक बनाया गया है। वहीं जादूगोड़ा मिल प्रोसेसिंग प्लांट भी श्री सिंघई के अधीन होगा। जबकि यूसिल की झारखंड से बाहर आंध्र प्रदेश की तुम्मलापल्ली यूरेनियम प्रॉजेक्ट के यूनिट हेड ( प्रोसेसिंग प्लांट) की जिम्मेदारी सुमन सरकार को सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त गौतम धर( इलेक्ट्रिकल) बी सी गुप्ता ( कंपनी सचिव) आर के मिश्रा ( सिविल) की भी कंपनी ने महाप्रबंधक पद पर पदोन्नति दी है। इधर पदोन्नति के बाद सीएसआर के संयोजक जीतेश कुमार ने कंपनी के नए कार्यकारी निर्देशक एम के सिंघई से मुलाकात की और गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी।

## भाजपा सदस्यता अभियान तेज करने को जिलाध्यक्ष ने की पटमदा में बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पटमदा :** भाजपा का प्राथमिक सदस्यता अभियान सत्र - 2024-2030 को तेज करने के लिए मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक मंडल अध्यक्ष बासुदेव मंडल की अध्यक्षता में पटमदा के लावा निताई सिंह भवन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जमशेदपुर महानगर के जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा शामिल हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं को अभियान को सफल बनाने हेतु कई टिप्स दिए। पूरे जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के 8 मंडलों में अबतक 7 हजार से अधिक नए सदस्यों को भाजपा परिवार में जोड़ा गया है। 14 जनवरी तक चलाए जाने वाले अभियान को ओर भी तेज करने के लिए पटमदा मंडल के हर बूथ में दो - दो सक्रिय कार्यकर्तायों को जिम्मा सौंपा गया है। इस दौरान मंडल प्रभारी संदीप मिश्रा, कृष्णपद सिंह, शरत सिंह सरदार, गणेश मुंडा, प्रधान महतो,देवेंद्र कुंभकार, सुभाष माहली, कृष्ण महतो, ओमप्रकाश अग्रवाल समेत अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## घाटशिला के कृषि विज्ञान केन्द्र दारीसाई में फसल सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** फसल सुरक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषक वैज्ञानिक अन्तमिलन (रबी) का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र, दारीसाई, घाटशिला में किया गया। कृषक वैज्ञानिक अन्तमिलन के अन्तर्गत कृषकों को रबी मौसम में लगाये जाने वाले फसल, सब्जी का प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन एवं कीट व्याधियों का प्रकोप, उपचार, कीटनाशी के उपयोग कृषि विज्ञान केन्द्र एवं क्षेत्रीय अनुशंधान केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा दिया गया। किसानों के द्वारा पूछे गये सवालों का जवाब भी वैज्ञानिको के द्वारा दिया गया। इस कार्यक्रम में घाटशिला अनुमण्डल के 7 प्रखण्डों के कुल 58 महिला एवं पुरूष प्रगतिशील किसान उपस्थित रहें। वैज्ञानिक एवं पदाधिकारीयों में जिला कृषि पदाधिकारी, प्रधान कृषि विज्ञान केन्द्र, दारीसाई, घाटशिला डॉ भुषण प्रसाद सिंह, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, दारीसाई, घाटशिला, डॉ शंभु कुमार, वैज्ञानिक क्षेत्रीय अनुशंधान केन्द्र, दारीसाई, घाटशिला एवं डॉ लीली, कृषि विज्ञान केन्द्र, दारीसाई, उप परियोजना निदेशक, आत्मा उपस्थित रहे।

## विचार प्रवाह

संपादकीय

## आक्रांता और लुटेरा ही था गजनवी

**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने महमूद गजनवी को आक्रमणकारी और डाकू-लुटेरा बताकर खलबली मचा दी है। आसिफ ने समाचार चैनल को दिए साक्षात्मकार में कहा है कि "महमूद गजनवी आता था और लूटमार करके वापस चला जाता था। हालांकि, हमारे यहाँ उसे हीरो के तौर पर चित्रित किया जाता है, लेकिन मैं उसे हीरो नहीं मानता"। उनके बयान को पाकिस्तान में 'एंटी पाकिस्तान' कहा जा रहा है। पाकिस्तान के दूसरे बड़े नेता रक्षा मंत्री के बयान को 'भारतीय सोच' बता रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान महमूद गजनवी को अपना आदर्श मानता है। हालांकि, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का कहना बिल्कुल ठीक है क्योंकि जिस समय महमूद गजनवी ने भारत पर आक्रमण किया और यहाँ लूट-मार की थी, तब पाकिस्तान नाम का अस्तित्व ही नहीं था। भले ही पाकिस्तान इतिहास को झुठलाए लेकिन यह सत्य है कि भारत और पाकिस्तान का साझा इतिहास है। वह इतिहास बताता है कि महमूद गजनवी एक लुटेरा ही था। दुर्भाग्य की बात यह है कि जिस सच को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री आसिफ ने स्वीकार कर लिया है, उसे भारत में बैठे कई लोग स्वीकार नहीं करते हैं। भारत पर हमला करनेवाले महमूद गजनवी, चंगेज खान से लेकर बाबर तक को यदि आक्रांता कहा जाता है तब यहाँ भी अनेक सेकुलर नेता एवं बुद्धिजीवी उनके वकील बनकर खड़े हो जाते हैं। यह भी दुर्भाग्यपूर्ण है कि भारत में अनेक स्थान ऐसे ही बर्बर लुटेरे एवं आक्रांताओं के नाम से पहचाने जाते हैं। जब वर्तमान मोदी सरकार आक्रांताओं के निशानों को मिटाने का प्रयत्न करती है, तब यही सेकुलर ब्रिगेड हो-हल्ला मचाती है। सोचिए, जिस बख्तियार खिलजी ने नालंदा विश्वविद्यालय के पुस्तकालय को नष्ट करने का भयंकर अपराध किया, उसके नाम पर हमारे यहाँ रेलवे स्टेशन है। जिस बाबर ने भारत में कत्लोगारत की, उसके नाम से एक समय तक तथाकथित बाबरी ढांचा था, जिसे मस्जिद बताकर एक बड़ा वर्ग उसके साथ खड़ा होता था। आक्रांताओं के संबंध में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री की सोच स्पष्ट है लेकिन भारत में कई लोग भ्रम का शिकार हैं। जिस बाबर के नाम पर भारत में छाती पीटी जाती है, उसे तो अफगानिस्तान ने भी अपना नहीं माना। जनसंघ के बड़े नेता रहे बलराज मधोक ने अपनी पुस्तक 'जिन्दगी का सफर-२, स्वतंत्र भारत की राजनीति का संक्रमण काल' में उल्लेख किया है कि वह अगस्त 1964 में काबुल यात्रा पर गए। वहाँ उन्होंने काबुल स्थित बाबर का मकबरा देखा। इतने बड़े बादशाह के मकबरे की हालत खस्ता थी। इसके ईदगिर्द न सुन्दर मैदान था और न फूलों की क्यारियां। यह देख बलराज मधोक ने मकबरा की देखभाल करनेवाले एक अफगान कर्मचारी से पूछा कि इसके रखरखाव पर विशेष ध्यान क्यों नहीं दिया जाता? उसका उत्तर सुनकर वे अवाक रह गए और शायद आप भी सोचने पर मजबूर हो जाएं। उसने मधोक को उत्तर दिया था – "कुत्सित विदेशी के मकबरे का रखरखाव हम क्यों करें?" काबुल में वह वास्तव में विदेशी ही था। उसने फरगना से आकर काबुल पर अधिकार कर लिया था। परन्तु कैसी विडम्बना है कि जिसे काबुल वाले विदेशी मानते हैं उसे हिन्दुस्तान के पथभ्रष्ट बुद्धिजीवी हीरो मानते हैं। इसका मूल कारण उनमें इतिहास-बोध और राष्ट्रभावना का अभाव होना है। जिस दिन लोग निरपेक्ष भाव से इतिहास को देखना शुरू करेंगे, उन्हें भी पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ की भाँति महमूद गजनवी से लेकर बाबर तक में आक्रांता और लुटेरा नजर आने लगेगा। जो लोग केवल संप्रदाय के नाम पर इन लुटेरों को अपना हीरो मानते हैं, उन्हें एक बार अपने बारे में विचार करना चाहिए। साथ ही, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान पर गहरायी से चिंतन करना चाहिए।


आसिफ ने समाचार चैनल को दिए साक्षात्मकार में कहा है कि "महमूद गजनवी आता था और लूटमार करके वापस चला जाता था। हालांकि, हमारे यहाँ उसे हीरो के तौर पर चित्रित किया जाता है, लेकिन मैं उसे हीरो नहीं मानता"। उनके बयान को पाकिस्तान में 'एंटी पाकिस्तान' कहा जा रहा है। पाकिस्तान के दूसरे बड़े नेता रक्षा मंत्री के बयान को 'भारतीय सोच' बता रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान महमूद गजनवी को अपना आदर्श मानता है। हालांकि, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का कहना बिल्कुल ठीक है क्योंकि जिस समय महमूद गजनवी ने भारत पर आक्रमण किया और यहाँ लूट–मार की थी, तब पाकिस्तान नाम का अस्तित्व ही नहीं था। भले ही पाकिस्तान इतिहास को झुठलाए लेकिन यह सत्य है कि भारत और पाकिस्तान का साझा इतिहास है।


### भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है

## स्कूलों में छात्रों की संख्या का घटना चिन्ताजनक

ललित गर्ग


स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत–सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022–23 व 2023–24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है।


**शिक्षा** मंत्रालय के अन्तर्गत शिक्षा के लिए एकीकृत जिला सूचना प्रणाली की ताजा रिपोर्ट के अनुसार भारत में स्कूलों की संख्या बढ़ रही है, पर स्कूली छात्रों की संख्या घट रही है। स्कूली छात्रों की संख्या घटना न केवल चिंताजनक और विचारणीय है बल्कि नये भारत-सशक्त भारत निर्माण की एक बड़ी बाधा भी है। भारत में स्कूलों की संख्या में करीब 5,000 की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ माध्यमिक स्तरों सहित 14,89,115 स्कूल हैं। ये स्कूल 26,52,35,830 छात्रों को पढ़ाते हैं। इनमें से कुछ स्कूलों को उनकी प्रतिष्ठा, स्थापना के वर्षों, महत्वपूर्ण स्कूल परिणामों, मार्केटिंग रणनीतियों आदि के कारण उच्च छात्र नामांकन प्राप्त होते हैं लेकिन पर साल 2022-23 व 2023-24 के बीच स्कूली छात्रों के नामांकन में 37 लाख की कमी आई है। यह स्थिति अनेक सवाल खड़े करती है। क्या स्कूली शिक्षा ज्यादातर बच्चों की पहुंच के बाहर है? क्या शिक्षा का आकर्षण पहले की तुलना में घटा है? भारत में शिक्षा प्रणाली लाखों छात्रों के जीवन और भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अपने समृद्ध इतिहास और विविध संस्कृति के साथ, भारत में एक जटिल और विशाल शैक्षिक परिदृश्य है। भारत में शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत पूर्व-प्राथमिक, प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा सहित विभिन्न चरण शामिल हैं। महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं। डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिसट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की यह ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर होने के बावजूद छात्रों की संख्या का घटना गहन विमर्श का विषय है। शिक्षा मानव-जीवन के विकास का आधार स्तंभ है। शिक्षा के अभाव में मानव-जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यह मनुष्य को उत्कृष्टता एवं उच्चता के शिखर पर स्थापित करती है। शिक्षा प्रकाश एवं शक्ति का ऐसा स्रोत है जो नये



भारत के विकास का आधार है। जो हमारी शारीरिक, मानसिक, भौतिक और आध्यात्मिक शक्तियों तथा क्षमताओं का निरन्तर सामंजस्यपूर्ण विकास करके नये भारत, सशक्त भारत के निर्माण के संकल्प को मजबूती देता है। देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन छात्रों के नामांकन में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला छात्रों का नामांकन 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी श्रेणियों यानी लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि में है। जहां तक शिक्षा के बीच में छात्रों के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्तर में होने वाली बढ़ोतरी ज्यादा परेशान करने वाली है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2 प्रतिशत है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9 प्रतिशत हो जाती है। इसके पीछे ओबीसी और एससी-एसटी श्रेणी के छात्रों को दाखिले के दौरान होने वाली जटिल प्रक्रिया, मुश्किलें और किसी अभावग्रस्त छात्र के लिए आर्थिक मदद या छात्रवृत्ति जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। छात्रों के नामांकन की घटती संख्या को जाति के आधार पर अगर देखें, तो अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के नामांकन में 25 लाख से अधिक, अनुसूचित जाति (एससी) वर्ग के छात्रों में 12 लाख और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग के छात्रों में दो लाख की गिरावट हुई है। नामांकन से वंचित हुए अल्पसंख्यक छात्रों की संख्या तीन लाख है, जबकि इनमें से एक तिहाई मुस्लिम हैं। भारत में नई पीढ़ी को यथोचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है। शिक्षा से वंचित रहने के जो कारण हैं, उनमें सबसे बड़ा कारण गरीबी है। सरकारी स्तर पर सरकारों ने गरीब छात्रों के लिए अनेक इंतजाम किए हैं, पर इन इंतजामों का सभी छात्रों तक समान रूप से पहुंचना आसान नहीं है। निचले स्तर पर शिक्षकों और शिक्षा कर्मचारियों को जितना सजग होना चाहिए, उतना सजग वे नहीं हो पा रहे हैं। भारत जैसे देश में शिक्षा एक अभियान है, इसके लिए अगर नियोजित एवं उत्साहपूर्ण माहौल न बनाया जाए, तो गरीब व वंचित बच्चों तक शिक्षा को पहुंचाना चुनौतीपूर्ण है। कोई संदेह नहीं कि किसी भी अभियान में अगर समर्पित लोग आपके पास नहीं हैं, तो फिर उस अभियान की सफलता संदिग्ध हो जाती है। भारत में शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की जरूरत है। यदि हमें सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करना है और सही दिशा में आगे बढ़ना है तो कई पहलुओं एवं मोर्चों पर काम करना आवश्यक है। हमारी आजादी के बाद से ही शिक्षा क्षेत्र में कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्होंने हमें दुनिया में एक विकसित राष्ट्र बनने से रोक दिया है। भारत में एक सभ्य शिक्षा प्रणाली के महत्व की जरूरत को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नयी शिक्षा प्रणाली के अन्तर्गत अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। देश की शिक्षा प्रणाली को नया आकार दिया जा रहा है और शिक्षा से जुड़े कई बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। प्रणाली को आधुनिक बनाने और व्यावसायिक प्रशिक्षण शुरू करने के प्रयास हो रहे हैं। बहरहाल, यह खुशी की बात है कि अब भारत के 91.7 प्रतिशत स्कूलों तक बिजली पहुंच चुकी है। अभियान चलाकर देश के बाकी बचे स्कूलों तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होनी चाहिए। देश में 98 प्रतिशत से ज्यादा स्कूलों तक पेयजल सुविधा के साथ ही टॉयलेट की सुविधा पहुंच चुकी है। स्कूलों को संसाधन संपन्न बनाने के साथ ही शिक्षकों और पुस्तकों की गुणवत्ता एवं स्कूलों को संसाधन के स्तर पर भी बहुत मजबूत करने की जरूरत है।

दृष्टि कोण

## क्या ताइवान पर हमला करने वाला है चीन !

**चीनी** राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने नए साल के भाषण में एक बार फिर कहा है कि कोई भी ताकत ताइवान को चीन के साथ मिलाने से नहीं रोक सकती है। इससे पहले भी गत वर्ष के अंत में, ताइवान के आसपास चीनी लड़ाकू जहाज और और विमानों की खासी हलचल रही है। चीन के इस आक्रामक रुख ने दुनिया भर का ध्यान खींचा है और चर्चा चलने लगी है कि क्या चीन और ताइवान में जंग छिड़ने वाली है। ताइवान और चीन के बीच तनातनी की शुरुआत दूसरे विश्व युद्ध के बाद तब शुरू हुई जबकि चीन में राष्ट्रवादी सरकारी सेना और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के बीच गृहयुद्ध शुरू हो गया। 1949 में कम्युनिस्ट जीत गए और उनके नेता माओत्से तुंग ने चीन की राजधानी बीजिंग पर कब्जा कर लिया। हार के बाद राष्ट्रवादी पार्टी कुओमिंतांग के नेता ताइवान भाग गए। तबसे ही कुओमिंतांग ताइवान की सबसे प्रमुख राजनीतिक पार्टी है और ताइवान पर ज्यादातर समय इसी पार्टी का शासन रहा है। हालांकि 1979 में अमेरिका ने भी चीन के साथ एक संधि करते हुए ताइवान को चीन का हिस्सा मानकर 'वन चाइना पॉलिसी' को मंजूरी दे दी थी। इसके बावजूद 1979 में ही अमेरिका ने ताइवान में अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ ताइवान स्थापित किया। यह ताइवान में अमेरिकी दूतावास की तरह काम करता है। अमेरिका ने ताइवान को हथियार सप्लाई किए और आज भी ताइवान को हथियार मुहैय्या करवा रहा है। रूस इस मामले में शुरू से ही चीन के साथ रहा। भारत ने भी ताइवान को मान्यता नहीं दी है। चीन के साथ सीमा विवाद पर समझौते हुए हैं और हमारे रिश्ते सुधरे हैं। चीन ताइवान को अपना अभिन्न हिस्सा मानता है ओर सरकार ने जनता के दिल में यह बात बैठा दी है कि ताइवान के बिना चीन अधूरा है। इसके अलावा चीन ताइवान पर कब्जा करके गुआम और हवाई जैसे अमेरिकी मिलिट्री बेस वाले पश्चिमी प्रशांत महासागर इलाके में अपना दबदबा भी बनाना चाहता है। ताइवान को लेकर चीन की नीति हमेशा से एक जैसी रही है जिसमें कोई बदलाव नहीं हुआ। इससे पहले भी जनवरी 1979 में चीन ने ताइवान को मिलाने की बात कही थी। 1980 के दौरान चीन और ताइवान के बीच रिश्ते बेहतर होने लगे तो दोनों देशों के बीच व्यवसाय, निवेश और पर्यटन भी बढ़ने लगा था जो 35 साल जारी रहा। हालांकि चीन ने 2004 में संसद में एक अलगाव विरोधी कानून पास किया था। इसके मुताबिक अगर ताइवान किसी भी तरह से चीन से अलग होने की कोशिश करेगा तो चीन इसे कुचलने के लिए मिलिट्री पावर का इस्तेमाल कर सकता है। 2016 में ताइवान में डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (डीपीपी) के त्साई इंग-वेन राष्ट्रपति बने। वेन ताइवान को चीन में मिलाने का विरोध करते रहे हैं। इसके बाद से चीन और ताइवान के बीच विवाद बढ़ता गया। ताइवान की ओर से लगातार चीन के प्रभाव से आजादी की मांग उठने लगी। 2 जनवरी 2019 को चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ताइवान के साथ शांतिपूर्वक बातचीत करने का ऐलान किया लेकिन जिनपिंग ने ताइवान की आजादी की मांग को खारिज कर दिया। कोरोना के बाद से चीन की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट आई है। बढ़ती जनसंख्या और कम होते संसाधनों को नियंत्रित करना चीन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है। जनता इन मुद्दों को बखूबी समझ चुकी है। इसलिए जिनपिंग ताइवान के मुद्दे को हवा देकर जनता का ध्यान भटका रहे हैं। इसके अलावा अक्टूबर 2024 में अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने हिंद महासागर में क्वाड ग्रुप का मालाबार युद्धाभ्यास किया था। इसके जरिए क्वाड देशों ने चीन के सामने शक्ति प्रदर्शन किया था और उसे पीछे हटने का मैसेज दिया था। चीन क्वाड इस बढ़ते दबदबे को कम करना चाहता है। ऐसे में दिसंबर 2024 की शुरुआत से चीन ने ताइवान के आसपास के समुद्री इलाकों को घेरना शुरू कर दिया था। दक्षिणी चीन सागर में बड़ी संख्या में नेवी के जवानों और युद्धपोतों को तैनात किया है। इसके साथ ही चीन ने ताइवान के चारों ओर की समुद्री सीमा में दो सैन्य युद्धाभ्यास भी किए। इसमें एक युद्धाभ्यास रूस के साथ किया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने भी ताइवान मुद्दे पर चीन का समर्थन करते हुए कहा कि ताइवान को लेकर रूस हमेशा से चीन का समर्थन करता आया है, ये आगे भी जारी रहेगा। लावरोव ने अमेरिका पर भी आरोप लगाया कि वह ताइवान के आसपास अपनी सैन्य गतिविधियां बढ़ाकर नया तनाव पैदा कर रहा है। अभी तक अमेरिका ताइवान की मदद करता आ रहा है लेकिन अब वहां नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आ रहे हैं, जो अपना रुख बदलते रहते हैं। जिनपिंग चाहते हैं कि अब ट्रम्प के राष्ट्रपति बनने के बाद ताइवान को मदद न मिले। शी जिनपिंग ने इस बयान के जरिए ताइवान और उसकी आजादी के समर्थक देशों को चेतावनी दी है कि ताइवान के मुद्दे पर कोई बीच में न आए। इसके अलावा ताइवान अब चीन के लिए राष्ट्रवाद का मुद्दा बन चुका है और चीन ने 2027 तक ताइवान पर कब्जा करने की योजना बनाई है। चीन के पास ताइवान से 12 गुना एक्टिव सैनिक हैं। इसलिए ताइवान पर कब्जा करना चीन के लिए मुश्किल नहीं है लेकिन चीन अपनी स्थिति समझता है और वैश्विक स्तर पर उसे अपना मुकाम पता है। इसलिए चीन युद्ध जैसे हालात नहीं चाहता।

कुछ अलग

## अंबेडकर और कांग्रेस

**कांग्रेस** और अंबेडकर का वैचारिक स्तर पर आपस में क्या संबंध है, इसको लेकर पिछले कुछ दिनों से चर्चा तेज होती जा रही है। दरअसल कुछ दिन पहले गृहमंत्री अमित शाह ने कहा था कि कुछ लोग दिन-रात अंबेडकर की माला जपते रहते हैं, यदि वे उतनी माला अपने इष्ट देव की जपते तो शायद तर जाते। तर जाते यानी उनकी वह इच्छा पूरी हो जाती जिसके लिए वह माला जप रहे हैं। भारतीय राजनीति को गहराई से देखने वाले यह समझ ही सकते हैं कि आजकल अंबेडकर की माला जपने में सबसे आगे कांग्रेस पार्टी और आम आदमी पार्टी ही है। लेकिन दोनों का ही अंबेडकर के चिंतन से कुछ लेना-देना नहीं है। सबसे पहले कांग्रेस की ही बात की जाए। जिन दिनों अंग्रेजों की सरकार थी और कांग्रेस आजादी के लिए लड़ रही थी तो अंबेडकर ने कांग्रेस का व्यावहारिक व सैद्धांतिक रूप से अध्ययन करने के बाद कहा था कि मुझे लग रहा है कि कांग्रेस केवल सत्ता प्राप्ति के लिए लड़ रही है। आज एक शताब्दी से भी ज्यादा समय निकल जाने के बाद कांग्रेस किसी वैचारिक अनुष्ठान के लिए नहीं, बल्कि महज सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष करती प्रतीत हो रही है। लेकिन क्या इसे संयोग कहा जाए कि इसके लिए वह उसी अंबेडकर की माला जप रही है, जिसे उसने कभी अंग्रेजों का एजेंट तक कहा था। कांग्रेस के सबसे बड़े नेता पंडित जवाहर लाल नेहरु, जिनके साथ आज का सोनिया गांधी परिवार प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से अपना संबंध जोड़ रहा है, ने 26 जनवरी 1946 को राजकुमारी अमृत कौर को एक पत्र में लिखा था कि अंबेडकर तो ब्रिटिश सरकार का आदमी था। नेहरु का बस चलता तो शायद अंबेडकर संविधान सभा के सदस्य भी न हो पाते। यह तो पश्चिमी बंगाल के कुछ लोगों का प्रयास था कि अंबेडकर संविधान सभा में पहुंच पाए। सभी जानते हैं कि नेहरु किसी यूरोप के गोरे को भारतीय संविधान लिखने का 'महान दायित्व' देने वाले थे। महात्मा गांधी जी की दखलअंदाजी से अंबेडकर को प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। लोकसभा के पहले चुनाव से पूर्व जो मंत्रिमंडल नेहरु के नेतृत्व में बना था, उसका कारण कांग्रेस की सदाशयता नहीं थी, बल्कि लोकसभा के गठन से पूर्व किसी एक पार्टी का मंत्रिमंडल नहीं होना चाहिए, बल्कि राष्ट्रीय मंत्रिमंडल होना चाहिए, यह सैद्धांतिक निर्णय था। इस मंत्रिमंडल में हिंदु महासभा के अध्यक्ष डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अकाली दल के बलदेव सिंह भी थे। कांग्रेस का सारा जोर इनको किस तरह से मंत्रिमंडल से निकाला जाए, इन षड्यंत्रों में लगा रहता था। कांग्रेस ने अंबेडकर को अपमानित करने में हर तरीका इस्तेमाल किया। अंबेडकर ने नेहरु के व्यवहार एवं समाज विरोधी नीतियों के चलते उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दिया था, यह भारतीय इतिहास का सामान्य छात्र भी जानता है। लेकिन पंडित नेहरु इसकी सूचना हजारों मील दूर लंदन में लार्ड माऊंटबेटन की पत्नी को एक लंबी चि_ी में लिखते हुए बताते हैं कि मैंने उसे अपने मंत्रिमंडल से निकाल दिया है। कांग्रेस इतना तो जानती है कि 'त्यागपत्र देने' और 'निकालने' में बहुत फर्क होता है। लेकिन इससे एक प्रश्न और पैदा होता है कि नेहरु देश की भीतरी राजनीति की खबरें माऊंटबेटन की पत्नी को क्यों दे रहे थे? अंग्रेजों के आदमी आखिर कौन थे? अंबेडकर ने संस्कृत गंथों का गहन अध्ययन कर हिंदु कोड बिल तैयार किया था। उसको लेकर बहुत विवाद हुआ था। अंबेडकर का कहना था कि इन चार बिलों के सभी प्रावधान भारत के प्राचीन ग्रंथों में से ही लिए गए हैं। वे उन ग्रंथों के उद्धरण भी बता रहे थे। वैचारिक स्तर पर कांग्रेस भी हिंदु कोड बिल से सहमत थी।

देश दुनीया से

## मंडी के पड्डल मैदान को बर्बाद मत करो

**केंद्रीय** खेल मंत्रालय अन्य राज्यों के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में भी युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के साथ मिलकर हर साल करोड़ों रुपए नए खेल मैदानों को बनाने व पुराने मैदानों के रखरखाव के लिए जारी करता है, मगर हकीकत में इस धन राशि की खूब बंदरबांट होती है। कहीं पर भी पूरी तरह से खेल मैदान तैयार नहीं हुआ है और जो था, वह भी बर्बाद कर दिया गया। अब मंडी के खूबसूरत पड्डल मैदान में इंडोर स्टेडियम बनाने के लिए सदर के विधायक अनिल शर्मा कह रहे हैं। पड्डल मंडी शहर के सभी शिक्षा संस्थानों के खेल मैदान का दायित्व तो अकेला निभाता ही है, साथ में पूरे शहर के लिए सवेरे की सैर को भी पूर्ण करता है। मंडी के तत्कालीन शासकों ने इसे अपनी सेना की परेड व शिवरात्रि उत्सव के लिए भी बनाया था जो आज भी हर वर्ष जारी है। पड्डल हर दिन सैंकड़ों विद्यार्थियों व अन्य नागरिकों की फिटनेस को कवर करता है। जब यहां कंक्रीट का इंडोर बना देंगे तो वहां अंदर कितने लोग आ पाएंगे? विधायक जी आप इसके लिए और जगह देखें, वहां इंडोर स्टेडियम बनाएं जिसके साथ आपका नाम सकारात्मक व आदर से जुड़े। मंजिल चाहे खेलों की हो या फिटनेस की, इन सबके लिए खेल मैदानों का होना बहुत जरूरी है। विद्यार्थी जीवन में ही पूरे जीवन के लिए स्वास्थ्य की नींव रखी जाती है, मगर हमारे विद्यालयों में खेल मैदानों के अभाव में विद्यार्थी की फिटनेस का कोई भी कार्यक्रम नहीं है। हिमाचल प्रदेश का अधिकांश भूभाग पहाड़ी होने के कारण मैदानों के लिए बहुत मुश्किल से लंबी-चौड़ी जगह मिल पाती है। इसलिए हिमाचल प्रदेश के शिक्षा संस्थानों के पास बहुत कम खेल मैदान हैं और जहां हैं भी, उन्हें कभी भवन तो कभी पार्किंग बनाकर यूं ही बरबाद किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकतर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के मैदानों में विज्ञान के लिए प्रयोगशाला भवन तो कभी किसी और के लिए भवन बना कर खत्म कर दिया जा रहा है। हिमाचल में ऐसे बहुत क्षेत्र हैं जहां वालीबॉल व कबड्डी की प्ले फील्ड होना भी बड़ी बात है। हिमाचल प्रदेश सरकार इस विषय पर ध्यान दे ताकि भविष्य में विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ स्वास्थ्य भी मिल सके। एक समय था जब विद्यार्थी सवेरे-शाम अपने अभिभावकों के साथ कृषि कार्य में हाथ बंटाता था, फिर कई किलोमीटर चल कर विद्यालय पहुंचता था। उस समय किसी भी फिटनेस कार्यक्रम की जरूरत नहीं थी, मगर आज जब पढ़ाई के लिए घर का काम बंद है, पैदल चलने का रिवाज ही नहीं है तथा खेल के नाम पर मोबाइल व कम्प्यूटर है तो फिर फिटनेस के लिए खेल मैदान तो अनिवार्य हो जाता है। नहीं तो फिर हमारी संतानें कहीं नशे के दलदल में फंस जाएंगी। उस उच्च शिक्षा का क्या अर्थ रह जाता है जिससे आप प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी, अभियंता, चिकित्सक, प्रबंधक तो बन जाते हैं, मगर आप स्वस्थ रह कर साठ वर्षों तक देश व प्रदेश की सेवा नहीं कर पा रहे हैं। अब तो लोग तीस-चालीस साल की उम्र में जानलेवा बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इस सबके पीछे जिम्मेदार बिना फिटनेस कार्यक्रम की स्कूली शिक्षा है। फिटनेस के इस संवेदनशील विषय पर इस कॉलम के माध्यम से सरकार व अभिभावकों को बार-बार सचेत किया जाता रहा है। हिमाचल प्रदेश के अधिकांश विद्यालयों में पढने के लिए कमरे तो हैं, मगर उनकी फिटनेस के लिए कोई भी कार्यक्रम नहीं है। मैदान होंगे, तभी फिटनेस पर कार्य होगा। हिमाचल प्रदेश का शिक्षा विभाग निजी शिक्षा संस्थान खोलने के लिए तो मैदान की अनिवार्य शर्त रखता है, मगर अपने सरकारी संस्थानों के मैदानों में भवन व पार्किंग बनाकर अपने ही नियमों को ठेंगा दिखा रहा है। अभी भी समय है कि हिमाचल प्रदेश की जनता व सरकार दोनों को विद्यार्थी जीवन में फिटनेस कार्यक्रम के महत्व को समझना होगा, नहीं तो भविष्य में हमारी अगामी पीढियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आज खेल जगत में बहुत कड़ी प्रतिस्पर्धा हो गई है। इसलिए उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने पर भी पोडियम तक पहुंचना सबके बस की बात नहीं है। अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की पदक तालिका में स्थान बनाने के लिए जहां विद्यालय स्तर से ही अच्छे ज्ञानवान प्रशिक्षक चाहिए, वहीं पर प्ले फील्ड भी बहुत जरूरी है। हिमाचल प्रदेश के खेल मैदानों व अन्य हाल ही के वर्षों में बनी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्ले फील्ड का रखरखाव भी ठीक ढंग से नहीं हो रहा है। हिमाचल प्रदेश के पास आज से दो दशक पहले तक खेल ढांचे के नाम पर सैंकड़ों साल पहले राजा-महाराजाओं द्वारा मेले व उत्सवों के लिए बनाए गए, उंगलियों पर गिने जाने वाले कुछ मैदान चंबा, मंडी, अमतर, सुजानपुर, जयसिंहपुर, कुल्लू, अनाडेल, रोहड़ू, सराहन, सोलन, चैल व नाहन में थे। इन मैदानों पर हिमाचल प्रदेश की खेल गतिविधियां कई दशकों से मेलों व उत्सवों से बचे समय में होती रही हैं। सुजानपुर व जयसिंहपुर के बड़े मैदानों पर तो पहले ही बहुत अतिक्रमण हो चुका है। अब मंडी के पड्डल मैदान में तो इंडोर बना कर उसे बर्बाद करने की कसरत शुरू हो गई है। सरकाघाट महाविद्यालय का खेल मैदान अभी तक भी कृषि विभाग का खेत ही नजर आता है। भवन निर्माण उन्नत प्रौद्योगिकी के कारण कहीं भी बन सकता है, तो फिर मैदान के लिए दुर्लभ समतल जगह को क्यों बरबाद किया जा रहा है। हर शिक्षा संस्थान को अपना खेल मैदान चाहिए, जहां सब विद्यार्थियों की फिटनेस हो सके। अगर शिक्षा संस्थान परिसर में मैदान ही नहीं होगा, तो फिर पहाड़ की संतान को स्वास्थ्य व खेल क्षेत्र में पिछडऩे का दंश झेलना ही पड़ेगा। इसलिए खेल मैदानों की बर्बादी को अभी से रोकना होगा, तभी हम अपनी आने वाली पीढियों से न्याय कर सकेंगे।



आप का नजरीया

## पर्यटन में हारते गोवा से सीखें

**वर्षान्त** पर्यटन की मंजिल पर नए साल के हस्ताक्षर और रोमांच के उन्माद तक पहुंचा सैलाब कुछ हर्षित रहा और कुछ चिंताएं दे गया। क्या सेलिब्रेशन का यह उत्साह हमारी उम्मीदें भर गया या जो भीड़ हमने जश्न में उतरी देखी, वह हिमाचली पर्यटन की तकदीर है या नजीर बन गई। हिमाचल कहने को क्रिसमस से नए साल तक इस कद्र चला कि वाहनों के काफिलों ने सडक़ों की चौड़ाई, पर्वत की सफाई और पार्किंग की मुंह दिखाई कमजोर कर दी। क्या ये सारे वाहन और वाहन सवार पर्यटक मान लिए जाएं या इस चढ़ाव के उतार की चेतावनी को पहचानें। यह इसलिए कि हमारे सामने गोवा का उदाहरण है, जहां पर्यटन की अति ने अब ऐसा सबक दिया कि पर्यटक मुंह मोडऩे लगे हैं। पिछले कुछ सालों से जिन वजहों से पर्यटक घटे हैं, वे हिमाचल में भी रेखांकित होने लगे हैं। गोवा में पर्यटन की अति ने इसका चरित्र इतना बिगाड़ दिया कि सैलानी शांति और प्रकृति से रू-ब-रू होने के बजाय, बिगड़ते समाज की मेहमाननवाजी से भी डरने लगे। कमोबेश यह परिदृश्य अब हिमाचल के हर पर्यटन डेस्टिनेशन में उभरने लगा है, जहां पिछले दो दशकों में हमने अपनी दृश्यावलियों को कंक्रीट में बदल दिया। कालका से शिमला तक, पठानकोट से मंडी और भुंतर से मनाली तक हमारे पास कितनी प्रकृति बची, कितनी प्रवृत्ति बची। इतना ही नहीं हमने चर्चित पर्यटक स्थलों की कैरिंग कैपस्टी से कहीं अधिक बोझ उठाते हुए मनाली के पास कई मनाली, मकलोडगंज के पास कई मकलोडगंज और शिमला के पास कई शिमला बनाते-बनाते होटल इंडस्ट्री के ताबूत खड़े कर दिए हैं। इतना ही नहीं, पर्यटक स्थलों के बेतरतीब शहरीकरण ने हिल स्टेशन के चरित्र का बेहद नुकसान ही नहीं किया, बल्कि इसकी सौम्यता छीन ली। हैरानी यह कि हिमाचल अपने होटल उद्योग के लिए पर्यटन को गुम कर रहा है और पर्यटन व्यवसाय के लिए स्थानीय समाज की विनम्रता को भी नष्ट कर रहा है। पर्यटन को सीजन मान कर हमने सामाजिक व्यवहार को तत्कालिक लाभ का किरदार बना दिया। आज जो असली, क्षमतावान या प्रभावशाली पर्यटक है, वह विदेश की फ्लाइट पकड़ रहा है। यह इसलिए कि पर्यटक सीजन की बढ़ती मारा मारी ने सैलानियों का सुकून ही नहीं 'एकांत' भी छीन लिया। इतना ही नहीं नई मंजिलें, नई राहों का नजारा बीड़-बिलिंग जैसे कस्बों को विकसित होने से पूर्व ही अति दोहन के कारण बूढ़ा बना चुका है। बीड़ से बिलिंग, मनाली से अटल टनल, धर्मशाला से मकलोडगंज या बनीखेत से डलहौजी के ट्रैफिक जाम की कहानी में पर्यटन का स्वरूप वीभत्स लगता है। बेशक कश्मीर समस्या ने हिमाचल को पर्यटन के रास्ते पर खड़ा कर दिया, लेकिन क्या हम कश्मीर, उत्तराखंड या राजस्थान पर्यटन का पर्याय बन पाए। कोशिश करें, तो भाखड़ा बांध के साथ कोटधार या साथ लगते ऊना के क्षेत्रों को गोवा की तर्ज पर विकसित कर देते। अगर गोवा के प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है, तो हम हिमाचल में कब तक अटल टनल से हजारों वाहन गुजार कर लाहुल घाटी को बचा लेंगे।

# ब्राह्मण समाज एक दिवसीय धरना पर बैठे, रखे सात सूत्री मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना पर बैठे कन्य कुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज,धरना प्रदर्शन के अध्यक्षता ब्राह्मण समाज के प्रखंड अध्यक्ष मुकेश पाण्डेय व संचालन सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्राचार्य अछेवट दयाल शर्मा ने किया। धरना प्रदर्शन में मुख्य अतिथि के रूप में पत्थलगड़ा प्रभारी दिलीप कुमार पाण्डेय एवं अयोध्या पाण्डेय उपस्थित थे। दिलीप कुमार पाण्डेय ने बताया कि संस्कृत भाषा/देवभाषा जो अन्य भाषाओं की जननी मानी जाती है। परंतु विडंबना यह कि आज हमारे बच्चे को संस्कृत भाषा का विशेष ज्ञानोपार्जन के लिए काशी बनारस, अयोध्या या अन्य स्थानों पर संस्कृत विद्यालयों या महाविद्यालयों में जाना पड़ता है। जो कि यह सर्वसाधारण के लिए संभव नहीं हो पाती है। आगे उन्होंने बताया कि सात सूत्री मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन की गई थी जो निम्नांकित है। (01) झारखंड प्रदेश अंतर्गत सभी विद्यालय महाविद्यालय में संस्कृत विषय के समुचित पठन-पाठन शुरू किया जाए एवं कर्मकांड की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। (02) संस्कृत शिक्षकों एवं संस्कृत व्याख्याता को नियुक्त किया जाए। (03) चतरा जिला में कर्मकांड विप्र भवन हेतु सरकारी जमीन मुहैया कराई जाए। (04) परशुराम जयंती के दिन सरकारी छुट्टी घोषित किया जाए। (05) सनातन धर्म की रक्षा हेतु सभी विद्यालयों में गीता-पाठ एवं भारतीय संस्कृति शुरू कराई जाए। (06) भारतीय संस्कृति की रक्षा हेतु संस्कृत शिक्षा को झारखंड एवं पूरे राष्ट्र में अनिवार्य कराई जाए। (07) झारखंड में संस्कृत यूनिवर्सिटी की स्थापना की जाए। जिसे लेकर पत्थलगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी कलीन्द्र साहू को ज्ञापन सोपा। इस दौरान पंकज पाण्डेय, कैलाश पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, दामोदर पाण्डेय, प्रेम कुमार शर्मा, पुरुषोत्तम पाण्डेय के अलावे ब्राह्मण समाज के कई लोग उपस्थित थे।

# बीसीएबी के टीम ने साईं वानटेन को 18 रनों से हराया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड में स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान में चतरा जिला क्रिकेट एसोसियेशन के तत्वाधान में मंगलवार को साईं वानटेन बनाम बी सी ए बी के बीच मैच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बी सी ए बी ने 20ओवर में छ्विकेट खोकर 177 रनों का स्कोर बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी साईं वानटेन सात विकेट खोकर 20 ओवर में159 रन हीं बना पाई। इस प्रकार बी सी ए बी ने साईं वानटेन को 18 रनों से हराया।बेहतर प्रदर्शन के आधार पर बी सी ए बी के तरफ से मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शुभम कुमार को दिया गया। अंपायर की भूमिका रिशु कुमार स्कोरर सुमित ने निभाई इस मैच में एसोसियेशन के अध्यक्ष विनय सिंह सहसचिव आशुतोष कोषाध्यक्ष सरोज सिन्हा सदस्य मिथिलेश कुमार राय जिला क्रिकेट लीग अध्यक्ष प्रेम राणा अंकित सिंह व अखिलेश कुमार मौजूद थे।

## अज्ञात मोटरसाइकिल की चपेट में आया व्यक्ति घायल



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के बरटा गांव निवासी स्वर्गीय सनू भुइयां का पुत्र सुखल भुइयां 48 वर्षीय को अज्ञात मोटरसाइकिल ने अपने चपेट में बीते सोमवार को ले लिया। जिससे व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया। और माथा एवं पौर में गंभीर चोट लगी है। ग्रामीणों की तत्परता से बेहतर इलाज के लिए गिद्धौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया। जहां से बेहतर इलाज कर गांव भेज दिया गया है। बताया गया कि व्यक्ति खतरे से बाहर है।

## परिवार नियोजन के तहत 12 महिलाओं का किया गया बंध्याकरण



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार को परिवार नियोजन के तहत 12 महिलाओं का बंध्याकरण किया गया। यह कार्य प्रभारी सुमित जायसवाल के नेतृत्व में किया गया। एवं ऑपरेशन डॉक्टर एसएस सिंह द्वारा किया गया। मौके पर स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी एवं सहिया साथी व सहिया के साथ दर्जन महिलाएं उपस्थित थी।

## 7 चौकीदारों ने अंचल कार्यालय में दिया योगदान



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल कार्यालय में मंगलवार को 7 नवनियुक्त चौकीदारों ने अपना योगदान दिया। यह योगदान अंचलाधिकारी अंनत सयनम विश्वकर्मा के समक्ष लिया। जिसमे ललिता कुमारी, सबाना खातून, पूजा कुमारी, इंदु कुमारी, श्रीकांत तिवारी, चंदन कुमार व मो.अरमान अंसारी शामिल है।

# लाखों की लागत से बनी बाउंड्री वॉल में बरती गई है अनिमियतता, कभी भी हो सकता है धराशाही



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** पत्थलगड़ा प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बाउंड्री निर्माण कार्य में संवेदक द्वारा भारी अनिमियतता बरती गई है। ग्रामीणों ने बताया कि प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय परिसर में बाउंड्री निर्माण में घटिया सामग्री का उपयोग करके जैसे-तैसे बाउंड्री का निर्माण किया गया। बाउंड्री निर्माण ग्रामीण विशेष प्रमंडल के द्वारा ?23 98506 की लागत से बनाई गई है। आश्चर्य की बात है कि जहां विकास की गंगा बहती है। उसी जगह भारी अनिमियतता बाउंड्री में बरती गई है। वही 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विकास यादव ने बताया कि पहली बार ब्लॉक परिसर में इस तरह का बाउंड्री निर्माण किया गया है, जो कभी भी गिर सकता है। संवेदक रामचंद्र दांगी के द्वारा जैसे तैसे बाउंड्री का निर्माण पूरा कर दिया गया है। जैसे एक कहावत आती है ऊपर पोल नीचे खोल वही इस बाउंड्री में किया गया है। बॉडी निर्माण में महज दो से तीन इंच की गहराई कर बुनियाद किया गया है जो कभी भी बाउंड्री बरसात के मौसम में गिरने की संभावना हो सकती है, साथ ही बाउंड्री बने हुए महज एक महीना हुई है और लगभग एक दर्जन से अधिक जगह बाउंड्री फटने लगी है। वही बीडीओ कलींद्र साहू ने बताया कि विभिन्न अखबारों में खबर प्रकाशित होने पर संज्ञान लिया गया था। साथ ही खबर एवं प्रतिनिधियों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई थी कि संवेदक के द्वारा घोर अनिमीयता बरती गई है जिसे उच्च स्तरीय जांच कर संवेदक के ऊपर कारवाई की जाएगी।

# ब्राह्मण समाज ने एक दिवसीय धरणा प्रदर्शन कर, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** प्रखंड कार्यालय के समीप मंगलवार को कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राहम्ण समाज के द्वारा, संस्कृत भाषा को सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में अनिवार्य रुप से लागू कराने को लेकर एक दिवसीय धरणा प्रदर्शन किया गया। धरने के उपरांत उपस्थित ब्राह्मण समाज के लोगों ने अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवलाल उरांव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के लोगों ने झारखंड प्रदेश अंतर्गत सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों में संस्कृत विषय का पठन, पाठन एवं कर्मकांड की ब्यवस्था सुनिश्चित कराने के साथ साथ, विद्यालय/महाविद्यालयों में संस्कृत शिक्षक एवं ब्यख्याता की नियुक्ति कराने की मांग कि है। इसके अलावे चतरा जिला मुख्यालय में कर्मकांड विप्र भवन हेतु, सरकारी जमीन मुहैया कराने, परशुराम जयंती के दिन सरकारी छुट्टी घोषित करने, सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी विद्यालयों में गीता पाठ, भारतीय संस्कृति के रक्षा के लिए संस्कृत शिक्षा को झारखंड राज्य में अनिवार्य रुप से लागू कराने के साथ, झारखंड में संस्कृत युनिवर्सिटी की स्थापना की मांग की है। इस मौके पर समाज के जिला पदाधिकारी राम विनय पाठक, सुनील पांडेय के नेतृत्व में टंडवा प्रखंड से संरक्षक नरेश पाण्डेय, गोपाल पाण्डेय,विकाश पाण्डे , प्रखंड अध्यक्ष मोहन पाण्डेय, प्रखंड कोषाध्यक्ष प्रदीप पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, राजेंद्र पाण्डेय, दिलीप पाण्डेय, विनय पाण्डेय, प्रखंड सचिव आदित्य कुमार पाण्डेय, मीडिया प्रभारी नितेश पाण्डेय, मदन पाण्डेय, जयप्रकाश पांडेय, राजेन्द्र पांडेय, प्रिंस पांडेय, रौशन पांडेय सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी अबुआ आवास में हो रही घूसखोरी को लेकर दिखे एक्शन मोड में

**पत्थलगड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पत्थलगड़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी कलींदर साहू ने मंगलवार को अबुआ आवास के निर्माण की स्वीकृति कराने को लेकर बीडीओ एक्शन मोड़ में। बीडीओ को लगातार सूचना मिल रही है की प्रखंड में विभिन्न पंचायतों से लगातार शिकायत मिल रही है की अबुआ आवास के नाम पर लाभुकों से 25,000 हजार से 30,000 हजार रु लेने की शिकायत मिल रही है। वहीं बीडीओ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आवास के नाम पर यदि कोई कर्मी, अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवम दलालों के द्वारा अबुआ आवास के नाम पर पैसा मांगा जाता है तो आप निश्चित बिना डर के बीडीओ से शिकायत करे आपका नाम गुप्त रखा जाएगा।

## सीओ ने अंचल कार्यालय में वृद्ध को दिया कंबल



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अंचल अधिकारी अरविन्द देवाशीष टोप्पो ने मंगलवार की दोपहर एक असहाय वृद्ध को कंबल उपलब्ध कराया। दरअसल में एक वृद्ध किसी समस्या को लेकर अंचल अधिकारी से मिलने गया था। अंचल अधिकारी ने जब देखा कि वह ठंड से ठिठुर रहा है। तो उन्होंने कंबल मंगवाकर उस वृद्ध को दिया। कंबल पा कर वह वृद्ध काफी प्रसन्न हुआ। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी कंबल उपलब्ध कराया जा रहा है।

## सड़क सुरक्षा माह जागरूकता रथ को उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उपायुक्त ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा माह के तहत समाहरणालय से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उपायुक्त ने जिलेवासियों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने देना अभिभावक की गलती है। उन्होंने दो पहिया एवं चार पहिया वाहन नाबालिगों को नहीं चलाने देने का आग्रह अभिवावकों से किया। जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि जागरूकता रथ लातेहार जिले के द्वारा सभी प्रखंडों में जाकर सड़क दुर्घटना के रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करेगी। उन्हें यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा नियमों के बारे जानकारी प्रदान करेगा। इस मौके पर उप विकास आयुक्त सुरजीत सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन तथा अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## कुंदा में परिवहन विभाग ने ड्राईविंग लाइसेंस के लिये प्रखण्ड कार्यालय में लगाया शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** दिशा की बैठक में उठी मांग पर सांसद के पहल पर चतरा जिला परिवहन कार्यालय की ओर से मंगलवार को कुंदा प्रखंड कार्यालय परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए लगभग 500 से अधिक की संख्या मे आवेदन आया। लेकिन महज 100 लोगों का ही फॉर्म ऑनलाईन हो सका।बाकी सैंकड़ो लोग निराश होकर वापस लौट गए।शिविर में उपस्थित जिला परिवहन कार्यालय के कर्मियों ने बताया कि अब लाइसेंस बनवाने के लिए लोगों को चतरा जिला मुख्यालय स्थित जिला परिवहन कार्यालय आना होगा। वही कई आवेदकों का आरोप है कि शिविर के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की गई है शिविर मे परिवहन विभाग से एक ऑपरेटर पहुंचे थे जिसके कारण सिर्फ लगभग 100 आवेदन का निष्पादन हो सका जबकी लगभग 400 सौ से अधिक की संख्या में पुरे दिन कतार में रहने के बावजूद भी उनका लर्निंग का प्रक्रिया नहीं हो सका, जिससे कई आवेदक बिना लाईसेंस बनवाए मायूस होकर घर लौट गए।बतादे की जिला परिवहन कार्यालय के द्वारा शिविर आयोजन को लेकर प्रखंड के सैकड़ों आवेदक प्रतीक्षा कर रहे थे। लेकीन शिविर खानापूर्ति का भेंट चढ़ गया, जहां आवेदको की संख्या सैकड़ों में थी जबकि सिर्फ एक मशीनी उपकरण व एक ऑपरेटर के सहारे सैकड़ों आवेदक का लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया चल रही थी। आवेदकों ने उपायुक्त से प्रखंड में तीन दिवसीय शिविर लगाने की मांग की है। वहीं प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती ने उपायुक्त से आग्रह किया है की प्रखंड में तीन दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाय।

# सांसद के सौजन्य से असहायों को मिला कंबल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड क्षेत्र मे कड़ाके की ठंड ने जीना मुहाल कर दिया है इस बीच कंबल वितरण होने से क्षेत्र के लाचार, मजबूर विधवा, वृद्ध व्यक्तियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। वहीं क्षेत्र में लोकप्रिय सांसद कालीचरण के सौजन्य से भी कंबल का वितरण किया जा रहा है इसी क्रम में बुधवार को बरवाडीह भाजपा मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद के नेतृत्व में पंचायत छेंचा में असहाय और बुजुर्गो के बीच कंबल का वितरण किया गया। जहां कंबल पाकर वृद्ध, बुजुर्गो में खासा उत्साह देखने को मिला। मौके पर उज्जवल कुमार, जयपाल प्रसाद, देवराज तिवारी, रमेश कोरवा, राजेन्द्र मिस्त्री समेत अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सीसीएल एवं कंपनी के मनमानी रवैया के खिलाफ आंदोलन करेंगे ग्रामीण

**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में सीसीएल एवं आउटसोर्सिंग कंपनी पीएनएमपीएल के मनमाने रवैया को लेकर ट्रक मालिक, कोयला व्यवसायी, ग्रामीण आंदोलन करेंगे। इसको लेकर ग्रामीणों ने परियोजना पदाधिकारी को आवेदन लिखकर कहा है कि सीसीएल और आउटसोर्सिंग कंपनी की मिलीभगत से रेजिंग के नाम पर ओबी मिक्स कोयला चार लाख टन स्टॉक करके जमा किया गया है। जिसमें आग लगा हुआ है। जो कोयल स्टॉक करके रखा गया है उसमें भारी मात्रा में मिट्टी पत्थर मिला हुआ है। जिस कारन कोयला व्यवसायी तेतरियाखांड में कोयला डीओ नहीं लगा रहे है। एवं जो डीओ लगा है वह कोयला बिक नहीं रहा है। जिससे स्थानीय लोगों में आक्रोश है। स्थानीय लोगों का रोजगार छीनने के कगार पर है। अगर उपरोक्त मामले में सीसीएल प्रबंधन द्वारा हस्तक्षेप नहीं किया जाता है। तो आगामी 22 जनवरी को सीसीएल ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बता दें कि सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में बालूमाथ के ट्रकों को बाहरी बताकर प्रवेश को लेकर कई बार विवाद होते रहा है। वहीं इस आवेदन की प्रतिलिपि चतरा सांसद कालीचरण सिंह, लातेहार विधायक प्रकाश राम, लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सीओ, थाना प्रभारी, आउट सोर्सिंग कंपनी पीएनएमपीएल, समेत कई को सौंपा गया है।

# हिंडालको कंपनी के गलत रवैया से परेशान ग्रामीणों ने किया धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** चंदवा प्रखंड के चकला ग्राम के सैकड़ों ग्रामीणों ने हिंडालको कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है हिंडालको कंपनी के गलत रवैया से परेशान होकर ग्रामीणों ने मंगलवार को लातेहार जिला मुख्यालय पहुंच धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि हिंडालको कंपनी एक तरफा कार्य कर रही है। कंपनी दलालों के माध्यम से चल रही है।कंपनी के द्वारा 500 मीटर की दूरी पर लोगों को विस्थापित करने का कार्य कर रही है उनके इस रवैया से हम लोग काफी परेशान हो गए हैं।हम लोगों ने कई बार हिंडालको कंपनी से इस मामले में बात की लेकिन कंपनी के द्वारा एक बार भी हम लोगों की बातों को नहीं सुना और यहां तक की कंपनी के अधिकारी एक बार भी हम लोगों से बात करने नहीं आई जबकि कंपनी के द्वारा जिस तरह से लोगों को विस्थापित करने का कार्य कर रही है उनकी यही रवैया से हम लोग काफी परेशान हो गए हैं।वहीं धरना प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि हिंडालको कंपनी जब से आई है तब से हम लोगों का जीना मुहाल हो गया है।बिना ग्राम सभा किए ही कंपनी लोगों को विस्थापित करने का कार्य कर रही है यहां तक की फर्जी ग्राम सभा कर हम लोगों के बिना जानकारी के ही लोगों के जमीन को लेने का कार्य कर रही है।

**हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो करेंगे आत्मादाह**

ग्रामीणों ने कहा कि इस समस्या को लेकर हम लोगों ने पहले भी लातेहार के उपायुक्त को अवगत कराया था। लेकिन जिले के उपायुक्त के द्वारा भी अब तक इस समस्या पर कोई पहल नहीं की गई है। इसी तरह हम लोगों का हाल रहा तो हम लोगों का जीना मुहाल हो जाएगा और यही समस्या के समाधान को लेकर आज हम लातेहार जिला मुख्यालय पहुंच धरना प्रदर्शन किए हैं। यह धरना प्रदर्शन तब तक चलेगी जब तक हमारी मांगे पूरा नहीं हो जाती है। अगर हमारी मांगे पूरा नहीं हुई तो हम इसी धरना प्रदर्शन के दौरान आत्मदाह कर लेंगे।

# आरक्षी अनुरंजन मिंज का निधनः पुलिस परिवार में शोक की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** झारखंड पुलिस के आईआरबी-04, लातेहार के आरक्षी-253 अनुरंजन मिंज का 06 जनवरी 2025 को रांची के सैमफोड अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। 03 जनवरी 2025 को ड्यूटी के दौरान गिरने से उनके कान से खून बहने लगा और वे बेहोश हो गए थे। स्थिति गंभीर होने पर उन्हें लातेहार सदर अस्पताल से रांची रेफर किया गया, जहां सैमफोड अस्पताल के एनआईसीयू में उनका इलाज जारी था। आरक्षी अनुरंजन मिंज ने झारखंड पुलिस में 14 वर्षों तक अपनी सेवा दी। वे अपने समय के एक उत्कृष्ट फुटबॉल खिलाड़ी और धावक रह चुके थे। अविवाहित अनुरंजन अपने माता-पिता और दो भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके निधन से पुलिस परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन और पुलिस अधिकारियों द्वारा उन्हें लातेहार न्यू पुलिस लाइन में अंतिम सलामी दी गई। अंतिम विदाई के बाद उनके पार्थिव शरीर को पैतृक गांव करमडीह, छिपादोहर थाना क्षेत्र भेजा गया। अनुरंजन मिंज को पुष्पांजलि अर्पित कर नम आंखों से विदाई दी गई। उनके योगदान और समर्पण को हमेशा याद रखा जाएगा। इस अवसर पर झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष बलेश कुजूर, मंत्री प्रमोद पासवान, उपाध्यक्ष मु.असरफ खान, कोषाध्यक्ष ओहदार टोप्पो, और अन्य पुलिस पदाधिकारी समेत उपस्थित रहे।

## बिछड़ा हुआ हाथी के आतंक से ग्रामीणों में भय व्याप्त

**बारियातू(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र में समुह से बिछड़ा हुआ अकेला हाथी ने उत्पात मचाते हुए साल्वे पंचायत अंतर्गत जबरा ग्राम निवासी संतोष प्रजापति के घर में लगे ग्रिल दरवाजा क़ो तोड़कर घर मे रखे तीन क्विंटल धान चट कर दिया। फिर वहां से हाथी निकल कर पास में ही ठाकुरी प्रजापति का खेत में लगे लगभग डेढ़ क्विंटल आलु खा गए। गिलास प्रजापति का 50 किलो धान खाकर चट कर दिया। इधर रोन्हे ग्राम सड़क किनारे एक झोपड़ी क़ो उजाड़ते हुए लालदेव उरांव पिता जागो उरांव का घर के बाहर बंधे 65 किलो का सूअर क़ो पैर से कुचल कर डाला जिससे लालदेव का लगभग 24 हजार का आर्थिक क्षति हुई है। घटना की सुचना पाकर पीड़ित परिवार से भाजपा नेता सह झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ के प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति ने सभी पीड़ितों क़ो उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। वही पीड़ित परिवारों ने इस क्षेत्र से जंगली हाथियों को हटाने के लिए संबन्धित विभाग से मांग की है।

# बिल्डिंग डिपार्टमेंट मे एक्जीक्युटिव इंजीनियर पहले ही तय कर लेते हैं काम किसे देना है : मनीष जायसवाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास मंत्रालय,भारत सरकार अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं मूल्यांकन समिति (दिशा) की बैठक 7 जनवरी को समाहरणालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सांसद मनीष जायसवाल, विधायक बरही मनोज यादव, विधायक बरकट्ठा अमित यादव, विधायक मांडू, विधायक बड़कागांव, विधायक बगोदर,जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, उपाध्यक्ष जिला परिषद, उपायुक्त नैंसी सहाय, उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं शहरी, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जलापूर्ति योजना, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, नेशनल हेल्थ मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, इंटीग्रेटेड चाइल्ड डेवलपमेंट स्कीम,उज्जवला योजना, के तहत रेलवे, हाईवे, वाटर वेज, माइंस आदि से संबंधित आधारभूत संरचना निर्माण की योजना, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना,पीएमकेएसवाई, प्रधान मंत्री आदर्श ग्राम योजना से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार की सभी योजना की पहुंच आम जनता तक सुगमता से पहुंचे हम सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की यह महत्वपूर्ण जिम्मेवारी है। जनकल्याणकारी योजनाओं का सही लाभ सही लाभुक तक एवं गुणवत्ता और तत्परता से मिले इसके लिए हमारी सजगता एवं संवेदनशीलता जरूरी है। काम की गुणवत्ता के साथ समझौता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने की जरूरत है। निगरानी प्रणाली में जनप्रतिनिधियों को शामिल करते हुए संबंधित विभागों को जिम्मेवार बनाकर गुणवत्ता की सतत मॉनिटरिंग की जाए, समय पर योजना पूरा हो यह सुनिश्चित करें। योग्य लाभुकों को उनका हक मिले तथा समयबद्ध तरीके से योजनाओं का क्रियान्वयन हो। केंद्रीय मंत्री ने विभागवार किए जा रहें कार्यों की समीक्षा की तथा कई आवश्यक निर्देश दिए। इस बैठक में हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल मुखर, जनहित में क्षेत्र की कई समस्याओं को पुरजोर तरीके से उठाया. उन्होंनेबिल्डिंग डिपार्मेंट के बारे मे कहा की बिल्डिंग डिपार्टमेंट में टेंडर एक या दो चिन्हित लोगों को ही टेंडर मैनेज कर दिया जाता है। यहां एग्जीक्यूटिव इंजीनियर पहले ही तय कर लेते हैं कि काम किसे देना है। बिल्डिंग डिपार्मेंट बिल्डिंग भी अच्छा नहीं बन पा रही है, टेंडर मैनेजमेंट का भी गलत परंपरा है। इसके सुधार हेतु एक विशेष कमेटी बननी चाहिए, जांच होनी चाहिए, पारदर्शिता के साथ काम होनी चाहिए। आचार संहिता में भी इस डिपार्टमेंट से हुई है टेंडर। जिला से जब तक जांच नहीं हो जाती तब तक काम शुरू न करें। केंद्रीय मंत्री ने डीसी के नेतृत्व में जांच कमेटी बनाने का निर्देश दिया और कहा कि अनुपालन पहले होनी चाहिए तब काम होनी चाहिए, मामले की जांच की जाए। पेयजल स्वच्छता और एनएचआई पर बोला की पेयजलापूर्ति योजना के लिए जहां तक पाइप डाल गया है वहां तक सड़क का निर्माण नहीं हुआ है, जहां ढलाई नहीं हुआ है वंहा ढलाई करना सुनिश्चित कीजिए। लक्ष्मी सिनेमा से बाहर और चतरा बस स्टैंड की स्थिति खराब है। रेलवे ओवरब्रिज के पास व्याप्त समस्या भी ठीक करवाइए। पेयजल में आ रहे समस्या का सॉल्यूशन निकालिए। एननएच और पेयजल स्वच्छता विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य की गति को आगे बढाइये। नल जल योजना का लाभ सभी को देना है। यह प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है। कितना प्रतिशत पानी और कितना प्रतिशत पाइप पहुंचा है इसकी रिपोर्ट की मांग की। जिला स्तर पर इसकी अद्यतन जांच कराना चाहिए। कितना प्रतिशत यह योजना कामयाब है और कितना नहीं इसका प्रखंड वार डाटा की मांग की । खाद्य आपूर्ति विभाग से पैक्स की स्थिति की जानकारी ली।



## आपसी रंजिश में युवक को कुल्हाड़ी से मारकर किया गंभीर रूप से घायल



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आपसी रंजिश को लेकर युवक पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है. इस हमले में घायल युवक अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है. घटना पगार ओपी थाना क्षेत्र के जोरदाग मुंडा टोली का की है. बताया जा रहा है,जोरदाग गांव निवासी राजकुमार मुंडा छठू मुंडा बिनोद मुंडा तीनो के पिता बीफा मुंडा रूपेश मुंडा पिता राजकुमार मुंडा इन सभी ने शूकर मुंडा पिता स्व रघु मुंडा को कुल्हाड़ी से माथे में वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया. जिससे वह बुरी तरह खून से लथपथ हो गया. पीड़ित शूकर मुंडा एनटीपीसी के अधीनस्थ जोरदाग करिवा आम के पास काम कर रहा था. इस दौरान इन चार लोगों ने जाकर मार पीट की है. फिलहाल घायल व्यक्ति का इलाज सदर हजारीबाग में चल रहा. वहीं पीड़ित परिवार ने बताया कि मारने की नीयत से हथियार लेकर हमला किया है. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी में जुटी है.

## एनएमएल पकरी बारवाडीह कोल खनन परियोजना के द्वारा कंबल वितरण किया गया



**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनएमएल पकरी बारवाडीह कोल खनन परियोजना ने महत्वपूर्ण सामुदायिक पहल के तहत बड़कगांव प्रखंड के चंदौल पंचायत अंतर्गत ग्राम लौकरा में बिरहोर समुदाय के 20 जरूरतमंद परिवारों के बीच कंबल वितरण किया। इस कदम का उद्देश्य कमजोर बिरहोर परिवारों की सहायता करना है, ताकि वे सर्दी के महीने में अपनी देखभाल सुनिश्चित कर सकें। कंबल वितरण परियोजना के कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (CSR) के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और स्थानीय समुदाय के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में समर्पण को दर्शाता है। बिरहोर समुदाय, जिसे क्षेत्र के सबसे हाशिए पर रहने वाले समूहों में से एक माना जाता है, विभिन्न सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे है। कंबल वितरण पहल परियोजना के व्यापक प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समाज के सबसे कमजोर वर्गों को आवश्यक सहायता प्रदान करना और उनकी जीवन गुणवत्ता को बढ़ाना है। वितरण समारोह में स्थानीय अधिकारी और एनएमएल पकरी बारवाडीह कोल माइनिंग प्रोजेक्ट के प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिन्होंने विभिन्न विकासात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय की निरंतर सहायता करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## बसरिया पंचायत में जरूरतमंद लोगों के बीच किया गया कम्बल का वितरण



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही प्रखंड अंतर्गत बसरिया पंचायत में 130 लाभुकों के बीच मंगलवार को कंबल का वितरण किया गया,जिसमें पंचायत के 13 वार्डो में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर बुजुर्ग हर्षित दिखे, मौके पर स्थानीय मुखिया नीलम देवी ने कहा कि इस शीतलहर में लोगों के बीच यह कंबल वरदान साबित होगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि ठंड से बचाव जरूरी है, मौके पर पंचायत सचिव ललिता कुमारी, पंचायत समिति सदस्या सुमिया देवी, पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप पंसस प्रतिनिधि कामेश्वर रविदास, उप मुखिया प्रतिनिधि विनोद यादव, समाजसेवी नागेश्वर रजक,वार्ड सदस्य नजमा खातून, मिनेश शर्मा,देवंती देवी, रेनू देवी,मीणा देवी,रिंकी देवी,रमेश रबीदास व ग्रामीण शामिल मौजूद थे।

## सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर सड़क सुरक्षा की ली गई शपथ



**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केरेडारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय के अधिकारियों और कर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़क सुरक्षा माह के अवसर पर मंगलवार को एक जिम्मेदार सड़क उपयोगकर्ता की भूमिका निभाते हुए शपथ लिया . केरेडारी अंचल अधिकारी राम रतन कुमार वर्णवाल ने उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया और लोगों को सड़क पर सावधानी पूर्वक चलने, गाड़ी चलाने के लिए अधिकृत ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, नशा में वाहन नहीं चलाने सहित अन्य ट्रैफिक नियमों के पालन करने और इसके महत्व के बारे में भी बताया . उन्होंने क्षेत्र में आए दिन सड़क दुर्घटना से बचने के लिए लोगों से ट्रैफिक नियमों और सुरक्षा मानकों का भी पालन करने की अपील किया. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीओ रामरतन वर्णवाल ने किया.मौके पर प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी विवेक कुमार,प्रधान लिपिक उमेश कुमार दास व प्रखण्ड कर्मी उपस्थित थे.

## वृद्ध व असहायों के बीच कंबल का वितरण

**केरेडारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की ठंड शीतलहरी को देखते हुए हेवई पंचायत के वृद्ध असहाय लोगों के बीच मुखिया भारती देवी के द्वारा कंबल का वितरण किया गया ! जिनलोगो को कंबल उपलब्ध कराया गया उनमें उगन महतो, छट्ठू महतो, अर्जुन महतो, प्रयाग महतो, विमली देवी, मोहम्मद रफीक, मोहम्मद अमजद, चुन्नी महतो, सुकर महतो, हेमाली महतो, तालेश्वर महतो, बुधनी देवी, फागुन राम ,सुकरी देवी समेत अन्य का नाम शामिल है. एनटीपीसी कोल परियोजना केरेडारी द्वारा 100 कंबल पंचायत के मुखिया को उपलब्ध कराया गया था .जिसका वितरण मंगलवार के दिन हेवई पंचायत क्षेत्र में बुजुर्ग महिला पुरुष और जरूरत मंदो के बीच किया गया.

## निजी जमीन पर लगाये गये वृक्षों को जलाने का आरोप

### - भुक्तभोगी ने अंचल कार्यालय मे आवेदन दे लगाई न्याय की गुहार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**टाटीझरिया :** प्रखंड के टाटीझरिया पंचायत के होलांग गांव में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।एक ओर जहां सरकार के ओर से पर्यावरण बचाओ,पेड़ पौधे लगाओ के तहत संपूर्ण देश में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तो दूसरी ओर निजी जमीन पर लगाये गये वृक्षों को अन्य तरीके से कई तरीके से नष्ट करने का मामला सामने आ रहा है। बता दे कि होलांग गांव निवासी राधा देवी पति नंदकिशोर महतो ने टाटीझरिया अंचल कार्यालय परिसर में जाकर सीओ के नाम लिखित आवेदन दिया है उन्होंने दिये गये आवेदन में कहा है कि वे अपनी निजी जमीन में आम ,अमरूद, शरीफा ,कोनार, आंवला के पेड़ों को लगाई थी । जो गांव के ही देवंती देवी पति भैरो महतो द्वारा उनके लगाए गए वृक्ष को कभी वृक्ष के जड़ में गो मूत्र ,ताजा गोबर, भूसा डालकर कई बार नष्ट करने का प्रयास किया गया जब इसमें विफल रही तो अंत में उन्होंने वृक्ष के आस पास आग लगा दी जिससे पेड़ झुलस गया. भुक्तभोगी ने टाटीझरिया अंचलाधिकारी से न्याय की गुहार लगायी है।

## सीओ, बीडीओ पहुंचे कर्माटांड़ बिरहोर टोला, कंबल और अनाज का किया वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** अंचलाधिकारी मनोज कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल अपने टीम के साथ कर्माटांड़ बिरहोर टोला पहुंचकर बिरहोर समुदाय की समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान सभी 20 बिरहोर सदस्यों को ठंड से बचाओ के लिए एक-एक कंबल दिया। वही अपने तीन बच्चों के साथ अकेली रह रही लक्ष्मी बिरहोरिन को बीडीओ द्वारा तत्काल 50 किलो चावल मुहैया कराया गया। बीडीओ ने लक्ष्मी विरहोरिन का राशन कार्ड जल्द ही बनाने की बात कही है, ताकि बराबर सरकारी राशन मिलता रहे। इस दौरान बीडीओ ने उपस्थित जन प्रतिनिधि उप मुखिया शमशेर अंसारी, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि सुरेश चौधरी से बिरहोरों की समस्या का डिमांड लेटर देने को कहा है ताकि उनकी हर समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया जा सके। वही बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने भी बिरहोरों की समस्याओं को गंभीरता से लिया, उन्होंने कहा है कि विलुप्त हो रहे बिरहोर अनुसूचित जनजाति को बचाना बहुत जरूरी है। मैं उनके विकास व उन्नति के लिए सदन में आवाज उठाऊंगा। मैंने मंगलवार को हजारीबाग की बैठक में भी इस मामले को उठाया है, ताकि प्रशासन द्वारा बिरहोरों की समस्याओं की अनदेखी नहीं किया जा सके।

## माण्डू विधायक तिवारी महतो ने दी शहीद बबुनी प्र0 महतो को श्रद्धांजलि



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने सोमवार को झारखंड आंदोलनकारी शहीद बबुनी प्रसाद महतो के 30वें शहादत दिवस पर उनके पैतृक गांव खरना के चलकरी में शहीद बबुनी महतो की आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान श्री महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलन में शहीद बबुनी प्रसाद महतो की अग्रणी भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता है। इसके पश्चात मांडू विधायक श्री महतो ने विष्णुगढ़ के सातमाईल चौक में मास्क लाइट का विधिवत फीता काट कर उद्धघाटन किया।हजारीबाग-बगोदर मुख्य मार्ग और मुख्य बस पड़ाव होने की वजह से सातमाईल चौक में लोगों का आवागमन हमेशा जारी रहता है और मास्क लाइट खराब हो जाने की वजह से संध्या होने के बाद चौक अंधेरे में डुबा था।जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। लाइट की सुविधा वापस मिल जाने से पुरे चौक में खुशी का माहौल देखने को मिला और साथ ही सुरक्षा के बिंदु से भी लाइट आवश्यक थी। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, भुवनेश्वर पटेल, कोषाध्यक्ष दीपू अकेला, भाजपा नेता राजू श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में कार्यकर्तागण एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सीपीआई, सीपीएम और खतियानी परिवार ने सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया घेराव




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** सीपीआई, सीपीएम और खतियानी परिवार ने संयुक्त रूप से 12 सूत्री मांगों जैसे दाखिल खारिज, एल पी सी, ऑनलाइन नाम चढ़ना और रसीद समय पर काटना, जाति, आवासीय, जन्म, मृत्यु, और आय प्रमाण पत्र समय पर देना, जन वितरण प्रणाली दुकान द्वारा सही वजन में राशन देना और बचे हुए लोगों को एक अभियान चलाकर राशन कार्ड बनाना, गैरमजूरआ जमीन का रसीद काटना, किसानों का धान पैक्स द्वारा तत्काल खरीदना और उन्हें उसी समय एक मुस्त पैसा का भुगतान करना आदि मांगों को लेकर सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराव किया. इससे पहले पीडब्ल्यू डी चौक मे सभी एकत्रित हुए वहाँ से रैली की शक्ल मे अंचल कार्यालय पहुँचे जहाँ घेराव के बाद वहीं कार्यालय के समक्ष सभा किया. सभा की अध्यक्षता सीपीई के महेंद्र राम और संचालन खतीयानी परिवार के मो. हकीम ने किया. सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि इस प्रखंड और अंचल में भ्रष्टाचार का बोलबाला है. कोई भी काम बिना पैसे का नहीं होता है और यहां पर जमीन दलाल और बिचौलिया हावी है. दाखिल खारिज करवाने एलपीसी बनाने, ऑनलाइन नाम चढ़ाने, रसीद कटवाने और प्रमाण पत्र बनवाने सभी में पैसा लगता है. मनरेगा का अधिकतर काम मशीन से होता है और मिली भगत कर पैसा निकाल लिया जाता है. गलत तरीके से जॉब कार्ड भी भर दिया जाता है. इस कार्य का अगर जांच हो तो बहुत बड़ा भ्रष्टाचार सामने आएगा. इस मामले को लेकर मनरेगा आयुक्त तक शिकायत किया जाएगा. प्रधानमंत्री आवास या अबुआ आवास हो बिना पैसा का स्वीकृति प्रदान नहीं होता. जन वितरण प्रणाली में भी उचित मात्रा में राशन नहीं दिया जाता है. इस मामले में एमओ से लेकर डीएसओ तक का मिली भगत है. बाजार समिति से जैसे ही अनाज निकलता है, अनाज की हेरा फेरी वहीं से आरंभ हो जाता है. मंईया सम्मान योजना का हजारों फॉर्म अभी भी प्रखंड के कई पंचायतों में पड़ा हुआ है कोई इसका संज्ञान लेने वाला नहीं. अगर इस पर भी सुधार नहीं होता है तो एक लंबी लड़ाई हम लोग लड़ेंगे. सीपीएम के जिला सचिव गणेश कुमार सीटू ने कहा कि मनरेगा की एक महत्वाकांक्षी योजना जिससे अंडरग्राउंड वॉटर रिचार्ज होता टीसीबी आधे से अधिक फाइलों में बना कर भुगतान किया गया है. अगर इसकी सही से जांच हो जाए तो बड़ा भ्रष्टाचार उजागर होगा इसमें रोजगार सेवक से लेकर जे ई, ए ई से लेकर प्रखंड के बड़े अधिकारी का पोल पट्टी खुल जाएगा. मनरेगा कार्य का ऑडिट लगभग दो वर्षों से नहीं हुआ है और लोग करवाना भी नहीं चाहते जिसके कारण इसमें हुए भ्रष्टाचार का पर्दाफास नहीं होता है. इस सब मामले को लेकर मनरेगा लोकायुक्त के पास पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता के नेतृत्व में जाएंगे. खतीयानी परिवार के अशोक राम कहा डेमोटांड, मोरंगी, चपवा आदि में जो कारखाने हैं वहां के मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नहीं दिया जाता है. सभा को नेजाम अंसारी, सुनीता कच्छप, कुंडल साव, प्रभु रजक, नरेश कुशवाहा, शौकत अनवर, सी पी आई एम के ईश्वर महतो, सुरेश कुमार दास खतीयानी परिवार के रीता देवी, बिंदु, देवी नंदलाल साव, मोहम्मद आसिफ ने संबोधित किया. इस अवसर पर मूलचंद मेहता एनुअल हक, सुरेश महतो, योगेंद्र महतो, बसंत राम, वासुदेव प्रसाद, शंभू ठाकुर, गिरिजा देवी सहित सैकड़ो लोगों ने प्रदर्शन में भाग लिया.

## पत्रकार सुरक्षा और स्वतंत्र पत्रकारिता के लिए जेजेए ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** झारखंड जर्नालिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम के नेतृत्व में जेजेए बरही अनुमंडल इकाई ने मंगलवार को बरही एसडीओ को एक ज्ञापन दिया जो देश के महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित किया गया है. ज्ञापन में पत्रकार व स्वतंत्र पत्रकारिता पर बढ़े खतरे के प्रति चिंता व्यक्त की गयी है. छत्तीसगढ़ के पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारों की गिरफ्तारी, हत्यारों के भ्रष्ट गिरोह क़ो ध्वस्त करने, मुकेश चंद्राकर के आश्रित को पचास लाख रू मुवाज़ा देने, पुरे देश में पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने व पत्रकारों के लिए भयमुक्त और स्वतंत्र माहौल की मांग की गयी है. ज्ञापन में जेजेए के प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम, अनुज सोनी, सुरेन्द्र निषाद, अमित सोनी, रुपेश चन्द्रवंशी, शोएब अख्तर, जयदीप सिन्हा, राजदेव गुप्ता व अजय कुमार हस्ताक्षर है. मौके पर प्रदेश सचिव जावेद इस्लाम ने कहा देश में आज निष्पक्ष व जन सरोकार की पत्रकारिता खतरे में है. अख़बार में भ्रष्टाचार क़ो उजागर करने वाले पत्रकार उत्पीड़न के शिकार हो रहें. सच्ची ख़बर की रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकार की हत्याएं की जा रही है. यह अत्यंत चिंतजक स्थिति है. लोकतंत्र के दम भरने वाली सभी सरकारे कानून बना कर पत्रकारों की सुरक्षा की गारेंटी करें नहीं तो लोकतंत्र पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

## हजारीबाग दिशा की बैठक में बरही को नगर परिषद बनाने, पेयजलापूर्ति योजना, बिजली और अन्य मुद्दों पर बरही विधायक ने की चर्चा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** हजारीबाग जिला उपायुक्त सभागार में दिशा (जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति) की बैठक केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने क्षेत्र की कई ज्वलंत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही पेयजलापूर्ति योजना के अधूरे कार्यों पर सवाल उठाते हुए पूछा कि यह योजना ठप क्यों पड़ी है। इस पर पीएचईडी के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर अनिल गुप्ता ने फंड की कमी को इसका कारण बताया। स्थानीय सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हर घर नल योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है और इसे जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा फंड नहीं उपलब्ध कराने के कारण केंद्र और राज्य सरकार का एक संयुक्त खाता खोला गया है। विधायक श्री यादव ने यह भी पूछा कि क्या आगामी गर्मी में बरही के लोगों को पेयजल मिलेगा। इस पर इंजीनियर ने सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि निकट भविष्य में पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक ने इस कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने के निर्देश दिए।

**डीप बोरिंग और बिजली समस्याएं :** विधायक मनोज यादव ने बरही विधानसभा के ड्राई जोन घोषित क्षेत्रों में डीप बोरिंग कराने की मांग की। वहीं, चौपारण प्रखंड के भगहर पंचायत में बिजली आपूर्ति को लेकर समस्या पर चर्चा हुई। वर्तमान में बिजली आपूर्ति कोडरमा जिले से की जा रही है, जिससे क्षेत्र में पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली विभाग ने आश्वासन दिया कि जल्द ही भगहर पंचायत को हजारीबाग जिले से बिजली आपूर्ति शुरू की जाएगी।




**शिक्षा और अतिक्रमण का मुद्दा :** चौपारण प्रखंड के सेल्हारा मध्य विद्यालय में डीएमएफटी फंड से चाहरदीवारी का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन स्कूल परिसर में अतिक्रमण की समस्या के कारण काम रुक गया है। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अतिक्रमण हटाकर जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूरा कराया जाए।

**पेयजल के लिए चापाकल लगाने के निर्देश :** जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव ने रानीचुंवा पंचायत के धोबघट गांव की समस्या उठाई, जहां लोग नदी और चुंवा का पानी पीने को मजबूर हैं। विधायक ने पीएचईडी विभाग को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द चापाकल लगाया जाए, विभाग ने इस पर सहमति जताई।

**बरही को नगर परिषद बनाने का प्रस्ताव :** बैठक में बरही को नगर परिषद बनाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। अनुमंडल पदाधिकारी को इस संबंध में आगे की कार्रवाई करने की सहमति दी गई।

**डीलर के खिलाफ कार्रवाई पर सवाल :** विधायक मनोज कुमार यादव ने चौपारण प्रखंड के एक डीलर का मुद्दा उठाया, जो पोश मशीन लेकर मुंबई चला गया था। उन्होंने पूछा कि उस डीलर पर एफआईआर हुई या नहीं। हजारीबाग के डीएसओ ने जानकारी दी कि डीलर को निलंबित कर दिया गया है और एफआईआर दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है।

**लोटिया जलाशय का रख-रखाव :** पदमा प्रखंड के लोटिया जलाशय के रखरखाव और मरम्मत का मामला भी बैठक में उठा। इस पर समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए गए। दिशा की इस बैठक में बरही विधानसभा की कई समस्याओं पर चर्चा हुई और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाए गए। जलापूर्ति, बिजली, शिक्षा और नगर विकास जैसे मुद्दों पर उठाए गए सवालों से क्षेत्र में विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। मौक़े पर हज़ारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, उपायुक्त नैंसी सहाय, बरही विधायक मनोज यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, हज़ारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, बड़कागांव विधायक रौशनलाल चौधरी, मांडू विधायक तिवारी महतो, जीप अध्यक्ष उमेश मेहता, उपाध्यक्ष किशुन यादव समेत जिले के सभी विभाग के पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# रामगढ़ पुलिस ने श्रीवास्तव गिरोह के तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार







❍ अपराधियों के पास से एक स्कॉर्पियो, 9 एमएम की पिस्तौल और दो कारतूस बरामद

❍ पतरातू में रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज पर अमन श्रीवास्तव गिरोह द्वारा कराई गई थी फायरिंग

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिला पुलिस को तीन अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली हैद्य पुलिस ने पतरातू रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज के निकट फायरिंग करने के मामले का उद्भेदन कर लिया हैद्य पुलिस अधीक्षक कार्यालय रामगढ़ में आज मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दीद्य रामगढ़ के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 10 दिसंबर 2024 को पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत एमजीसीपीएल कंपनी के द्वारा बनाए जा रहे रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज पर अमन श्रीवास्तव गिरोह के द्वारा फायरिंग कराई गई थीद्य उक्त घटना के अनुसंधान के क्रम में 5 जनवरी को पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पतरातू थाना क्षेत्र अंतर्गत इलेक्शन रिजॉर्ट तालाटांड में मंगलवार को कंपनी के प्रतिनिधि के साथ अमन श्रीवास्तव ग्रुप के सदस्य मीटिंग करने वाले हैंद्य प्राप्त सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए पतरातू के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पवन कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गयाद्य टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारी और कमी सादे निवास में अलेक्सा रिजॉर्ट कंपस में तैनात कर दिए गएद्य इस दौरान तैनात पुलिस पदाधिकारी के द्वारा संदेश के आधार पर दो लोगों के पास जाकर पूछताछ किया गया तो वह अपना नाम छुपाने लगे और वहां से चालाकी से भागने का प्रयास कियाद्य जिसे तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं करीमियों के द्वारा पकड़ लिया गयाद्य पुलिस के द्वारा पूछताछ के कर्म में अपना नाम दीपक कुमार पतरातु रामगढ़ और शहादत अंसारी पतरातु रामगढ़ बतायाद्य दोनों लोगों के तलाशी लेने पर उनके पास से 9 एमएम का लोडेड देशी पिस्तौल भी बरामद हुआद्य पुलिस अधीक्षक ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस द्वारा पूछताछ के क्रम में दोनों ने बताया कि होटवार जेल में बंद श्रीवास्तव गिरोह के रियाज अंसारी,अमन श्रीवास्तव,शिव शर्मा एवं रतन सिंह के द्वारा यह योजना तैयार किया गया थाद्य कंपनी के लोगों से मिलकर लवी की राशि तय करनी थीद्य उक्त मीटिंग को अंजाम देने के लिए अलेक्सा रिसोर्ट के बाहर तीन लोग रैकी कर रहे थेद्य जिसमें से एक व्यक्ति एहसान अंसारी पतरातू को गिरफ्तार किया गयाद्य एक विधि विरोध किशोर को निरुद्ध किया गयाद्य गिरफ्तार चारों लोगों को जेल भेज दिया गया हैद्य पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किया लोगों के पास से एक 9 एमएम का देसी पिस्तौल दो जिंदा कारतूस, एक स्कॉर्पियो, एक सुजुकी फ्रॉंक और 6 एंड्रइड मोबाइल बरामद किया गया हैद्य पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए दीपक कुमार और शहादत अंसारी का लंबा आपराधिक इतिहास रहा हैद्य पुलिस ने गिरफ्तार दीपक कुमार, शहादत अंसारी, एहसान अंसारी एवं एक अन्य को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया हैद्य

## भाजपा रामगढ़ कैंट मंडल में भाजपा की सदस्यता को लेकर किया बैठक



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ कैंट मंडल में भाजपा की सदस्यता को लेकर को लेकर विशेष बैठक किया गया रामगढ़ कैंट मंडल के सभी शक्ति केंद्र पर पर आज रामगढ़ कैंट मंडल भारतीय जनता पार्टी ने भारी संख्या में सदस्य बनाने को लेकर विशेष बैठक शक्ति केंद्र पर किया गया बैठक में रामगढ़ कैंट मंडल के प्रवासी प्रभारी प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश उपस्थित हुए मंडल अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव ने बुके देकर सम्मानित किया साथ ही उपाध्यक्ष सुशांत पांडे ने राकेश प्रसाद को अंग वस्त्र गीता डायरी देकर सम्मानित किया उनके द्वारा बताए गए दिशा निर्देश पर रूपरेखा तैयार किया गया कल रामगढ़ कैंट मंडल के सभी शक्ति केंद्र 1,2,8 वार्ड पर बैठक कर भाजपा सदस्य बनाने का कार्य किया गया अनमोल सिंह के आवास के निकट झंडा चोक, तथा वार्ड नंबर शक्ति केंद्र 3,4 पासवान धर्मशाला दूसरा मोहल्ला तथा मंडल उपाध्यक्ष सुशांत पांडे के आवास में वार्ड नंबर 5,6,7, शक्ति केंद्र पर बैठक कर सदस्य बनाने हेतु आग्रह किया गया तथा तथा कल 8/1/2025 को रामगढ़ के हृदयस्थली सुभाष चौक पर मंडलीय शिविर लगाकर समय 10-30 बजे जिला रामगढ़ के निवासियों को 8800002024 पर सदस्य हेतु मिस कॉल कराया जाएगा कार्यक्रम किया जाएगा सभी प्रदेश,जिला मंडल,शक्ति केंद्र के प्रभारी,संयोजक, सह संयोजक, बूथ अध्यक्ष,के द्वारा तथा आम जनता ।

## उरीमारी आउटसोर्सिंग में बेरोजगार युवाओं को रोजगार दे कंपनी-महादेव बेसरा



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विस्थापित संघर्ष मोर्चा उरीमारी-पोटंगा कि बैठक मंगलवार को विस्थापित कार्यालय उरीमारी में हुई। वहीं इस बैठक कि अध्यक्षता विसमो के उपाध्यक्ष सीताराम किस्कू कि अध्यक्षता में हुई। वहीं इस बैठक मे विस्थापित समिति कि मजबुती एवं विस्थापित क्षेत्रों कि समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। वहीं विस्थापित संघर्ष मोर्चा के सचिव महादेव बेसरा ने कहा कि उरीमारी में काम कर रही आउटसोर्सिंग कंपनी में यहा के बेरोजगार विस्थापित युवकों को कंपनी में अतिशिघ्र रोजगार देने काम करें। वहीं इस मौके विसमो अध्यक्ष चरका करमाली,कानू मरांडी, सुखदेव सोरेन,जतरू बेसरा, शिबू हेम्ब्रोम,तालो बेसरा,दशाराम हेम्ब्रोम, महेश करमाली, राजेन्द्र किस्कू, बिरजू सोरेन,सरोज मुर्मू,मनू टुडू,जुरा सोरेन, नन्दू जयसवाल,जुगल सोरेन,कुला प्रजापति,रतन पावरीया, शिबू ठाकुर,शिवा उरांव,रामा उरांव,खुशीयाल साव, अर्जुन मेहता, राजकुमार,सीतामुनी देवी, फुलमनी देवी, गीता देवी आदि लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल कुजू के कोल व्यवसायियों से मिले



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल के अध्यक्षता में कुजु स्थित ट्रांसपोर्ट नगर में जाकर कोल व्यवसायियों से मिलकर विगत दिनों कोल व्यवसाई पर की गई गोलीबारी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने कोल व्यवसायियों को आश्वासन दिया कि उक्त घटना के संबंध में उच्च अधिकारियों से मिलकर अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ने एवं भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसकी मांग करेंगे। अध्यक्ष श्री विनय कुमार अग्रवाल ने कोल व्यवसायियों को भरोसा दिलाया कि रामगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री उनके हर सुख-दुख में उनके साथ रहेगा।

## बच्चों को ऐसे संस्कार दो जो विद्वानों के संग बैठ सके - विभाश्री माताजी



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिगंबर जैन मंदिर रामगढ़ में जैन आर्यिका संघ द्वारा मंगलवार को जिनालय में कई धार्मिक आयोजन हुए । सर्वप्रथम माता जी के सानिध्य में सहस्त्रनाम धारा अभिषेक कराया गया। जलाभिषेक का सौभाग्य प्रवीण पाटनी परिवार, इंद्रमणि देवी चूड़ीवाल, योगेश सेठी ,पुष्पा अजमेरा ,अशोक काला ,हीरालाल राजेंद्र कुमार पाटनी,विद्या प्रकाश जी छाबड़ा परिवार को प्राप्त हुआ ।शांति धारा करने का सौभाग्य राकेश जी पांड्या ,पुष्पा अजमेरा , मांगीलाल चूड़ीवाल ,राजेंद्र राजेश चूड़ीवाल परिवार को प्राप्त हुआ।कार्यक्रम को सफल बनाने में देवेंद्र गंगवाल, प्रदीप पाटनी , विकास रपरिया ,संजय सेठी, मुनकी छाबड़ा, सुभाष सेठी ,महावीर गंगवाल ,कमल पाटनी ,रेणु चूड़ीवाल, ममता गंगवाल, सुनीता पाटनी, पुष्पा सेठी, श्वेता अजमेरा , सरला सेठी वीणा बगड़ा ,ममता बगड़ा ,रेखा पाटनी,कुसुम पाटनी ,प्रिया पाटनी, श्रीकांता गंगवाल गिनाया देवी सेठी ,आदि ने योगदान दिया उपरोक्त जानकारी रामगढ़ जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण कुमार जैन ने दी ।

## पीवीयूएन द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय पतरातु में कंबल का किया गया वितरण



**पतरातू(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को पीवीयूएनएल की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय,पतरातू के सभी छात्रों के बीच कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम जियाउर रहमान, एचओएचआर,राजेश डुंगडुंग, डीजीएम(पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन) की उपस्थिति में आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंदर कुमार राम ने पीवीयूएनएल द्वारा समय-समय पर की जाने वाली इस प्रकार की सहायता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पहल न केवल छात्रों की जरूरतों को पूरा करती है, बल्कि उन्हें समाज में योगदान देने के लिए प्रेरित भी करती है।

## भाकपा-माले का जोहार झारखंड संकल्प अभियान दूसरे दिन भी जारी, ग्राम-बुमरी में घर घर जाकर चलाया जनसंपर्क यात्रा



**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू प्रखंड ,बुमरी पंचायत के बुमरी गांव के विभिन्न टोलों -मोहल्ले में भाकपा माले का जत्था-टीम ने 18 दिसंबर 2024 से 22 अप्रैल 2025 तक चलने वाले पार्टी अभियान को आज दूसरे दिन भी चलाया गया। भाकपा- माले का जत्था टीम ने÷जोहार झारखंड संकल्प अभियान ÷ का लिखे नारे का बैनर, झंडा, पर्चा हाथों में लेकर गगन भेदी नारे लगाते हुए जल -जंगल -जमीन पर कॉरपोरेट कब्ज मंजूर नहीं! जल- जंगल -जमीन व खनिज पर अडानी का कब्जा मंजूर नहीं! नफरत की राजनीति को दूर करो, फासीवाद को चकनाचूर करो! झारखंड है, झारखंड की जनता की, अडानी का जागीर नहीं! स्थानीयता की नीति लागू करो! पांचवी अनुसूची लागू करो! पेसा कानून लागू करो !आदि नारों के साथ अभियान को आगे बढ़ाते हुए, गांव के ग्रामीणों, मजदूर-किसानों ,छात्र- नौजवानों महिलाओं ,जन-जन के बीच जाकर सैकड़ो लोगों से संपर्क कर पार्टी अभियान का पर्चा वितरण करते हुए अभियान के संदर्भों को बताया गया। आगामी 16 जनवरी 2025 को जननायक, जन संघर्षों की बुलंद आवाज, भाकपा माले के पूर्व विधायक शहीद कामरेड महेंद्र सिंह का शहादत दिवस को सफल बनाने का भी आहवान किया गया ।

## मंत्री इरफ़ान अंसारी से मिली ज़ोया परवीन, नव वर्ष की दी बधाई



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड राज्य कैबिनेट के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी से रामगढ़ ज़िला कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष ज़ोया परवीन ने मंगलवार को राँची स्थित मंत्री आवास पहुँच कर मुलाक़ात की। इस दौरान ज़ोया परवीन ने मंत्री डॉ इरफान अंसारी को बुके भेंट कर नव वर्ष की बधाई दी आगे श्रीमती ज़ोया परवीन ने रामगढ़ में अल्पसंख्यको की समस्याओं से स्वास्थ्य मंत्री को अवगत कराई साथ ही अल्पसंख्यकों के लिए स्वास्थ की बेहतर व्यवस्था को लेकर चर्चा की जिसके बाद स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफ़ान अंसारी ने आश्वशन देते हुए कहा कि रामगढ़ में ज़्यादा से ज़्यादा बेहतर स्वास्थ्य पर ध्यान दिया जाएगा एवं जन कल्याण में सरकार की योजनाओं को भी लोगों तक पहुँचाने का बेहतर कार्य किया जाएगा। मौके पर साबीर अंसारी, अनीसूल हक़, नामधारी, वीरेंद्र सिंह, साहिल ख़ान, अफरोज अंसारी, सोहेल राजा उपस्थित थे।

## झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन ने बिरसा पीओ को 24 सुत्री मांग पत्र सौंपा



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के तत्वावधान में मजदूरों से जुड़े विभिन्न समस्याओ को लेकर सोमवार को बिरसा परियोजना पदाधिकारी को युनियन ने 24 सुत्री मांग पत्र सौंपा है। जिसमें मजदूरों कि सभी समस्याओं का निदान पंद्रह दिनों के अंदर करने कि बात लिखी गई है। वहीं इस पत्र में परियोजना के विभिन्न विभागो में कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति देने। अंडरग्राउंड खदान में कई वर्षो से जमे मजदूरों को भुमिगत खान से परियोजना अन्य परियोजना में स्थानांतरित किया जाए। कर्मचारीयों के वेतन से कटौती किए गए पीएफ और पेंशन राशि का स्टेटमेंट रांची भेजने से पुर्व कर्मीयों को दिया जाए। आदि विभिन्न मांगों को लिखा गया है। वही झारखंड मुक्ति मोर्चा केन्द्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन मजदूरों कि समस्याओ को नजरंदाज करती है तो हमारी युनियन आंदोलन को बाध्य होगी। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन कि होगी। वहीं इस मौके पर शाखा सचिव राजेश सिंह, संजय वर्मा, संजय करमाली, रूस्तम सोहराब, धनंजय वर्मा, बहादुर मांझी आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी से मिलकर वार्ड नंबर 8 की समस्या बताई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** मंगलवार को रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधिमंडल नगर अध्यक्ष बलराम साहू के नेतृत्व में छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी से मिलकर वार्ड नंबर 8 के गली मोहल्ले में साफ सफाई एवं पानी की समस्या स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर मिलकर अवगत कराया। सीओ साहब ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने सफाई कर्मचारियों को निर्देश देते हुए पंजाबी मोहल्ला में सफाई अभियान चालू करवाया और इसको लगातार जारी रखने का निर्देश दिया इसके लिए रामगढ़ नगर कांग्रेस कमेटी छावनी परिषद के अधिशासी अधिकारी को धन्यवाद देता हूँ जिसमें मुख्य रूप से आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गगन करमाली नगर उपाध्यक्ष संजीव खंडेलवाल जिला सचिन टिंकू खान नगर सचिव संजय वर्मा जयकुमार राम आदि मुख्य रूप से शामिल थे।

## प्रखंड मुख्यालय डाडी में सड़क सुरक्षा को लेकर की गई संकल्प सभा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्दी :** प्रखंड मुख्यालय डाडी में सड़क सुरक्षा को लेकर एक संकल्प सभा आयोजित की गई। जिसमें बीडीओ केकेवर्मा द्वारा तमाम कर्मियों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुए कुछ टिप्स भी दिए गए। साथ ही तमाम लोगों को सडक सुरक्षा के नियमों को भलीभांति पालन करने का संकल्प भी दिलाया गया। संकल्प के तहत वाहन को क्रोसिंग पर धीरे चलाने, पैदल यात्रियों को पहले पार करने,वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर बाँधने,यातायात नियमों और चिन्हो का पालन करने और गति सीमा पालन,वाहन को दुरुस्त रखने, हेलमेट जरूर पहनने,वाहन कभी भी असुरक्षित ढंग से न चलाने, शराब का सेवन कर वाहन न चलाने आदि की जानकारी देते हुए संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर देवेंद्र कुमार सहित सभी कर्मी व अन्य लोग मौजूद थे।

## रामगढ़ पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा





**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहरी क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी के मामले का उद्भेदन रामगढ़ थाना पुलिस ने कर लिया हैद्य रामगढ़ जिला के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी को देखते हुए जिला के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने रामगढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन कियाद्य एसपी द्वारा गठित टीम को जांच के क्रम में 6 जनवरी को गुप्त सूचना मिल की हजारीबाग जिला के गिद्दी थाना क्षेत्र के मनुवा क्षेत्र का एक अपराधी सक्रिय हैद्य गुप्त सूचना के आधार पर यहां छापामारी कियाद्य जिसके द्वारा रामगढ़ एवं कुज्जू क्षेत्र में चोरी की कई घटनाओं का अंजाम देने की बात स्वीकार किया गया द्य पकड़े गए अपराधी के घर से चोरी किए गए ?40000 नगद,4 मोबाइल फोन,एक टेब, पांच चांदी का सिक्का बरामद किया गयाद्य पकड़े गए अपराधी के निशानदेही पर शहर के गोल पार्क के सोनार ओम हरि सोनी को गिरफ्तार किया गयाद्य इसके बताएं स्थल से पुलिस ने चोरी कर गले गए सोने को बरामद कियाद्य रामगढ़ थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया व्यापारी साहू उर्फ़ नेपाली साहू गिद्दी जिला हजारीबाग और ओम हरि सोनी गोलपर रामगढ़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैद्य गिरफ्तार किए गए व्यापारिक साहू उर्फ़ नेपाली साहू का पुराना आपराधिक इतिहास रहा हैद्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए बनाई गई छापामारी दल में रामगढ़ के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद,रामगढ़ थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार के अलावा पुलिस अधिकारी और आरक्षी शामिल थेद्य

## किरीगढ़ा रेलवे लाइन बिछाने के विरोध को लेकर की गई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातु :** पालु पंचायत के ग्राम किरीगड़ा सामुदायिक भवन में ग्रामीण की एक बैठक हुई।जिसकी अध्यक्षता ब्रजेश सिंह एवं संचालन राहुल सिंह ने किया।बैठक में पीवीयूएन पतरातू के द्वारा पालु पंचायत में नई रेलवे लाइन बिछाने के प्रोजेक्ट का पुरजोर विरोध एवं कड़ी निंदा किया गया।कहा गया इस नई रेलवे लाइन बिछाने से ग्राम किरीगड़ा पूरी तरह से उजड़ एवं बर्बाद हो जाएगा गांव के लोग जो यहां सदियों से गांव में रहकर खेती-बाड़ी तथा मेहनत मजदूरी कर अपने-अपने परिवार का जीविका पार्जन करते आ रहे वे वह गांव छोड़कर जाने को विवस हो जाएंगे गांव वालों की जीवन लीला सदा सदा के लिए समाप्त हो जाएगा।तथा नई रेलवे लाइन प्रोजेक्ट को रोकने के लिए सर्व सहमति से गांव बचाव संघर्ष समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष राहुल सिंह, सचिव इंद्रजीत कुमार,कोषाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार,मीडिया प्रभारी ब्रजेश सिंह,उपाध्यक्ष कामेश्वर साव, सहसचिव संतोष कुमार सिंह, उपकोषाध्यक्ष मुकेंद्र कुमार, सोशल मीडिया प्रभारी उज्जवल कुमार, संरक्षक गंगाधर महतो, अजय कुमार सिंह, सुनीता देवी,हरिदास साव, छकनलाल सिंह,बलराम सिंह, उमेश सिंह,ओम कार सिंह, प्रमोद सिंह,दुर्गानंद सिंह, लोकेश्वर कुमार, सिद्धार्थ रजवार, आशीष मुंडा, देवेंद्र कुमार,विक्की कुमार, देवानंद कुमार, सोनू कुमार, कृष्णा सिंह, अखिलेश कुमार,अमन कुमार, राजेश साहू,कीर्तन साहू, पुकार साव, को बनाया गया है। बैठक में सैकड़ो महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

## टुसु परब सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन मुख्य संयोजक सुधीर मंगलेश बनें



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बुध बाजार सिरु में झारखंड के प्रमुख पारंपरिक त्योहारों में से एक टुसू परब के शुभ अवसर पर आगामी 16 जनवरी, 2025 को बुधबाजार सिरु में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी को लेकर मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता लिलेश्वर महतो ने की और संचालन सपुत कुमार ने किया।इस बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गई मुख्य संयोजक सुधीर मंगलेश , मुख्य संरक्षक इकबाल अंसारी, प्रदीप महतो , अध्यक्ष उतम महतो , सचिव करमु महतो कोषाध्यक्ष बबलू महतो , व्यवस्थापक सिकेनदर नायक इसके अतिरिक्त, कार्यकारिणी सदस्य के रूप में विनोद महतो, रामप्रसाद महतो, सिबचरण महतो, सुनिल करमाली, युगल किशोर महतो, रोहित करमाली, शुभम कुमार, रितेश कुमार, ठाकुरदास महतो, विरेंद्र कुमार, रोशन कुमार, रोहित प्रजापति, और कामेश्वर महतो होंगे।यह आयोजन झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी से अनुरोध करते हैं कि इस कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाएं और हमारी संस्कृति को सशक्त करें।


### कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

#### —: पशुपालकों के लिए आम सूचना :—

वित्तीय वर्ष 2024—25 में कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश संख्या— 15 रा0 दिनांक— 01.07.2024 एवं निदेशक, पशुपालन, झारखण्ड, रांची के पत्रांक— 1668 नि० दिनांक— 23.12.2024 के आलोक में जिले के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि **दिनांक— 10.01.2025 एवं 11.01.2025 को सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक** अधोवर्णित सूची के अनुसार जिले के निम्नलिखित पंचायतों में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्थानीय पशुचिकित्सकों द्वारा **"दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर"** का अयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाली पशु चिकित्सा शिविरों का विवरण निम्नवत् है :—

| क्र. सं. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन स्थल | उत्तरदायी पशु चिकित्सा पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाईल न0 | सहयोगी कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | अभ्यु० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बालूमाथ | बालूमाथ | पंचायत भवन, बालूमाथ | डॉ0 नीलिमा तिर्की, भ्र० पशु० चि० पदा०, बालूमाथ। मो०–7667804557 | 1. श्री संजय कुमार, प्रावैधिक सहायक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता | |
| 2 | बारियातु | बारियातु | पंचायत भवन, बारियातु | डॉ0 सुशीला बागे, गोसदन पदाधिकारी, बरवाडीह। मो०– 9572031345 | 1. श्री बिनोद कुमार बैठा, अनुसेवक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 3 | बरवाडीह | बरवाडीह | पंचायत भवन, बरवाडीह | डॉ0 प्रमोद कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, बरवाडीह मो०– 9431715129 | 1. श्री सुदेश्वर राम, रात्रि प्रहरी 2. श्री रामायण ठाकुर, अनुसेवक 3. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 4 | मनिका | नामुदाग | पंचायत भवन, नामुदाग | डॉ0 नरेश कुमार साहू, भ्र० पशु० चि० पदा०, मनिका। मो०– 7352383316 | 1. श्री संजय कुमार पाठक, प्रावैधिक सहायक 2. श्री बिरेन्द्र कुजूर, रात्रि प्रहरी 3. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 5 | चन्दवा | चन्दवा पूर्वी | पंचायत भवन, चन्दवा पूर्वी | डॉ0 सरोज केरकेट्टा, भ्र० पशु० चि० पदा०, चन्दवा। मो०– 8210981471 | 1. श्री प्रेमालय बाखला, प्रावैधिक सहायक 2. श्री राजेश भगत, अनुसेवक 3. श्री महाबीर महली, अनुसेवक 4. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 6 | हेरहंज | हेरहंज | पंचायत भवन, हेरहंज | डॉ0 अनिल केरकेट्टा, भ्र० पशु० चि० पदा०, बरवाडीह। मो०– 9931379911 | 1. श्री विनोद भगत, अनुसेवक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता | |
| 7 | लातेहार | पाण्डेयपूरा | पंचायत भवन, पाण्डेयपूरा | डॉ0 हरेन्द्र पाल भगत, प्रखण्ड पशुपालन पदा०, लातेहार। मो०– 8002103231 | 1. श्री बिनय कुमार सिंह, पशुधन सहायक 2. श्री शत्रुघन कुमार पाण्डेय, पट्टी बंधक 3. श्री पौलुस कुजूर, अनुसेवक 4. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 8 | महुआडांड़ | महुआडांड़ | पंचायत भवन, महुआडांड़ | डॉ0 महानन्द मौर्य, भ्र० पशु० चि० पदा०, महुआडांड़। मो०– 7355232927 | 1. श्री कृष्णदेव राम, अनुसेवक 2. श्री सज्जन राम, रात्रि प्रहरी, 3. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 9 | गारू | धांगरटोला | पंचायत भवन, धांगरटोला | डॉ0 अश्वनी यादव, भ्र० पशु० चि० पदा०, गारू। मो०– 9110038983 | 1. श्री अजय ओड़ेया, प्रावैधिक सहायक 2. श्री शिवनन्दन सिंह, पशुधन सहायक 3. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 10 | सरयू | घांसीटोला | पंचायत भवन, घांसीटोला | डॉ0 मीरा कुमारी, भ्र० पशु० चि० पदा०, बेतला। मो०– 9110038983 | 1. श्री चन्दन कुमार, अनुसेवक, 2.संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |

सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अधिक से अधिक पशु/ पक्षियों को लाकर चिकित्सा, टीकाकरण एवं अन्य कार्यो का लाभ लें तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उससे लाभ उठायें।

निवेदक :—
जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार।

PR 343736 (Animal Husbandry) 24-25 (D)

## मुख्यमंत्री को सुल्तान अहमद ने दी बधाई



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुल्तान अहमद ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें नव वर्ष की बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड राज्य के उज्जवल भविष्य की भी कामना की। वहीं मुख्यमंत्री ने सुल्तान अहमद का काफी गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया और उन्हें भी नव वर्ष की बधाई दी।

## श्री गुरू गोविंद सिंह महाराज जी की जीवनी और शिक्षा आज के संदर्भ में और भी प्रासंगिक है : अनुपमा सिंह



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिखों के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह महाराज के प्रकाश पर्व पर एक आयोजन डिगवाडीह स्थित कांग्रेस - इंटक कार्यालय में देर रात संपन्न हुआ। आयोजन की मुख्य अतिथि कांग्रेस एवं इंटक नेत्री अनुपमा सिंह थी। गुलगुलिया विद्यालय, झरिया के तत्वाधान में यह आयोजन हुआ। इस अवसर पर गुलगुलिया विद्यालय के संस्थापक अनिल पाण्डेय द्वारा गुरु गोबिंद सिंह पर हस्तलिखित लघु पुस्तिका का विमोचन अनुपमा सिंह द्वारा किया गया। मौके पर अनुपमा सिंह ने कहा कि श्री गोविन्द सिंह महाराज की जीवनी और शिक्षा आज के संदर्भ में और भी प्रासंगिक है। उनकी शिक्षा से ज्ञान का प्रकाश फैलता है तथा बेहतर समाज के निर्माण के लिए रास्ता प्रशस्त होता है। उन्होंने समाज सत्य और न्याय का प्रकाश फैलाया उन्होंने लोगों को यह सिखाया की जीवन में सत्य और धर्म का पालन करना ही सच्चा प्रकाश है।आयोजन में अनिल पांडे ने प्रस्ताव रखा जो पारित हुआ कि खालसा पंथ की शिक्षा सभी विद्यालयों के विद्यार्थियों को दी जाए। इसे कोर्स में भी एक अध्याय के रूप में शामिल किया जाना समाज हित में होगा। अनुपमा सिंह ने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार को इस प्रस्ताव से अवगत करायेंगी। मौके पर कांग्रेस के नेता मुख्तार खान, सतपाल सिंह ब्रोका, सन्तोष महतो, किशोर कुमार, प्रमोद सिंह चंद्रवंशी, सतीश चंद्र रजक, भोला सिंह, भगवान दास, मसूद आलम, कालीचरण यादव, आफताब आलम आदि मौजूद थे।

## झारखंड कैडेट तलवारबाजी टीम उत्तराखंड के लिए रवाना



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उत्तराखण्ड के रुद्रपुर में उत्तराखंड फेंसिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित 19वां कैडेट नैशनल फेंसिंग चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम में 23 खिलाड़ियों जिसमें 12 बालक और 11 बालिका का चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने झारखंड टीम धनबाद से रुद्रपुर उत्तराखंड के लिए रवाना हुई। जहां 8 जनवरी से 12 जनवरी तक आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे। झारखंड टीम को धनबाद स्टेशन से राज्य संघ के महासचिव जयकुमार सिन्हा एवं संघ के संयुक्त सचिव अनिल बाँसफोर ने झारखंड टीम को शुभकामनाएं देकर रवाना किया।फेंसिंग के विभिन्न इवेंट में चयनित खिलाड़ी - फॉइल में मिहिर, उमाशंकर, सुशील, ईपी में शुभम, अभिराज, शौर्यराज, ऋषिराज, साइबर में आयुष, आदित्य, कृष, अमर, महिला खिलाड़ी मे शुक्ला, माही, नंदिनी, खुशी, फॉइल में प्रगति, सीम्मी, दिव्या, वंदना, साइबर में पूजा, खुशबू, सोनिया शामिल हैं।

## उपायुक्त ने हरी झंडी दिखा कर जागरुकता रथ को किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**धनबाद :** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है। लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए रथ जिले के विभिन्न हिस्सों में भ्रमण करेगा और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगा।जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी ने कहा कि लोगों को बताया जाएगा कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहनों में ओवर लोडिंग नहीं करें। भ्रमण के दौरान लोगों के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पुस्तिका एवं पंपलेट का विवरण किया जाएगा।वहीं ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार ने कहा कि लोगों को बताया जाएगा कि ओवरस्पीड, बाईक पर स्टंट करना, गलत दिशा में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग करना, शराब पीकर वाहन चलाना, नींद की अवस्था में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय सोशल मीडिया के लिए रील्स बनाना, ओवरटेकिंग करना, इंडिकेटर का प्रयोग न करना, पैदल चलते समय बिना दाएं बाएं देखे सड़क पार करना इत्यादि सड़क दुर्घटना के प्रमुख कारण है।इस अवसर पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी, ट्राफिक डीएसपी अरविंद कुमार, एमवीआई शुभम कुमार, एमवीआई हरीश कुमार, जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधक सुनील कुमार, अमरेश कुमार, देवेंद्र कुमार, मुकुल कुमार व अन्य लोग उपस्थित थे।

## महिला सब्जी विक्रेताओं के बीच कंबल का वितरित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** सोमवार को समाजसेवी उदय प्रताप सिंह ने देर रात पुराना बाजार में निमियाघाट एवं अन्य ग्रामीण क्षेत्रों से आई महिला सब्जी विक्रेताओं को कंबल वितरित किया। इस सर्दी के मौसम में महिला सब्जी विक्रेताओं, रिक्शा चालकों व फुटपाथ पर ठंड से ठिठुर रहे लोगों को कंबल पाकर काफी राहत मिली। महिला सब्जी विक्रेताओं ने उदय प्रताप सिंह को उनके सर पर हाथ रख कर ढेर सारा आशीर्वाद दिया। मौके पर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि नर सेवा नारायण सेवा, जरूरतमंदों की सेवा से मन को संतुष्टि होता है। यह अभियान पूरा ठंड तक चलता रहेगा। मेरा उद्देश्य यही है कि ठंड से किसी जरूरतमंद को परेशानी का सामना न करना पड़े। मौके पर सागर मिश्रा, जिशु सिंह, श्वेताभ सिंह, सोनू सिंह, शंकर प्रसाद, अजय पांडे आदि मौजूद थे।

## अखिल भारतीय किन्नर समाज के महाअधिवेशन के छठे दिन निकली शोभा यात्रा



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बारामुड़ी में आयोजित अखिल भारतीय किन्नर समाज के महाअधिवेशन के छठे दिन मंगलवार को किन्नर समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभा यात्रा मटकुरिया से प्रारम्भ होकर जोड़ाफाटक शक्ति मंदिर पहुँच कर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में देश विदेश से आए हजारों की संख्या में किन्नर शामिल हुए।कार्यक्रम स्थल से बस व सैकड़ों गाड़ियों से पांच हजार किन्नर मटकुरिया पहुंचीं। यहां से शोभायात्रा शुरू हुई।सजे रथ में किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छमछम देवी, सचिव श्वेता किन्नर के साथ सभी राज्यों से आयी किन्नर की नायक बिराजमान हुई। किन्नरों का यह शोभायात्रा जहाँ - जहाँ से गुजरी लोगों की भारी भीड़ उन्हें देखने जुटी। सभी में किन्नरों से आशीष पाने की आपाधापी थी।सभी नाचते-गाते मंदिर पहुंचे। यहां माता के दरबार में पूजा अर्चना कर 21 किलो का घंटा चढ़ाया गया। शोभा यात्रा के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने हेतु ट्रैफिक कर्मियों ने मोर्चा संभाला। इस बाबत देश-विदेश से आये किन्नरों ने कोयलांचल वासियों पर आशीष बरसाया। उन्होंने कहा कार्यक्रम में मिल रहे सम्मान से वे अभिभूत हैं। हम दुआओं का खजाना लेकर झारखंड आयें हैं। बता दें कि किन्नर समाज का यह महाधिवेशन 2 जनवरी से ही शुरू है जिसका समापन 10 जनवरी को होगा।

### जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी

**मत्स्य बीज उत्पादकों हेतु कॉमन कार्प मत्स्य स्पॉन वितरण की सूचना**

खूँटी जिला अंतर्गत वैसे मत्स्य बीज उत्पादकों को सूचित किया जाता है कि जो वित्तीय वर्ष 2024–25 में अथवा पूर्व में मत्स्य बीज उत्पादन का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लिए हैं एवं उनके तालाब में पानी पर्याप्त मात्रा में है, उनके लिए वर्तमान में कॉमन कार्प मत्स्य स्पॉन 90 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध हो रहा है।

कॉमन कार्प मत्स्य स्पॉन प्राप्त करने हेतु इच्छुक मत्स्य बीज उत्पादक अपने तालाब की विवरणी यथा तालाब का क्षेत्रफल, तालाब का GPS फोटो, आधार कार्ड, प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र, की छाया प्रति/अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के लाभुकों का प्रमाण पत्र का छाया प्रति आवेदन पत्र के साथ विज्ञापन प्रकाशन के 10 दिनों के अन्दर जिला मत्स्य कार्यालय, खूँटी में जमा करें। आवेदन पत्र कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है। विस्तृत जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
खूँटी

PR 343621 Fish(24-25).D

### उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग (सामान्य शाखा)

**–: आवश्यक सूचना :–**

हजारीबाग जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु कार्यालय ज्ञापांक–963/सा0, दिनांक–07.08.2024 के द्वारा प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 01/2024 के आलोक में दिनांक–20.12.2024 को सम्पन्न लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की औपबंधिक सूची दिनांक 27.12.2024 को www.hazaribag.nic.in के वेबसाईट पर प्रकाशन के उपरान्त दिनांक 28.12.2024 एवं 30.12.2024 को दावा आपत्ति प्राप्त किया गया।

दिनांक 04.01.2025 को आयोजित चौकीदार नियुक्ति समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में प्राप्त दावा आपत्ति का निश्पादन के उपरान्त शारीरिक माप एवं जाँच परीक्षा हेतु चयनित अभ्यर्थियों की अंतिम मेघा सूची एवं चौकीदार लिखित परीक्षा में सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों के द्वारा प्राप्तांक की सूची **www.hazaribag.nic.in** के वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी गयी है। शारीरिक माप एवं जाँच परीक्षा का आयोजन दिनांक 10.01.2025 एवं 11.01.2025 को कर्जन ग्राउण्ड, नियर पुराना बस स्टैण्ड, हजारीबाग में किया जाता है। सभी चयनित अभ्यर्थियों को निर्देश दिया जाता है कि 06:00 बजे पूर्वाह्न में कर्जन ग्राउण्ड, हजारीबाग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही वे अपने साथ निम्न रूप से कागजात लाना सुशिचित करेंगे :–

i. प्रवेश पत्र की मूल प्रति एवं एक छायाप्रति।
ii. आवेदक द्वारा समर्पित फॉर्म में संलग्न शैक्षणिक योग्यता/जाति/आवासीय/EWS/ खेल–कुद/ दिव्यांगता आदि प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं एक सेट छायाप्रति।

ह0/उपायुक्त,
हजारीबाग

PR 343701 (District)24-25*D

### झारखण्ड सरकार
### कृषि एवं पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), कार्यालय, जिला कृषि पदाधिकारी, चतरा
### संयुक्त जिला कृषि कार्यालय, तपेज, चतरा।

**अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति (EOI)**

**चतरा जिला में चतरा एवं सिमरिया प्रखंड मुख्यालय में एग्री क्लीनिक की स्थापना एवं संचालन हेतु अति अल्पकालीन इच्छा की अभिव्यक्ति**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्य योजनान्तर्गत एग्री क्लीनिक उपयोजना के क्रियान्वयन हेतु विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या 49 दिनांक 02.08.2024 के द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके आलोक में चतरा जिला के चतरा एवं सिमरिया प्रखंड मुख्यालय में स्थित कृषि तकनीकी सूचना केन्द (ATIC) में एग्री क्लीनिक संचालन किया जाना है। एग्री क्लीनिक स्थापना के उद्देश्य किसानो को उचित परामर्श देकर कृषि उत्पादकता, किसानों की उपज एवं उनके आय में वृद्धि करना है। इस योजना अन्तर्गत मृदा स्वास्थ्य, मौसम पूर्वानुमान, पौधा संरक्षण एवं कृषि से संम्बद्ध अन्य विषयों पर किसानों को परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। किसानों को एग्री क्लीनिक के 12 सर्विसेस यथा – मृदा स्वास्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, बीज, खाद कीटनाशी, सूक्ष्म सिंचाई, कृषि उपादानों के व्यापार हेतु अनुज्ञप्ति, कृषि उपकरण, खेती हेतु सलाह, झारखण्ड राज्य फसल राहत योजना, सिंचाई सुविधा, कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन/डेयरी/मत्स्य पालन संबंधित योजनाएँ एवं कृषि उत्पादों का दर संबंधी सूचनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इसी उद्देश्य से अनुभवी एवं इच्छुक एजेन्सी/संस्था/महिला समूह/स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह/सहकारी समितियॉ/गैर सरकारी संस्थायें (NGOs) से **दिनांक 15/01/2025** के अपराह्न 1.00 बजे तक **इच्छा की अभिव्यक्ति** आमंत्रित की जाती है, जिसे उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा।

इच्छुक एजेन्सी/संस्था/महिला समूह/स्वयं सहायता समूह/कृषक समूह/सहकारी समितियॉ/ गैर सरकारी संस्थायें (NGOs) इच्छा की अभिव्यक्ति से संबंधित दस्तावेज कार्यालय अवधि में अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी –सह–परियोजना निदेशक, आत्मा, चतरा के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं अथवा आत्मा, चतरा के वेबसाईट www.atmachatra.in से डाउनलोड भी कर सकते है।

किसी प्रकार की अतिरिक्त जानकारी हेतु अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी, चतरा झारखण्ड के ई–मेल atmactr@rediffmail.com पर सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला कृषि पदाधिकारी,
चतरा

PR 343729 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25 (D)

### पूर्व मध्य रेल

**निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:– **(1) ई–निविदा सं.: 303-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा.मं.अभि. (1)/धनबाद के अधीन हिल कॉलोनी में रनिंग रूम का मरम्मत एवं संरक्षण। 06 (छ:) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 39,99,654.71 (2) ई–निविदा सं.: 304-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद– सहा.मं.अभि. (1)/धनबाद के अधीन धनबाद में महिला ट्रेन मार्गरक्षण स्टाफ के लिए 10 बिस्तरवाले महिला आरपीएफ मार्गरक्षक बैरक का प्रावधान। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 79,00,148.42 (3) ई–निविदा सं.: 305-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** 300मी वार्फ का प्रावधान, 120मी चाहरदिवारी, लोहे के फाटक का प्रावधान, गुड्स कार्यालय एवं मर्चेंट कक्ष का सुधार आदि के द्वारा धनबाद गुड्स शेड का सुधार। 06 (छ:) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 30,16,353.50 (4) ई–निविदा सं.: 306-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा.मं.अभि. /1/धनबाद के अधीन व.अनु.अभि. /कार्य/2/धनबाद के क्षेत्राधिकार में कॉलोनियों एवं सर्विस भवनों में क्षतिग्रस्त दरवाजों एवं खिड़कियों का मरम्मत एवं बदलना। 06 (छ:) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 39,77,439.10 (5) ई–निविदा सं.: 307-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा.मं.अभि. /1/धनबाद के अधीन हिल, हॉस्पीटल, रागाटांड, सेफ्टी कैंप तथा दक्षिणी साइड स्टेशन भवन में ओवरहेड आरसीसी टैंक के साथ मुख्य लाइन एवं सीआई वाल्व का मरम्मत एवं संरक्षण। 06 (छ:) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 39,84,705.30 (6) ई–निविदा सं.: 308-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा.मं.अभि./2/धनबाद के अधीन कतरासगढ़ रेलवे कॉलोनी में कॉलोनी रोड, नाली, सेप्टिक टैंक आदि का मरम्मत। 06 (छ:) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 80,73,009.35 (7) ई–निविदा सं.: 309-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** सहा.मं.अभि. (1)/धनबाद के अधीन अधिकारी विश्राम गृह धनबाद 05 नं. कमरों के साथ द्वितीय तल्ले का निर्माण के लिए प्रावधान। 09 (नौ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 65,78,557.38 (8) ई–निविदा सं.: 310-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद मंडल– व.म.अभि./1/धनबाद के अधीन 01 (एक) कि.मी. कर्व लंबाई के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप– कुल–228 सेट) का आपूर्ति, इंस्टालेशन कमिशनिंग एवं संचालन। 60 (साठ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 11,35,44,000.00 (9) ई–निविदा सं.: 311-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद मंडल– व.म.अभि./2/धनबाद के अधीन 01 (एक) कि.मी. कर्व लंबाई के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप– कुल–51 सेट) का आपूर्ति, इंस्टालेशन कमिशनिंग एवं संचालन। 60 (साठ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 2,53,98,000.00 (10) ई–निविदा सं.: 312-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद मंडल– म.अभि./5/धनबाद के अधीन 01 (एक) कि.मी. कर्व लंबाई के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप– कुल–46 सेट) का आपूर्ति, इंस्टालेशन कमिशनिंग एवं संचालन। 60 (साठ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 2,29,08,000.00 (11) ई–निविदा सं.: 313-DHN-2024-25, कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि:** धनबाद मंडल– व.म.अभि./ट्रैक/धनबाद के अधीन 01 (एक) कि.मी. कर्व लंबाई के लिए ट्रैक आधारित रेल गेज फेस ल्यूबरिकेटर (हायड्रोलिक टाइप– कुल–59 सेट) का आपूर्ति, इंस्टालेशन कमिशनिंग एवं संचालन। 60 (साठ) महीना, **कार्य की लगभग लागत (रू में): 2,93,82,000.00, ब्याने की राशि (रू में):** ब्याने की राशि **http://www.ireps.gov.in** पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागू। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 30.01.2025 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खुलने की तारीख 30.01.2025 को 12:30 बजे से। **वेबसाइट का विवरण: http://www.ireps.gov.in** ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक (अभियंत्रण)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद।

पीआर/01864/डीएचएन/ईएनजीजी/टी/24–25/104

## झारखंड ताइक्कांडो संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला खेल मंत्री से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** झारखंड ताइक्कांडो संघ का एक प्रतिनिधिमंडल झारखंड के मंत्री सुदिव्य कुमार मंत्री पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा विभाग से मिल कर उन्हें हाल में ही कराए गए भगवान बिरसा मुंडा ट्रॉफी नेशनल ओपन ताइक्कांडो चैंपियनशिप 2024 के बारे में बताया और प्रतियोगिता का मोमेंटो व शॉल देकर सम्मानित किया। जैसा कि इस प्रतियोगिता में खेल मंत्री को भी आना था पर कुछ कारणवश वो नहीं आ पाए थे। मंत्री ने ताइक्कांडो खेल के बारे में बहुत सारी बातें की और विभाग के तरफ से हरसंभव मदद करने की बात कही। मिलने वाले में मुख्य रूप से झारखंड ताइक्कांडो संघ के महासचिव संजय शर्मा, उपाध्यक्ष मिथलेश कुमार सिंह, कोच अविनाश राम, आदित्या शर्मा शामिल थे।

## निदेशक डीआरडीए ने सुनी लोगों की शिकायतें




**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को समाहरणालय के सभागार में आयोजित जनता दरबार में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन ने जिले के विभिन्न क्षेत्र से आए लोगों की शिकायतें सुनी। शिकायत का समाधान करने के लिए उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित किया।जनता दरबार में झरिया अंचल के अमीन ने आवेदन देकर कहा कि भूमाफियाओं द्वारा साजिश रच कर उन्हें सेवा से मुक्त करवा दिया गया है। खरखरी महेशपुर से आए एक शिकायतकर्ता ने कहा कि योजना पूरी हो जाने के बावजूद प्रखंड के कर्मचारियों द्वारा उन्हें जबरन परेशान किया जा रहा है। कोलाकुसमा सरायढेला से आए व्यक्ति ने निदेशक डीआरडीए को बताया कि उनकी रैयती जमीन पर फर्जी कागजात बनाकर अवैध कब्जा किया जा रहा है। विरोध करने पर धमकी दी जा रही है।बेकारबांध से आए व्यक्ति ने बताया कि एक दबंग व्यक्ति द्वारा जबरन और बलपूर्वक सार्वजनिक रास्ता की घेराबंदी की जा रही है। वहीं बलियापुर के पलानी से आए व्यक्ति ने कहा कि भूमाफियाओं द्वारा गैर आबाद खास खाता की जमीन पर जबरन कब्जा कर भूमाफियाओं द्वारा बाउंड्री वॉल बनाई जा रही है।जनता दरबार में निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद, जन शिकायत कोषांग के नंद किशोर कुशवाहा मौजूद थे।

### Government of Jharkhand
### Department of Information Technology and e-Governance
3rd Floor, Jharkhand Mantralaya, Dhurwa, Ranchi-834004

Bids are invited from CERT-IN empaneled auditor for audit of ASA & AUA/ KUA (DoIT & e-Gov., Govt. of Jharkhand) for year 2024-25. The bid document can be downloaded from Govt. of Jharkhand's e-procurement website- "**www.jharkhandtenders.gov.in**". The bidder may submit their proposals latest by 25.01.2025 till 06:00 P.M. though the online e-tendering portal.

For further queries please contact on the following:
Email–uidcellpmu-doit@jharkhandmail.gov.in

The details of the tender are as follows:

**Important Information**

| Sl. No. | Description | Detailed Information |
|---|---|---|
| 1 | Name of project | RFP for Audit of ASA, AUA/KUA & Other Departments |
| 2 | Tender Reference Number | ASA_AUA/KUAAudit-06/2024-25 |
| 3 | Date of release of bidding document on Jharkhand e-Tender Portal | 08.01.2025 at 10:00 AM onwards |
| 4 | Last date and time for bid document can be download from Jharkhand e-Tender portal | 25.01.2025 at 12:00 PM |
| 5 | Last date and time for bid submission on e-Tender portal | 25.01.2025 at 06:00 PM |
| 6 | Last date and time for receiving query related to bid | 14.01.2025 at 05:00 PM |
| 7 | Date and time for opening of Technical Bid | 27.01.2025 at 04:00 PM |
| 8 | Date and time for opening of Financial Bid | To be informed later |
| 9 | Address of Opening of Technical Bid | Chamber of Deputy Secretary, 3rd Floor, Project Bhawan, Ranchi, Jharkhand. |
| 10 | Bid related queries | Phone No.: +91-651-2970091 Email Id: uidcellpmu-doit@jharkhandmail.gov.in |
| 11 | EMD | Rs. 20,000/- (Rs. Twenty Thousand Only) |

Note:- 1. Bids should be submitted online through Govt. of Jharkhand's e-procurement website
2. Bids will be opened online; Bidders may view the details through their terminal.

Sd/-
Deputy Secretary
DoIT& e-Gov

PR 343680 Information Technology(24-25)#D

### Office of the Executive Engineer, Konar Canal Division, Banaso Hazaribagh

**1st CORRIGENDUM**

**In Bid Reference No. WRD/KCD BANASO/TURNKEY-01/24-25, DATE :- 26.11.2024, PR 340351 ( Water Resource) 24-25 (D), the period of availability of the bidding document and the corresponding date have been extended due to unavoidable reason as following :-**

| REFERENCE /CLAUSE | AS PER PREVIOUSLY PUBLISHED | AS PER MODIFICATION |
|---|---|---|
| PERIOD OF AVAILABILITY OF BIDDING DOCUMENT ON WEBSITE | FROM 28.11.2024 AT 12:00 AM to 08.01.2025 up to 5:00PM | FROM 28.11.2024 AT 12:00 AM to 15.01.2025 up to 5:00 PM |
| PERIOD OF ONLINE SUBMISSION OF BIDS | FROM 28.11.2024 AT 12:00 AM to 08.01.2025 up to 5.00 PM | FROM 28.11.2024 AT 12:00 AM to 15.01.2025 up to 5:00 PM |
| DATE AND TIME OF OPENING OF EMD & PRE-QUALIFICATION BID | 10.01.2025 at 3:00 PM | 17.01.2025 at 3:00 PM |

**All Other Terms & Conditions shall remain unchanged.**

Executive Engineer,
Konar Canal Division, Banaso
Hazaribagh

PR.NO.343708 Water Resource(24-25):D

### कार्यालय समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा

**सूचना**

बलदेव साहु महाविद्यालय, लोहरदगा परिसर में अवस्थित E- Library में छात्रों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराने हेतु निम्नांकित पद पर अनुभवी एवं योग्य कम्प्यूटर प्रशिक्षक की संविदा आधारित अस्थायी नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | पद का नाम | पद की संख्या | न्यूनतम योग्यता | निर्धारित मानदेय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | Computer Trainer/ Consultants | 01 | 1st division from any recognized University or Institute in Following Degree:- MCA/MCA (Computer Science)/ B.E. (Comp. Sc.) / B.Tech. (Comp. Sc.) / BCA / B.Sc. (Comp. Sc.) / NEILIT O/A/B/C Qualifier. | 28000/- |

नोट :– Candidates appearing for Final Semester can also apply.

चयनित कम्प्यूटर प्रशिक्षक को सर्वप्रथम 01 वर्ष के लिए संविदा के आधार पर अस्थायी रूप से नियुक्त किया जायेगा तथा एक वर्ष के कार्यकलापों के मूल्यांकन के पश्चात संतोषजनक पाए जाने पर ही अगले एक वर्ष हेतु कार्यावधि विस्तार दिया जायेगा। इच्छुक अनुभवी उम्मीदवार दिनांक 11.01.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक अपना सभी वांछित प्रमाण–पत्र के साथ जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी (NIC), लोहरदगा के कक्ष में Walk-in-interview में भाग लेना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 343717 Lohardaga(24-25)#D

### उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (समाज कल्याण शाखा)

**निदेशक, समाज कल्याण, झारखण्ड राँची के पत्र– 3277/स0क0 दिनांक– 24.12.2024 द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत विभिन्न परियोजनाओं के आंगनबाड़ी केन्द्रों में रिक्त सेविका एवं सहायिका के पदों पर चयन हेतु निर्धारित आमसभा की तिथिवार विवरणी निम्नवत है:–**

| क्र0 | परियोजना का नाम | रिक्त आंगनबाड़ी केन्द्र का नाम | आमसभा की तिथि | पदनाम (सेविका/सहायिका) | आमसभा का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पालकोट | कुर्रा | 07.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी केन्द्र में। |
| 2 | | कोरकोट टोली | 08.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी केन्द्र में। |
| 3 | | अम्बेराडीह | 08.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी केन्द्र में। |
| 4 | | बान्दोडीह | 07.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी केन्द्र में। |
| 5 | | बधिमा बड़ाईक टोली | 09.01.2025 | सहायिका | चबूतरा में |
| 6 | बिशुनपुर | जालिम वृजिया टोली | 08.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन |
| 7 | | मैला पाठ | 11.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन |
| 8 | | कोटा | 13.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन |
| 9 | | जेहन बिरहोर कॉलोनी | 16.01.2025 | सहायिका | चबुतरा |
| 10 | | बलातु पाठ | 18.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन |
| 11 | | परसापानी | 20.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन |
| 12 | | सालम नवाटोली | 23.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन |
| 13 | | उपर टुटवा | 29.01.2025 | सहायिका | आंगनबाड़ी भवन |
| 14 | घाघरा | बदरी | 08.01.2025 | सहायिका | आं0 बा0 केन्द्र |
| 15 | | नवडीहा | 10.01.2025 | सहायिका | आं0 बा0 केन्द्र |
| 16 | | आदर | 13.01.2025 | सहायिका | रा0 उ0 वि0 सालगी |
| 17 | | बेलागड़ा | 17.01.2025 | सेविका | आं0 बा0 केन्द्र |
| 18 | | सारांगो | 22.01.2025 | सहायिका | न0 प्र0 वि0 चुल्हामाटी |
| 19 | | आदर | 25.01.2025 | सहायिका | आं0 बा0 केन्द्र |
| 20 | | देवाकी | 31.01.2025 | सहायिका | सामुहिक अखड़ा |
| 21 | | देवाकी | 31.01.2025 | सेविका | सामुहिक अखड़ा |

ह/0
जिला समाज कल्याण पदाधिकारी,
गुमला

PR 343660 Women, Child Development & Social Security(24-25).D

# छत्तीसगढ़ में हुए नक्सली हमले की निंदा करते हुए शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले में मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा लोहरदगा जिला अध्यक्ष बाल्मीकि कुमार के नेतृत्व में संध्या 5 बजे पावरगंज चौक में छत्तीसगढ़ के बीजापुर में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया गया इस क्रम में भाजपायों ने शहीद जवानों के चित्र पर पुष्प एवं कैंडल जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दिया गया है मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू ने घटना की तीव्र भर्त्सना करते हुए कहा हैं कि ये घटना नक्सलियों की कायरता को मानसिकता को दर्शाता है ऐसी घटना की जितनी भी निंदा की जाए वो कम ही होगी इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के कार्य समिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, जिला महामंत्री संजय अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, रघुनंदन पौराणिक, अजय पंकज, अमरेश भारती, वाल्मीकि कुमार, सजल, बजरंग करवा, यशस्वी ओझा, विजय महतो, चंदन, शशांक, पीयूष, सत्यम, नीरज, शाहिद के साथ भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## लक्ष्य के अनुरुप धान अधिप्राप्ति केंद्र पर किसानों से की जाये धान की खरीदारी : बीडीओ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 07 जनवरी मंगलवार को प्रखंड से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं पर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में समीक्षात्मक बैठक आहुत की गई। बैठक में प्रविपदा0 ने प्रखंड से संचालित मनरेगा, अबूवा आवास, पीएम आवास 15 वीं वित, धान अधिप्राप्ति केंद्र पर अबतक हुई धान की खरीददारी एवं अन्य विकास योजनाओं पर संवंधित कर्मियों से विन्दुवार बैठक में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि वैसे आवास जो पुर्ण है अभिलेख बन्द किया जाये एवं राशि खाते में जाने के बाद अबतक कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं उसे हर हाल में चालू कराया जाये। प्रविपदा0 ने मनरेगा के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम में कर्मियों से 05-05 योजनाएँ लिये जाने का कर्मियों को दिये निर्देश। वही प्रखंड में सढ़ाबे स्थित लैम्पस धान अधिप्राप्ति केन्द्र पर विभाग के निर्देशानुसार लक्ष्य के अनुरुप धान की खरीददारी करने का बैठक में प्रविपदा0 के द्वारा संवंधित कर्मियों को निर्देश दिया गया। मौके पर बैठक में प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उराँव, बीपीओ, पंचायत सचिव पवन कुमार, शशि उराँव, जगु उराँव, रोजगार सेवक पंचम एतवा पहान, राजमणि कुमारी, मो0मंसुर, नन्दा भगत इत्यादि समीक्षा बैठक में उपस्थित थे।

## सदस्य संख्या में अव्वल पार्टी है भाजपा : ओम सिंह



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 22 दिसम्बर 2024 से शुरू सदस्यता अभियान जिला से मण्डल,पंचायत एवम बूथ स्तर तक पहुच चुकी है।14 जनवरी तक चलने वाली सदस्यता अभियान को लेकर वरिष्ठ से लेकर कनिष्ठ कार्यकर्ता अपने लक्ष्य को लेकर घर घर संपर्क करते हुए मोबाइल एवम पर्ची काट कर लोगो को सदस्य बनाते हुए भाजपा से जोड़ रहे है। इस क्रम में 7 जनवरी को मंडल अध्यक्ष अशोक साहू के नेतृत्व में भजपा जिला उपाध्यक्ष सह जिला सदस्यता अभियान संयोजक अजय पंकज, वरिष्ठ कार्यकर्ता ओम सिंह, एवम उमेश कांस्यकर द्वारा सेन्हा चौक में लगभग एक दर्जन दुकानदारों को मोबाइल के माध्यम से सदस्य बना कर भाजपा परिवार से जोड़। मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता ओम सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कई वर्षों से सदस्य संख्या के मामले में अन्य पार्टियों से अव्वल है।आज भारत की सबसे बड़ी पार्टी बन गयी के है।उन्होंने कहा कि आदरणीय नरेंद्र मोदी के प्रधान मंत्री बनने के बाद से लोग काफी संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।उन्हें भाजपा का सदस्य बनने में गौरव महसूस होता है। वही सदस्यता अभियान की जिला संयोजक अजय पंकज ने कहा कि एक -एक कार्यकर्ता सदस्यता अभियान में तन मन से जुटे हुए है।पिछली सदस्य संख्या से दोगुनी सदस्य बनाने का लक्ष्य हमने रखा है जो सौ प्रतिशत पूरी होगी। मौके पर जिला मीडिया प्रभारी विजय सोनी, मंडल उपाध्यक्ष नवल साहू, राज वर्मा, तान्या सोनी, प्राची सोनी खलील खान, जय प्रकाश महतो, विजय साहू, सहोदर साहू, सुरेंद्र साहू सुमन कुमार महतो, अक्षय कुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा स्थित सभागार में दूसरे दिन भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में उपस्थित शिक्षकों को रिसोर्स पर्सन के रूप में राहुल रंजन सिंह, विशाल साहदेव और रामचन्द्र गिरि ने संबोधित करते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति पुनः भारत को विश्वगुरु बनाने में सक्षम होगा और इसका सारा श्रेय शिक्षकों को जाएगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी स्तर के छात्रों के लिए सामानता, सजगता, सामाजिकता और सामुहिकता के बीच समन्वय दिखाई देगा। सबके लिए एक जैसा सिलेबस निर्धारित होंगे और कला, व्यवसाय तथा विज्ञान का सम्यक् ज्ञान प्रदान कर छात्रों का सर्वांगीण विकास मुख्य लक्ष्य होगा। रिसोर्स पर्सन राहुल रंजन सिंह ने कहा कि हमारी प्राचीन शिक्षा व्यवस्था काफी बेहतर थी। वर्तमान में पुनः उस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय का उदाहरण देते हुए कहा कि वहाँ नामांकन के लिए मुख्य द्वार पर तैनात द्वारपाल साक्षात्कार लेता था। रिसोर्स पर्सन विशाल साहदेव ने कहा कि हमारी वैदिक शिक्षा काफी उन्नत थी। विज्ञान और वेद के बीच समन्वय था। रिसोर्स पर्सन रामचन्द्र गिरि ने कहा कि जिस तरह उत्तम स्वास्थ्य के लिए लोग गाँव की ओर जाना पसन्द कर रहे हैं उसी प्रकार अच्छी शिक्षा के लिए चलो वन की ओर का नारा बुलंद करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शहर में स्थित भव्य भवन से अच्छी शिक्षा सुन्दर वन और शांत वातावरण में दिया जा सकता है। सेमिनार के संबंध में जानकारी देते हुए प्रशिक्षण प्रमुख नीति झा ने बताया कि सेमिनार में ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल एवं टायनी टास्क के कुल 60 शिक्षक/शिक्षिका उपस्थित हुए। विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत सीबीएसई के निर्देशन में सभी शिक्षकों को 25 घंटे का प्रशिक्षण प्राप्त करना आवश्यक है। और हमारे शिक्षक तन्मयता पूर्वक सेमिनार में प्रशिक्षण प्राप्त कर शिक्षा में गुणवत्ता लाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं।

## बाबा गोविंद दास के मठ में धूमधाम के साथ मनाया गया गुरु गोविंद सिंह जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** साइडिंग पावरगंज स्थित बाबा गोविंद दास जी के मठ में गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। सर्वप्रथम पुरोहित गोपाल पांडे जी के द्वारा पूजा, पाठ, अरदास, आरती के पश्चात कडाह प्रसाद का वितरण किया गया। महिलाओं के द्वारा सुखमणि साहब एवं जपजी साहब का पाठ किया गया। उसके पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोग शामिल हुए एवं भव्य भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गुरु गोविंद सिंह जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए पुरोहित गोपाल पांडे ने कहा की गुरु गोविंद सिंह जी का जन्म बिहार के पटना में हुआ था यह सिखों के दसवें गुरु थे और इन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की थी और देश धर्म की रक्षा हेतु अपने पूरे वंश का बलिदान दिया था उनके चार पुत्र, माता जी एवं उनके पिताजी ने इस देश धर्म के वास्ते अपनी शहीदी दी थी, आज हम सबको इनके दिखाएं रास्ते पर चलने की जरूरत है। समाज के अगुवा एवं विभिन्न धार्मिक संगठनों के संरक्षक श्री राजेंद्र खत्री ने कहा कि आज के दिन हम लोग बड़े उत्साह के साथ गुरु गोविंद सिंह जी की जयंती मना रहे हैं आने वाले वर्षों में इसे और भव्य रूप दिया जाएगा निवर्तमान वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने कहा की गुरु गोविंद सिंह जी के उपदेश थे कि कोई गरीब भूखा ना रहे, किसी के ऊपर जुल्म ना हो और सब अपने-अपने धर्म को अच्छी तरह मानते हुए चले, जात पात का भेदभाव ना हो, आज जरूरत है कि हम उनके दिखाएं रास्ते पर चले और समाज का कल्याण करें।

## अवैध बालू एवं परिवहन मामले में दो ट्रैक्टर जब्त



**सेन्हा-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अवैध बालू उठाव एवं परिवहन मामले में सेन्हा पुलिस ने दो ट्रैक्टर को जप्त किया गया. वही जप्त ट्रैक्टर पर खनन अधिनियम के तहत विधिवत कारवाई होगी। सेन्हा थाना क्षेत्र के कोयल नदी के जोगना घाट से अवैध बालू का खनन कर परिवहन करते हुए अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर को गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर टीम गठित कर पुलिस टीम एवं सेन्हा थाना पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में छापामारी अभियान चलाकर दो ट्रैक्टर को अवैध बालू का खनन कर परिवहन करते हुए कोयल नदी से जप्त कर सेन्हा थाना में सुरक्षित रखा गया है?। वही थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा कि जप्त दोनो ट्रैक्टर को अवैध बालू के साथ जब्त कर सुरक्षित थाना में रखते हुए अंचलाधिकारी मो0 मुदसर नजर मंजूरी के द्वारा जिला सहायक खनन पदाधिकारी को अग्रतर कारवाई हेतु सूचना कर दिया गया है। जिस पर अवैध बालू परिवहन मामला में सम्बंधित विभाग द्वारा विधिवत कारवाई किया जायेगा।

## जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** जिला कृषि कार्यालय प्रांगण में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त सिमडेगा श्री अजय कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी श्री मुनेंद्र दास ने उपायुक्त महोदय को पुष्प गुच्छ भेंट देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि उपायुक्त महोदय ने कार्यक्रम में उपस्थित जिले के सभी किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि हममें एक बात याद रखना आवश्यक है कि भारत एक कृषि प्रधान देश है इस प्रकार सिमडेगा जिला भी कृषि प्रधान है। लेकिन यहां की कृषि व्यवस्था जो है। उसमें लघु और सीमांत किसान सबसे अधिक है। सीमांत कृषक जो है जिले के एक लाख निबंधन में किसानों में से 60त्न है। जो की 2.5 एकड़ से कम भूमि में कृषि कार्य करते हैं और उसके बाद 18 से 20त्न ही लघु कृषक है जिनके पास 01 हेक्टर से 02 हेक्टर भूमि है जिसमें वह कृषि कार्य करते हैं। अब यहां का फसल कार्य वर्षा आधारित है। यहाँ के किसान वर्षा पर निर्भर करके अपनी खेती करते हैं। कहा जाय तो वे भगवान भरोसे खेती करते हैं, वर्षा अचछी हुई तो फसल भी अच्छी होती है।

# संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के प्राचार्य डॉ. फा. एफ्रेम बा का संत जेवियर्स रांची में स्थानांतरण

### डॉ. फा. रोशन बा बने संत जेवियर्स कॉलेज सिमडेगा के नये प्राचार्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** संत जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा के प्राचार्य डॉ. फादर एफ्रेम बा बुधवार से संत जेवियर्स कॉलेज रांची में अपनी सेवा देंगे। मंगलवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ फादर एफ्रेम बा को शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मियों और छात्रों ने भावभीनी विदाई दी। छात्रों ने इस अवसर पर विदाई गीत और अन्य कार्यक्रमों प्रस्तुत किए। डॉ फादर एफ्रेम बा ने अपने कार्यकाल के दौरान संत जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा को एक नई पहचान दी है। शिक्षा के प्रति उनके समर्पित कार्य के कारण आज जिले के बच्चे आसानी से उच्च डिग्री प्राप्त कर रहे हैं। डॉ. फादर एफ्रेम बा ने इस मौके पर अपने विचार रखें। उन्होंने विदाई समारोह आयोजित करने के लिए सबके प्रति आभार जताया। उन्होंने अपने कार्यकाल के लिए कालेज प्रबंधन का आभार जताया। नए प्राचार्य डॉ फादर रोशन बा ने पदभार ग्रहण किया डा. फादर रोशन बा ने संत जेवियर्स कॉलेज,सिमडेगा के नए प्राचार्य का पदभार ग्रहण करते हुए अपने संबोधन में कहा कि हम सिमडेगा को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने का काम करेंगे। जिले के गरीब बच्चों को भी उच्च शिक्षा देने की दिशा में लगातार प्रयास किया जाएगा। जिले के सभी गरीब बच्चों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

## युवा दिवस के शुभ अवसर पर एक शाम अंजन धाम के नाम : सचिन कुमार



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले में आने वाले रविवार को मां आंजन धाम महोत्सव 12 जनवरी 2025 को एक साथ दोपहर 3 बजे, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। जिसमें आप सभी हनुमान भक्त इस सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में आमंत्रित हैं। जिले के सभी धार्मिक और सामाजिक संगठन से अनुरोध है कि एक शाम आंजन धाम के नाम कार्यक्रम में आप सब आमंत्रित हैं। कार्यक्रम के राष्ट्रीय सचिव सचिन कुमार साहू,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चंदन गोयल एवं अशोक कासयकार के द्वारा मंगलवार को नगर में लोगों को निमंत्रण पत्र देकर एक शाम अंजन धाम के नाम लोगों को आने का निमंत्रण पत्र दिया गया है।

# नवोदय विद्यालय में पूर्ववर्ती छात्र संघ का हुआ गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जवाहर नवोदय विद्यालय जोगन में पूर्व छात्रों की एक बैठक हुई। जिसमें नवोदय विद्यालय पूर्ववर्ती छात्र समागम के साथ पूर्व छात्र संगठन का चुनाव किया गया। इस चुनाव में कलिंदर उरांव अध्यक्ष, सागर वर्मा सचि, गुलाम जिलानी कार्यकारी अध्यक्ष और नेसार अंसारी कोषाध्यक्ष चुने गए। चुनाव के बाद संघ के सचिव सागर वर्मा ने कहा की नवोदय विद्यालय भारतवर्ष के लगभग सभी जिलों में 1986 से शुरू की गई थी। प्रत्येक वर्ष जिले के होनहार 80 विद्यार्थियों का चयन इस विद्यालय में होता है ।इस तरह लोहरदगा जिला में अभी तक लगभग 3,000 विद्यार्थी यहां से शिक्षा प्राप्त कर चुके हैं और इसी तरह पूरे देश में लाखों छात्र यहां से लाभान्वित होकर आज देश सेवा में लगे हैं। जिसमें आज पांच सांसद, लगभग 30 विधायक, सैकड़ो आईएएस एवं आईपीएस हैं तथा विभिन्न उच्च पदों पर हजारों पूर्व छात्र अपनी सेवा दे रहे हैं। यह संगठन पूरे भारत में पिछले कई वर्षो से कार्य कर रही है और पूर्ववर्ती छात्रों का यह संगठन समाज सेवा के साथ-साथ अपने पूर्व छात्रों के जो देश सेवा एवं अन्य सेवा के कारण जिले से बाहर रह रहे।वैसे पूर्व छात्रों के परिवार के लोगों को किसी भी तरह की कोई परेशानी हो तो उस परेशानी को दूरका कार्य करती है तथा किसी भी तरह की दिक्कत हो तो उसे दूर करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। इसका उद्देश्य पूर्व छात्रों को समाज से जोड़कर सामाजिक कार्यो करना भी है। लोहरदगा जिला में यह चुनाव पहली बार हुई है और संगठन का निर्माण का उद्देश्य लोहरदगा जिले में पूर्ववर्ती छात्रों द्वारा जिले के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना एवं जो समाज हमें इतना कुछ दिया उस समाज के लिए कुछ कर गुजरना है। लोहरदगा जिला के लिए यह संगठन मिल का पत्थर साबित होगा। यह संगठन लोहरदगा का आवाज बनेगा। परंतु राजनीति से दूर रहेगा। यह जाति धर्म से ऊपर उठकर समाज के हितों में कार्य करेगा ।अध्यक्ष कलिंदर उरांव ने कहा कि पूर्ववर्ती छात्र पूरे देश के लगभग प्रत्येक गांव में है इस तरह लोहरदगा के भी सभी गांव में 5 से 10 की संख्या में मौजूद है उनको जोड़कर इस संगठन को मजबूत एवं सुदृढ़ बनाना है जिससे यह संगठन समाज के हित में कार्य कर सके और जो नवोदय विद्यालय हमेंसुनहरा भविष्य दिया है। जो कुछ हमने विद्यालय से सीखा है। उसे अब समाज को लौटाने का समय आ गया है। हम संगठित होकर समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष गुलाम जिलानी ने कहा की जाति धर्म से ऊपर उठकर समाज का कार्य करना है। हर दबे कुचले का भला करना है। पहले हम संगठन को मजबूत कर लें। अपने एक-एक लोगों को साथ में जोड़कर इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे और सामाजिक कार्यो में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। हम सामाजिक और शैक्षणिक कार्यो में जिले को आगे ले जाने की पुरजोर कोशिश करेंगे। तथा समाज में फैले विद्रेष को दूर कर सामाजिक सौहार्द लाने की हर संभव कोशिश करना है।

# भाजपा नेता श्रद्धानन्द से मिले पीड़ित दुकानदार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** सिमडेगा नगर में छोटे छोटे ठेला खोंमचा लगाकर जीवन व्यतीत कर रहे व्यवसायों को विगत दिनों नगर परिषद एवं प्रशासन के द्वारा हटाए जाने से इन लोगों का व्यवसाय ठप्प हो गया, इससे रोजमर्रा व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे लोगों के बीच विकट स्थिति हो गई है। इससे प्रभावित लोगों से पुर्व प्रत्याशी श्रद्धानंद बेसरा ने अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में मुलाकात किया और अस्वस्थ कराते कहा कि आप सभी लोगों की समस्या बहुत गंभीर समस्या है, झारखंड सरकार गठित होते ही सरकार का रवैया छोटे छोटे व्यवसाय कर रहे व्यवसायों को हटाने का काम किया जा रहा है जो निंदनीय है इसके विरुद्ध में आप सभी व्यवसाय करने वालों की मांग को लेकर एसडीओ सिमडेगा से मुलाकात कर समस्याओं को रखी जाएगी और समाधान हेतु मांग किया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से आजसू जिला अध्यक्ष दीपेन्द्र पांडे, दीप नारायण दास, वरूण सिंह और प्रभावित व्यक्ति उपस्थित थे।

## भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती रजिस्ट्रेशन आज से

**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** देश में भारतीय वायुसेना में अग्निपथ स्कीम के अन्तर्गत अग्निवीर वायु भर्ती के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 7 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक होंगे। विंग कमांडर ने बताया कि इच्छुक अविवाहित पुरुष एवं महिलाएं उम्मीदवार भर्ती से संबंधित सभी नियमों की विस्तृत जानकारी भारतीय वायुसेना की आधिकारिक वेबसाइट https://agnipathvayu.cdac .in से प्राप्त कर सकते हैं। उम्मीदवार अग्निवीर की भर्ती के लिए वेबसाइट पर लॉग इन कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 12वीं उत्तीर्ण स्टूडेंट्स 1 जनवरी 2005 से 1 जुलाई 2008 (दोनों दिनांक सहित) के बीच जन्मे अविवाहित पुरुष एवं महिलाएं उम्मीदवार इस भर्ती के लिए पात्र होंगे। **अग्निवीर वायु भर्ती के लिए ये मांगी है एजुकेशन क्वालिफिकेशन**

इस भर्ती के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैथिमेटिक्स, फिजिक्स और इंग्लिश विषय में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं पास होना चाहिए/ / 2 वर्षीय वोकेशनल कोर्स / 3 वर्षीय इंजीनियरिंग डिप्लोमा पास होना आवश्यक है। साइंस स्ट्रीम के अलावा, अन्य संकाय के कैंडिडेट्स भी अप्लाई कर सकते है। इसके लिए अभ्यर्थी डिटेल्स में शैक्षणिक योग्यता की जांच करने के लिए पोर्टल पर नोटिफिकेशन देख सकते हैं। साथ ही, योग्यता संबंधित अन्य डिटेल्स की जांचख् करने के लिए पोर्टल पर विजिट करना होगा। **इन डॉक्यूमेंट्स की होगी जरूरत**

कक्षा 10 की मार्कशीट, सीओएएफपी प्रमाणपत्र, कक्षा 12वीं पास प्रमाणपत्र (या) 3 साल का इंजीनियरिंग डिप्लोमा, फाइनल वर्ष की मार्कशीट (या) 2 साल की व्यावसायिक पाठ्यक्रम की मार्कशीट, पासपोर्ट आकार की लेटेस्ट फोटोग्राफ, उम्मीदवार के बाएं हाथ के अंगूठे के निशान वाली छवि, उम्मीदवार की हस्ताक्षर छवि। **न्यूनतम ऊंचाई**

### चलते चलते एक नजर

## आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने पर सहमत हुए भारत और मलेशिया



**नई दिल्ली :** भारत और मलेशिया ने आधिकारिक स्तर की पहली सुरक्षा वार्ता में आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने के लिए सहमति जताई है। यहां मंगलवार को सुरक्षा वार्ता की सह-अध्यक्षता भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और मलेशिया की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के महानिदेशक राजा दातो नुशीरवान बिन जैनल आबिदीन ने की। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि सुरक्षा वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा वातावरण पर विचारों का आदान-प्रदान किया और सुरक्षा, रक्षा और समुद्री क्षेत्रों में चल रहे द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा की। दोनों पक्ष आतंकवाद और कट्टरपंथ से निपटने, साइबर सुरक्षा, रक्षा उद्योग और समुद्री सुरक्षा में सहयोग को बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने महत्वपूर्ण खनिजों और दुर्लभ पृथ्वी में सहयोग बढ़ाने के तरीकों की भी खोज की। वार्षिक बैठकें आयोजित करके वार्ता को संस्थागत बनाने पर सहमति बनी। दरअसल, यह सुरक्षा वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर अगस्त 2024 में मलेशिया के प्रधानमंत्री दातो सेरी अनवर इब्राहिम की भारत यात्रा का परिणाम है। इस यात्रा के दौरान भारत-मलेशिया द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी तक बढ़ाया गया तथा दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की।

## अंचल की शिकायत लेकर पीड़ित पहुंचा मंत्री डॉ इरफान के जनता दरबार में

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के जनता दरबार में नगड़ी अंचल के पुनदाग में रहने वाले इसरत आलम ने अपनी पीड़ा सुनाई कि वे पांच भाई हैं। सभी भाइयों के नाम पर पुनदा स्थित14 डिसमिल भूमि घर बनाने के लिए खरीदी है. जिसका खाता नं0-260प्लान नं0-3945और रकबा14डिसमिल है। लेकिन ऑनलाइन रिकार्ड में सिर्फ 04 डिसमिल दिख रहा है। इसके सुधार के लिए एक साल से अंचल अधिकारी के पास आवेदन देकर कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक सुधार से संबंधित कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब इसरत आलम को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी से उम्मीद है। वहीं रकबा सुधार के लिए एक साल से अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे इसरत आलम ने कहा कि राजस्व कर्मचारी, सीआई और ऑपरेटर जानबूझ कर आवेदन को पेंडिंग रखते हैं और पैसा का डिमांड करते हैं। मेरे ऑनलाइन सुधार के लिए दस हजार रुपए की मांग की जा रही है। पैसा नहीं देने पर एक साल से सीओ ऑफिस का चक्कर लगा रहा हूं।

# कोलकाता में संत मरियम के छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** संत मरियम विधालय के 6 बाल कराटेकार ने कोलकत्ता में तृतीय खेलो इंडिया खेलो ओपेन नेशनल कराटे चैम्पियनशिप के कुमिते और काता इवेंट में अपने वेट में अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन करते हुए तीन गोल्ड, तीन सिल्वर मेडल और चार ब्राउज मेडल की जीत अपने नाम किया। जिनका नाम इस प्रकार है :- शुभम कुमार सिंह कुमिते और काता में दो गोल्ड मेडल, रितू राज कुमिते और काता में दो सिल्वर मेडल,रितिक कुमार सिंह कुमिते में गोल्ड और काता में ब्राउज मेडल,अभिषेक कुमार सिंह कुमिते और काता में दो ब्राउज मेडल, गौरव कुमार सिंह कुमिते में सिल्वर मेडल युवराज कोरवा कुमिते में ब्राउज मेडल इत्यादि। यह चैम्पियनशिप शितो-रियु कराटे डू फेडरेशन के तत्वावधान में वेल्स गूलोबल स्कूल, हावड़ा में 5 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। यह टीम शिहान संतोष कुमार के नेतृत्व में कलकत्ता के लिए गई थी जब कि टीम मैनेजर अमित कुमार प्रजापति को नियुक्त किया गया था। विधालय के चेयरमैन अविनाश देव ने इस बड़ी उपलब्धि के लिए बाल कराटेकारो को साथ- साथ प्रशिक्षक को भी शुभकामनाएं देकर उज्जवल भविष्य कि कामना किया।


## बीपीएससी अभ्यर्थियों को सुप्रीम कोर्ट से झटका, याचिका पर सुनवाई से इनकार



एजेंसी

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की प्री-लिम्स परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ता को पहले पटना हाई कोर्ट जाने की सलाह दी।कोर्ट ने कहा कि वह छात्रों और प्रदर्शनकारियों की भावनाओं को समझता है, लेकिन उन्हें पहले पटना हाई कोर्ट का रुख करना चाहिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वकील ने कहा कि प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। पटना हाई कोर्ट इस मामले पर संज्ञान ले सकता था, लेकिन ऐसा न होने पर सुप्रीम कोर्ट का रुख किया गया था। याचिका में इस परीक्षा में व्यापक धांधली का आरोप लगाते हुए इसकी जांच सुप्रीम के रिटायर्ड जज की निगरानी में कराने और प्रदर्शनकारी छात्रों पर लाठीचार्ज के जिम्मेदार जिले के एसपी और डीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई थी।

## दिल्ली में मतदाता जागरूकता पर 21-23 तक होगी ऑनलाइन क्विज़



एजेंसी

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रीय राजधानी में स्वीप (एसवीईईपी) 21 से 23 जनवरी के बीच एक ऑनलाइन क्विज़ आयोजित करेगा। विजेताओं को 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा। स्वीप देशभर में मतदाता जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए चुनाव आयोग का एक प्रमुख कार्यक्रम है।दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने मंगलवार को कहा कि आगामी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के हिस्से के रूप में मतदाता जागरूकता और सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए स्वीप के तत्वावधान में एक ऑनलाइन क्विज़ कार्यक्रम शुरू किया है। उन्होंने कहा कि क्विज़ के लिए पंजीकरण 6 जनवरी से शुरू हो गया है और यह 19 जनवरी तक खुला रहेगा। क्विज़ 21 से 23 जनवरी तक ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। दिल्ली के सभी पंजीकृत मतदाताओं और कक्षा 9 से ऊपर के विद्यार्थी इसमें भाग ले सकेंगे।उन्होंने कहा कि क्विज़ के लिए प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपये का होगा। कुल 33 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे, जिनमें प्रत्येक जिले से विजेताओं का चयन किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को भागीदारी का प्रमाण पत्र भी मिलेगा। विजेताओं को 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस समारोह के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

## किसानों को नई कृषि विधियां दे रही उड़ान



एजेंसी

**बागपत :** कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक कृषि की नई तकनीक की जानकारी कार्यशाला में दे रहे हैं। प्रगतिशील किसानों की कृषि विधियों का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। विकास खंडों पर कृषि संगोष्ठियों में मृदा स्वास्थ्य कार्ड और सॉयल टेस्टिंग पर जोर दिया जा रहा है। ऐसे किसान सम्मानित भी किए जा रहे हैं।

कृषि विभाग ओर कृषि विज्ञान केंद्र खेकड़ा में एक दिवसीय उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रेता प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस का मुख्य उद्देश्य गन्ने की खेती में संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन और समेकित रोग व कीट प्रबंधन के बारे में किसानों और कीटनाशक विक्रेताओं को जागरूक करना था। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने गन्ना उत्कृष्टता केंद्र का निरीक्षण किया और कार्यशाला में उपस्थित कीटनाशक विक्रेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि गन्ने की बेहतर पैदावार और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए किसानों को सही और प्रमाणित कीटनाशकों का उपयोग करना चाहिए। नई तकनीक से खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रगतिशील किसानों की कृषि विधियों के मॉडल से अन्य किसानों को भी इन विधियों और नई तकनीकों से जोड़ा जा रहा है। ताकि वे अपनी पैदावार और आय में सुधार कर सकें। कार्यक्रम में एसडीएम खेकड़ा ज्योति शर्मा, कृषि वैज्ञानिक/कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी विकास मलिक, जिला कृषि अधिकारी बाल गोविंद यादव आदि उपस्थित रहे।

### एम.एस.ए स्कूल में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी, बच्चों का प्रतिभा देख गदगद हुए पैरैंट्स

# प्रत्येक बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा निखारना है लक्ष्य : शफीक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनिनगर :** पोखराहा खुर्द स्थित एम.एस.ए पब्लिक स्कूल में पेरेंट्स टीचर मीटिंग व विज्ञान प्रदर्शनी का शानदार आयोजन किया गया7 इसमें सड़क सुरक्षा, सौर मंडल, पर्यावरण सुरक्षा, कम्प्यूटर जेनरेशन, दे-नाइट सिस्टम, वॉल्केणो, रेन डिटेक्टर, सोलर सिस्टम, ग्रीन हाउस, चंद्रयान 3, हाइड्रोलिक ब्रिज व सौर ऊर्जा सहित अलग-अलग विषयों पर अनेको मॉडल प्रदर्शित किया। प्रदर्शनी में छोटे छोटे बच्चों ने भी बढ़चढ भाग लिया उनके द्वारा भी बनाए गए अनेको हैंडक्राफ्ट मॉडल प्रदर्शनी में लगाया गया था। इस आयोजन में स्कूल प्रबंधन ने विद्यार्थियों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया था। विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए अभिभावकों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल और उनकी प्रतिभा की सराहना की।स्कूल संस्थापक मों शफीक अंसारी ने कहा की आज विज्ञान का युग है। छात्र जीवन में वैज्ञानिक सोच व विज्ञान के प्रति अभिरूचि विकसित करने के लिए विज्ञान प्रदर्शनी जैसा कार्यक्रम बेहद जरूरी है। मीटिंग व विज्ञान प्रदर्शनी के बाद सभी अभिवावकों के उपस्थिति में अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें फर्स्ट सेकेंड ओर थर्ड स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों के साथ साथ टॉप 10 में जगह बनाने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। मीटिंग में सभी अविभावकों को अपार आइडी के बारे में भी जानकारी दिया गया ओर उसे बनाने में स्कूल प्रबंधन को सहयोग करने का अपील किया गया। इस कार्यक्रम में मंजीत यादव, सत्येंद्र विश्वकर्मा, सुनील सिंह, नंदू राम, रुस्तम शाह, सहवाज सलाउद्दीन, सतनारायण पासवान, मनोहर सिंह, सत्येंद्र पासवान, रिंकी देवी, अनुराग पासवान, इमरान अहमद सहीत सैकड़ों की संख्या में अभिभावक ऊपस्थित थे।

## चुनावी वादों से पीछे हटकर झामुमो-कांग्रेस जनता के विश्वास के साथ धोखा कर रहे : बाबूलाल

**रांची:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस प्रभारी पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि गठबंधन का बहाना बनाकर और चुनावी वादों से पीछे हटकर झामुमो-कांग्रेस जनता के विश्वास के साथ धोखा कर रहे हैं। मरांडी ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि चुनाव से पहले कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी ने घोषणा की थी कि एक दिसंबर से हर परिवार को 450 रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा लेकिन अब चुनाव में जीत के बाद कांग्रेस के नेता और वित्त मंत्री का रुख बदल गया है। वे अब कह रहे हैं कि 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने के लिए गठबंधन के साथी झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की मंजूरी जरूरी है।

# मुख्यमंत्री ने 109 करोड़ रुपये की योजनाओं की दी सौगात




एजेंसी

**पटना :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के दौरान सीवान जिले को लगभग 109 करोड़ रुपये की योजनाओं की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 127 विकासात्मक योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें 83 करोड़ 47 लाख 37 हजार रुपये की लागत से 122 योजनाओं का उद्घाटन तथा 25 करोड़ 38 लाख 27 हजार रुपये की लागत से 5 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने प्रगति यात्रा के क्रम में पचरुखी प्रखंड के ग्राम नारायणपुर में प्रस्तावित सीवान-बाईपास का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मैप के माध्यम से प्रस्तावित सीवान-बाईपास के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस प्रस्तावित पथ का कार्य यथाशीघ्र शुरू कराएं।इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सीवान जिले के हुसैनगंज प्रखंड स्थित मचकना पंचायत के ग्राम करहनु में जल-जीवन हरियाली अभियान के तहत सौंदर्गीकृत कराए गए तालाब का निरीक्षण किया।

तालाब निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस तालाब के चारों तरफ सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं। इससे लोगों को सहूलियत मिलेगी।मुख्यमंत्री ने करहनु गांव के वार्ड संख्या-2 में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया और बच्चों के पठन-पाठन के विषय में जानकारी ली। अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करहनु, हुसैनगंज का भी मुख्यमंत्री ने निरीक्षण कर ओपीडी कक्ष और टेली मेडिसिन आदि का जायजा लिया।

# महाकुम्भ में देवलोक की अनुभूति कराएंगे तीस पौराणिक तोरण द्वार




एजेंसी

**महाकुम्भ नगर :** पूरी दुनिया का स्वागत करने के लिए तीर्थो के राजा तीर्थराज प्रयागराज तैयार हैं। महाकुम्भनगर में प्रवेश करते ही समुद्र मंथन के 14 रत्न सभी श्रद्धालुओं का वंदन करेंगे। जैसे ही आगे बढ़ेंगे शिव शम्भु का विशाल डमरू दिखेगा। इसके साथ ही कच्छप, समुद्र मंथन और नंदी द्वार भी श्रद्धालुओं का स्वागत करेंगे। महाकुम्भ में 30 पौराणिक तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं, जो श्रद्धालुओं को देवलोक की अनुभूति कराएंगे।प्रदेश के कई हिस्सों से आए कारीगरों ने निभाई भूमिका मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार के महाकुम्भ को सभी कुम्भों से अधिक दिव्य और भव्य बनाना चाहते हैं। इसी के तहत देश दुनिया से यहां आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। सबसे खास बात ये है कि यहां की तैयारियां कुछ इस तरह की गई हैं कि महाकुम्भ की आभा देख लोगों को एक अलग तरह की दुनिया का एहसास होगा। महाकुम्भ में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं को देवलोक की दिव्य अनुभूति होगी। यहां 30 अलग अलग पौराणिक महत्व के तोरण द्वार बनाए गए हैं। प्रदेश भर से आए कारीगरों ने पूरे उत्साह से इसे अंजाम दिया है।महाकुम्भनगर में श्रद्धालुओं को बहुत ही मनोहारी दृश्य दिखाई पड़ेगा। यहां की पौराणिकता आने वाले श्रद्धालुओं को दिव्यता से भर देगी। सबसे पहले मेला क्षेत्र में प्रवेश करते ही 14 रत्न आपका स्वागत करने के लिए तत्पर दिखाई पड़ेंगे। इसमें ऐरावत, कामधेनु गाय, घोड़ा, कौस्तुभ मणि, कल्पवृक्ष, रंभा अप्सरा, महालक्ष्मी, चंद्रमा, शारंग धनुष, शंख, धन्वंतरि, अमृत आदि शामिल हैं।

## सुकमा में सुरक्षाबलों ने दस किलो के आईईडी को किया डिफ्यूज

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोंटा-गोलापल्ली रोड में बेलपोच्चा के समीप नक्सलियों के लगाए गए 10 किलोग्राम क्षमता के आईईडी बम को सुरक्षाबलों ने मंगलवार को बरामद किया। जवानों ने आईईडी बम को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया। सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की एक संयुक्त टीम सुकमा जिले के कोंटा थाना क्षेत्र के कोंटा गोलापल्ली रोड के बेलपोच्चा के पास सर्चिंग पर निकली हुई थी। इस दौरान जवानों ने इस सड़क से डिमाइनिंग करते 10 किलो एक आईईडी बम बरामद किया। उक्त आईईडी बम को नक्सलियों ने फ़ोर्स के जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए यहां प्लांट कर रखा था। जवानों की सूझबूझ के चलते एक बड़ी घटना टल गई। बम बरामद करने के बाद फ़ोर्स ने तत्काल ही मौके पर उक्त आईईडी बम को निष्क्रिय कर दिया। कोंटा एएसपी आकाश राव ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को फ़ोर्स को बड़ी सफलता मिली है।

# भाजपा ने संभल में अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई : अखिलेश



एजेंसी

**लखनऊ :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने संभल में जानबूझकर अफसरों के माध्यम से हिंसा करवाई और मासूम लोगों पर अत्याचार किया। सपा का प्रतिनिधिमंडल जब संभल गया तो उसे रोका गया। वहां जाने नहीं दिया गया। आखिर सरकार क्या छिपाना चाहती थी। उन्होंने कहा कि इस घटना के माध्यम का माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा दरार वादी पार्टी है। इन लोगों का इंसानों के जीवन से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा हृदयहीन पार्टी है।इसके पहले, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने संभल हिंसा से संबंधित रिपोर्ट मीडिया के सामने रखी। उन्होंने कहा कि संभल में मस्जिद का सर्वे कराने को लेकर जानबूझकर तनाव पैदा किया। सर्वे करने जाने वाली टीम में भाजपा के लोग शामिल थे और जब विवाद बढ़ गया तो भीड़ को हटाने के लिए पुलिस ने आंसू गैस का इस्तेमाल नहीं किया गया बल्कि सीधे गोली चला दी गई।

इस घटना से प्रदेश का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास किया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के दो पहिये हैं एक अन्याय और दूसरा भ्रष्टाचार। ये लोग भ्रष्टाचार के मामलों को दबाने के लिए प्रदेश में जगह-जगह हिंसा कर रहे हैं। अधिकारी अन्याय की सभी सीमाओं को पार कर रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने योगी सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि मिल्कीपुर में सबसे साफसुथरा चुनाव होने जा रहा है। मीडिया के लोगों को भी वहां कैमरा लेकर जाना चाहिए ताकि पता चल सके कि वहां कैसे चुनाव हो होते हैं। अभी जब नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए थे तो देखा गया था कि प्रशासन की मदद से लोगों को वोट नहीं करने दिया गया। बूथों पर पुलिसकर्मियों को तैनात कर दिया गया और वोट नहीं करने दिया गया।